महानगर नई दिल्ली मंगलवार 4 फरवरी, 2020, रु. 5.00 (14 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

## अराजकतावादी और आतंकवादी में ज्यादा फर्क नहीं : जावडेकर

नई दिल्ली, 3 फरवरी (भाषा)।



केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर ने सोमवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्वयं को 'अराजकतावादी' बताया था और 'एक अराजकतावादी और आतंकवादी में बहुत ज्यादा का फर्क नहीं होता है।'

केजरीवाल को 'आतंकवादी' कहने को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के बाद जावडेकर ने यह बयान दिया है। इस संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भी मौजूद थे। गुरुवार को चुनाव आयोग ने पश्चिम दिल्ली से भाजपा सांसद वर्मा को केजरीवाल को कथित तौर पर एक 'आतंकवादी' कहने के लिए एक कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इधर, सोमवार को जावडेकर ने 'पंजाब विधानसभा चुनावों के दौरान केजरीवाल के मोगा में बाकी पेज 8 पर

## दिल्ली दंगल में हमलावर हुए प्रधानमंत्री मोदी, कहा

# शाहीन बाग में संविधान और तिरंगे की आड़ में साजिश

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीलमपुर, शाहीन बाग और जामिया में सीएए विरोधी प्रदर्शनों पर कड़ी टिप्पणी की। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली में ऐसे प्रदर्शन संयोग नहीं, बल्कि प्रयोग है। इस प्रयोग के पीछे राजनीति का ऐसा डिजाइन है, जो राष्ट्र को खंडित करता है। प्रधानमंत्री ने सोमवार को दिल्ली में अपनी पहली चुनावी सभा को कड़कड़डूमा के सीबीडी मैदान में संबोधित किया और लोगों से भाजपा प्रत्याशियों वोट देने की अपील की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि संविधान–तिरंगे की आड़ में लोगों को ज्ञान बांटा जा रहा है और षड्यंत्र कर वास्तविक स्थिति से ध्यान भटकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान न्याय का आधार है। किसी भी विरोध–प्रदर्शन से साामान्य नागरिकों को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। इस प्रदर्शन के दौरान हिंसा हुई और सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट ने भी इस पर नाराजगी जताई है। हंगामा करने वालों पर तंज कसते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रदर्शनकारी कोई बात नहीं मानते पर बात संविधान की करते हैं। प्रधानमंत्री ने इसे तुष्टीकरण की राजनीति बताया और कहा कि ऐसे लोगों के हाथों में दिल्ली सुरक्षित नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इन प्रदर्शनों से दिल्ली–नोएडा वालों को दिक्कत हो रही है। वे लाग चुप व शांत हैं। इस राजनीति को देखकर नाराज भी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस विरोधी मानसिकता को यही रोकना होगा। अन्यथा यह अन्य इलाकों में जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आम जनता के मत की ताकत से ही इसे रोका जा सकता है, इसलिए दिल्ली को बदलने के लिए कमल के पक्ष में मतदान करें। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस की भी आलोचना करते हुए कहा कि जिन लोगों ने बटला हाउस मुठभेड़ पर सवाल खड़े किए थे वे 'टुकड़े टुकड़े' नारे लगाने वालों को बचा रहे हैं। उन्होंने कहा, सर्जिकल स्ट्राइक के समय भी विपक्षी दलों ने जवानों को कठघरे में खड़ा किया था, ये लोग देश की सेना पर भी शक करते हैं। उन्होंने 'आप' पार्टी को घेरते हुए कहा कि ये लोग राजनीति बदलने आए थे लेकिन अब इनका नकाब उतर चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली के विकास में पूर्वांचल के लोगों की बड़ी भूमिका है। इनसे भी दिल्ली में नफरत हो रही है और पूर्वांचल के प्रति इस दुर्भावना से उन्हें दर्द होता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सभी गरीब परिवारों को 2022 तक पक्का घर मुहैया कराएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक 2 करोड़ घर बनाए जा चुके है और जल्द दो करोड़ नए घर आने वाले सालों में बनेंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना से दिल्ली अब तक एक भी घर नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी जब तक सत्ता में रहेगी लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को रोकती रहेगी। प्रधानमंत्री कहा कि भाजपा सकारात्मकता में विश्वास करती है और देश हित हमारे लिए सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि भारत नफरत की राजनीति से नहीं बल्कि विकास की नीति से चलेगा।

प्रधानमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने 17 से 70 सालों से फंसे विवादित मामलों को सत्ता में आने के बाद मंजूरी दी है। इनमें अनुच्छेद 370 हटाने, अयोध्या बाकी पेज 8 पर



फोटो : अरुष चोपड़ा

*शाहीनबाग*, जामिया और सीलमपुर प्रदर्शन केवल संयोग नहीं बल्कि प्रयोग।
*प्रदर्शनकारी* कोई बात नहीं मानते पर बात संविधान की करते हैं।
*बटला हाउस* मुठभेड़ पर जिन्होंने सवाल खड़े किए, वे ही 'टुकड़े टुकड़े' नारे लगाने वालों को बचा रहे हैं।

## लोकसभा में ठाकुर और वर्मा का जोरदार विरोध

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

दिल्ली विधानसभा के चुनाव प्रचार के दौरान आपत्तिजनक बयान देने के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा को सोमवार को लोकसभा में विपक्ष के जोरदार विरोध का सामना करना पड़ा।





प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस समेत विपक्षी सदस्यों ने वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर का भी जोरदार विरोध किया। विपक्षी सदस्यों ने संशोधित नागरिकता कानून, राष्ट्रीय जनसंख्या बाकी पेज 8 पर

## 'शीर्ष नेताओं की सहमति से दिए जा रहे भड़काऊ बयान'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 3 फरवरी।



गौरव गोगोई

कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि कुछ केंद्रीय मंत्री अपने शीर्ष नेताओं की मौन सहमति से भड़काऊ बयान देकर देश को बांटने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन देश में इस नफरत की राजनीति की जगह उम्मीद बाकी पेज 8 पर

### केरल में कोरोना विषाणु राज्य आपदा घोषित

## कोरोना वायरस के तीसरे मामले की पुष्टि

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

भारत में कोरोना वायरस से संक्रमण के तीसरे मामले की पुष्टि हुई है। यह मामला भी केरल से ही है। केरल सरकार ने इस वायरस को राज्य आपदा घोषित कर दिया है।

इस बीच, देश में घातक कोरोना वायरस संक्रमण को काबू में करने के लिए तैयारियों की समीक्षा, निगरानी और मूल्यांकन के लिए गठित एक मंत्रिसमूह की सोमवार को पहली बैठक हुई। मंत्रिसमूह में केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन, हरदीप पुरी, एस जयशंकर, जी किशन रेड्डी, अश्विनी कुमार चौबे और मनसुख लाल मंडाविया शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मंत्रियों को कोरोना वायरस के तीन पुष्ट मामलों के बारे में जानकारी दी गई जो केरल से सामने आए हैं। साथ ही मंत्रियों को कोरोना वायरस संक्रमण को काबू में करने के लिए उठाये गए कदमों के बारे में भी अवगत कराया गया।

मंत्रिसमूह ने चीनी यात्रियों और पड़ोसी देश में रह रहे विदेशियों के लिए ई..वीजा सुविधा निलंबित करने की सरकार द्वारा की गई घोषणा और जारी ताजा परामर्श पर गौर किया जिसमें कहा गया है कि 15 जनवरी से जिस किसी का भी चीन की यात्रा का इतिहास है उसे पृथक इकाई में रखा जा सकता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि बाकी पेज 8 पर



*कोरोना* वायरस के मामलों पर नजर रखने के लिए मंत्रिसमूह की बैठक हुई।

## यूपी से चार दिन में पीएफआइ के 108 सदस्य गिरफ्तार

लखनऊ, 3 फरवरी (भाषा)।

*लखनऊ* में 14, बहराइच में 16, सीतापुर में 3, मेरठ में 21, गाजियाबाद में 9, मुजफ्फरनगर में 6, शामली में 7, बिजनौर में 4, वाराणसी में 20, कानपुर में 5, गोंडा, हापुड़ और जौनपुर में एक–एक पीएफआइ सदस्य गिरफ्तार हुए।

संशोधित नागरिकता कानून का विरोध करने के आरोप में उत्तर प्रदेश पुलिस ने पिछले चार दिनों में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उसके 108 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले पीएफआइ से संबद्ध 25 और लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

अपर मुख्य सचिव (गृह) अवनीश अवस्थी ने सोमवार को यहां पत्रकारों को बताया कि पिछले चार दिनों में उत्तर प्रदेश में पीएफआइ के 108 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभी शुरुआत है। हम इनकी बाकी पेज 8 पर

## भाजपा ने हेगड़े को कारण बताओ नोटिस जारी किया

जनसत्ता ब्यूरो/भाषा
नई दिल्ली बंगलुरु, 3 फरवरी।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ टिप्पणी को लेकर सांसद अनंतकुमार हेगड़े को सोमवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

कर्नाटक भाजपा प्रमुख नलिन कुमार कटील ने यहां बताया कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने नहात्मा गांधी के खिलाफ हेगड़े की टिप्पणियों पर कड़ा ऐतराज जताया है और उन्हें नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। इससे पहले बाकी पेज 8 पर

**भारत में रहने की जिद** पाकिस्तान से पर्यटक वीजा पर आए हैं परिवार, वापस नहीं जाने पर अड़े

## 50 हिंदू परिवारों ने मांगी नागरिकता

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर जारी बहस के बीच सोमवार को पाकिस्तान से 50 हिंदू परिवारों का जत्था पर्यटक वीजा पर भारत पहुंचा है। इन परिवारों का कहना है कि वे अब भारत में ही रहना चाहते हैं। आने के साथ ही उन्होंने अमृतसर में स्थानीय प्रशासन के जरिए विदेश मंत्रालय को अपनी मांग भेज दी है।

सीएए के तहत उन लोगों को नागरिकता दी जानी है, जो 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए हैं। लेकिन इन परिवारों का कहना है कि वीजा अवधि खत्म होने के बावजूद वे पाकिस्तान वापस नहीं लौटेंगे। इससे पहले 31 जनवरी को दो सौ हिंदू परिवारों का जत्था पाकिस्तान से भारत आ गया था।

सोमवार को पंजाब के अमृतसर में स्थित वाघा–अटारी सीमा (भारत–पाक सीमा) को पार करके ये 50 हिंदू परिवार भारत आए। इन लोगों ने 25 दिन का वीजा लिया है। इन हिंदू परिवारों ने हरिद्वार जाने की इच्छा जताई है। ये सभी पाकिस्तानी हिंदू नागरिक पर्यटक वीजा पर भारत आए हैं। नियमों के मुताबिक, वीजा की तय सीमा खत्म होने के बाद इन्हें पाकिस्तान लौट जाना होगा।

लेकिन इन लोगों ने वापस नहीं जाने की इच्छा जताई है। इसी जत्थे में शामिल लक्ष्मण दास ने अमृतसर में मीडियाकर्मियों से कहा कि हरिद्वार में गंगा स्नान करने के बाद मैं अपने भविष्य के बारे में सोचूंगा। हालांकि, मैं भारत में ही रहना चाहता हूं। लक्ष्मण दास व उनके साथी भारी–भरकम सामानों के साथ पहुंचे हैं।

विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने इस जत्थे की मांग पत्र को बाकी पेज 8 पर



*हिंदू* परिवारों ने 25 दिन का वीजा लिया है। इन हिंदू परिवारों ने हरिद्वार जाने की इच्छा जताई है।






www.readwhere.com

### जामिया मिल्लिया इस्लामिया गोलीबारी घटना

# दोपहिया वाहन की तलाश शुरू

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

***जामिया** मिल्लिया इस्लामिया के बाहर दो राउंड चली थी गोली*

***सीसीटीवी** फुटेज और वीडियो के आधार पर की जा रही है जांच*

पुलिस जामिया मिल्लिया इस्लामिया के गेट नंबर सात के पास रविवार देर रात गोलीबारी करने वाले आरोपियों की तलाश दोपहिया वाहन के पंजीकरण नंबर के आधार पर कर रही है। सबूत के तौर पर पुलिस को कुछ सीसीटीवी फुटेज और वीडियो मिले हैं। एक फुटेज में दिख रहा है कि वाहन के पीछे बैठा आरोपी हवा में दो गोलियां चला रहा है। गोली चलने की घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी फैल गई थी। उसके बाद गुस्साए सैकड़ों प्रदर्शनकारी जामिया नगर पुलिस थाने पहुंचे और सुबह चार बजे तक थाने का घेराव किया। ये प्रदर्शनकारी आरोपियों के खिलाफ जल्दी से मुकदमा दर्ज उन्हें गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि इलाके में चार दिनों के भीतर गोली चलने की यह तीसरी घटना है। बावजूद पुलिस इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लापरवाही बरत रही है।

वहीं, जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्रों के एक समूह ने सोमवार को आरोप लगाया कि 'सत्ता में बैठे' लोगों ने गुंडों को सीएए विरोधी प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने की हिम्मत दी है। विश्वविद्यालय के मौजूदा और पूर्व छात्रों की जामिया समन्वय समिति (जेसीसी) ने रविवार की रात में विश्वविद्यालय के बाहर हुई गोलीबारी की घटना की निंदा की और इसमें शामिल आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। जेसीसी ने कहा कि ऐसे लोग जिस छूट के साथ आते हैं और गोली चलाते हैं, यह दिखाता है कि उन्हें यह हिम्मत फासीवादी ताकतों ने दी है, जो सत्ता में बैठे हैं।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लाल रंग के दोपहिया वाहन की तस्वीर ली है, जिसका इस्तेमाल आरोपियों ने किया था और उसके आधार पर उसके पंजीकरण नंबर की पहचान की है। यह पुलिस पर है कि वह जांच करे और यह देखे कि वाहन का मालिक और आरोपी एक ही हैं या अरोपियों ने किसी अन्य का वाहन इस्तेमाल किया। जामिया नगर पुलिस ने इससे इनकार किया कि मुकदमा दर्ज करने में कोई देरी हुई। वहीं, दक्षिणी पूर्वी जिला पुलिस के प्रभारी उपायुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि सोमवार को गेट नंबर सात के पास उस स्थल की गहन तलाशी ली गई, जहां गोलियां चली थी। पर वहां से कोई खोखा नहीं मिला। आरोपियों की पहचान और अपराध की पुष्टि के लिए आगे जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि कुछ व्यक्तियों ने मुकदमा दर्ज होने के दौरान उनसे संपर्क किया था और कहा था कि उन्होंने वह लाल रंग का वाहन देखा था, जिसका कथित रूप से अपराध में इस्तेमाल हुआ था। पुलिस ने दावा किया है कि कोई भी वाहन का पूरा पंजीकरण नंबर तस्वीर में नहीं ले पाया। कुछ लोगों के अनुसार वाहन के नंबर का आखिरी अंक दो, जबकि कुछ के अनुसार चार है। एक ही सीरीज (पंजीकरण) के कई वाहन होते हैं और हम अब पड़ताल कर रहे हैं कि अपराध में इस्तेमाल वाहन का वास्तविक नंबर क्या है।

### नाबालिग को हथियार देने वाला गिरफ्तार

जामिया मिलिया इस्लामिया के बाहर नागरिकता संशोधन कानून का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने वाले नाबालिग को बंदूक देने के लिए दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक पहलवान को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पहलवान अजीत (25) के तौर पर हुई है। वह उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के सहजपुरा गांव का रहने वाला है। अपराध शाखा के उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि नाबालिग को जिस व्यक्ति से बंदूक मिली थी उसे गिरफ्तार कर लिया है। वह एक पहलवान है।

# जूता कारखाना में आग लगने से मालिक की मौत

**जनसत्ता संवाददाता**
नोएडा, 3 फरवरी।

सेक्टर- 7 स्थित जूते की डाई बनाने वाले कारखाने में रविवार देर रात आग लगने से कारखाना मालिक की मौत हो गई जिनकी पहचान सुनील भदौरिया के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट मुख्य वजह सामने आई है। सोमवार को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन मृतक सुनील के शव को लेकर जनपद मैनपुरी स्थित पैतृक गांव चले गए हैं। उनका वहीं अंतिम संस्कार किया जाएगा। वहीं, थाना सेक्टर- 20 पुलिस के मुताबिक मौके से शराब की बोतल मिली थी।

गौतम बुद्ध नगर के मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है। जांच पूरी होने के बाद ही सही कारण का पता चल पाएगा। कारखाने की एनओसी समेत अग्निशमन उपकरणों आदि के बारे में भी पड़ताल की जा रही है। रविवार रात सेक्टर- 7 के ई 13 स्थित जूते की डाई की मशीन बनाने वाली कारखाने में आग लग गई थी। सूचना मिलने पर दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग बुझाने के दौरान दमकलकर्मियों को कारखाने के गेट के पास एक व्यक्ति का जला हुआ शव मिला।

# तलाशी और नाम-पता दर्ज कर दे रहे धरनास्थल पर प्रवेश

**निर्भय कुमार पांडेय**
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

शाहीन बाग में धरनास्थल से पहले और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के गेट के बाहर हुई गोलीबारी के बाद दिल्ली पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। धरनास्थल से पहले दिल्ली जल बोर्ड के दफ्तर के पास पुलिस ने मेटल डिटेक्टर लगा दिए हैं। यही नहीं, मेटल डिटेक्टर के पास तैनात पुलिसकर्मी वहां से गुजरने वाले लोगों की तलाशी लेकर उन्हें धरनास्थल की ओर जाने की अनुमति दे रहे हैं। इसके साथ ही पुलिसकर्मी घटनास्थल की ओर जाने वाले लोगों का पहचान पत्र देखने के साथ एक रजिस्टर में हर शख्स का नाम और पता लिख रहे हैं।

दिल्ली पुलिस ने यह व्यवस्था शाहीन बाग और जामिया में हुई तीन गोलीबारी की घटना के बाद की गई है, ताकि धरनास्थल पर पहुंचने से पहले ही ऐसे लोगों पर पहले ही शिकंजा कसा जा सके, जो माहौल बिगाड़ना चाह रहे हैं। इस संबंध में स्थानीय निवासियों का कहना है कि पुलिस को यह व्यवस्था पहले ही कर लेनी चाहिए थी। यदि तलाशी अभियान पहले ही शुरू कर दिया होता तो गोली बार की तीसरी घटना नहीं घटती। वहीं, प्रदर्शन में शामिल सलीम खान



का कहना है कि दिल्ली पुलिस की यह पहल अच्छी है।

जामिया के बाहर पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। गोलीबारी के बाद दिल्ली पुलिस के अलावा अर्द्धसैनिक बलों को भी तैनात कर दिया गया है। जिला पुलिस के आला अधिकारी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। उपायुक्त का पदभार संभाल रहे जिला पुलिस के अतिरिक्त उपायुक्त कुमार ज्ञानेश ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में कुछ खामियां थी, जिसे दुरुस्त कर लिया गया है। पुलिस ने होली फैमली अस्पताल के अलावा जामिया के गेट से कुछ ही दूरी पर बैरिकेडिंग लगा दी है।

# लूटपाट के चार आरोपी गिरफ्तार

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने हाईवे लुटेरे सईद गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर दो पिस्तौल, सात जिंदा कारतूस, एक आइ-10 कार बरामद किए हैं। यह गिरोह दिल्ली और आसपास के तीन दर्जन लूटपाट की वारदातों में शामिल पाए गए हैं। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान एटा उत्तर प्रदेश के राजू उर्फ संजय, अलीगढ़ के रिंकू उर्फ रंजीत, रेवाड़ी के आनंद सोनी और बागपत के ललित त्यागी के रूप में की गई है।

सेल के उपायुक्त के मुताबिक एक सूचना पर नारायणा रिंग रोड और धौला कुआं सबवे के पास से इन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद दिल्ली में लूटपाट के करीब दस मामले का खुलासा कर लिया गया। दिल्ली और एनसीआर में दर्ज करीब 35 मामले में गिरोह के सदस्य शामिल पाए गए। पूछताछ में पता चला कि गिरोह के सदस्य संजय कार लेकर हाईवे पर सवारियों को बैठाने के लिए प्रलोभन देता था। देर रात जैसे ही उसकी कार में सवारी बैठता था तभी उसके गिरोह के अन्य सदस्य सवारी बनाकर उसी कार में बैठ जाते थे। रास्ते में वे लोग हथियार के बल पर नगदी, जेवरात, क्रेडिट व डेबिट कार्डस और मोबाइल फोन लूटकर सवारी को एकांत जगह उतारकर फरार हो जाते थे।




**ऐक्सिस बैंक — देय सूचना**

**रिटेल एसेट्स सेंटर : प्रथम तल, जी-4/5, बी, सेक्टर-4, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ-226010**
**कारपोरेट आफिस : तृतीय तल, ब्लाक-बी, बाम्बे डाइंग मिल्स कम्पाउण्ड, पाण्डुरंग बुधाकर मार्ग, वर्ली मुम्बई-400 025**
**रजिस्टर्ड आफिस : 'त्रिशूल', तृतीय तल, समराथेश्वर मंदिर के सामने, लॉ गार्डेन, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-380 006**

चूंकि यहां नीचे वर्णित उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/जमानतकर्ताओं/बन्धककर्ताओं ने एक्सिस बैंक लि0 से वित्तीय सहायता प्राप्त की थी तथापि हम स्पष्ट करते हैं कि वित्तीय सहायता प्राप्त करने के बाद भी उधारकर्ता/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता नियत तिथियों के अनुसार मूलधन तथा ब्याज का प्रतिभुगतान करने में विभिन्न प्रकार की चूकें कर चुके है। अतएव उनके खातों को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगान्तर्गत एक्सिस बैंक लि0 के प्राधिकृत अधिकारी के अनुशंगानुसार भारतीय रिर्जव बैंक द्वारा निर्गमित निर्देशों/दिशानिर्देशों के अनुपालनुसार वहां नीचे वर्णित संबंधित तिथियों पर अनर्जक परिसम्पत्ति के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है, जिसके अनुपालन के लिए उन्हें सरफेसी अधिनियम 2002 के अन्तर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 की धारा 13(12) के अन्तर्गत यहां नीचे वर्णित संबंधित तिथियों पर मांग सूचनाएं नियमित की गई थी, जिनमें निम्नलिखित उधारकर्ताओं/जमानतकर्ताओं/बन्धककर्ताओं को सूचनाओं की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अन्दर सूचनाओं में वर्णित राशि पर संविदात्मक दर पर भावी ब्याज तथा भुगतानकर तिथि तक आकस्मिक व्ययों, लागत, प्रभारों इत्यादि के साथ सूचनाओं में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

| क्र. सं. | ऋणी/सह-ऋणी/जमानतकर्ता(ओं) का नाम एवं पता | सुरक्षित सम्पत्ति का विवरण (अचल सम्पत्ति) | कुल बकाया धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री आशीष सारस्वत (ऋणी)** पुत्र श्री उमेश चन्द शर्मा निवासी म0नं. 2/58 प्रथम तल, ललिता पार्क, लक्ष्मी नगर, न्यू दिल्ली भारत-110092 एवं : टेक्नीशियन द्वारा इन्टरवो टेक्नोलाजिस लि0 बी-14/1, ओखला इण्डस्ट्रियल एरिया, फेज-II, न्यू दिल्ली भारत-110020 एवं : निवासी म0नं0 36, पुनीत विहार, मौजा सिकन्दरा, बहिश्ताबाद, पश्चिमपुरी रोड, डी मारिया स्कूल के सामने, आगरा उ0प्र0-282007 **श्रीमती गायत्री शर्मा (सह-ऋणी)** पत्नी श्री उमेश चन्द शर्मा निवासी म0नं0 36, पुनीत विहार, मौजा सिकन्दरा, बहिश्ताबाद, पश्चिमपुरी रोड, डी मारिया स्कूल के सामने, आगरा उ0 प्र0-282007 | स्थित मकान नं0 36, पुनीत विहार, मौजा-सिकन्दरा, बहिश्ताबाद, आगरा, भारत उत्तर प्रदेश 282007 **क्षेत्रफल- 87.7 वर्ग मी0** **चौहद्दी:** **पूर्व** : प्लाट नम्बर 37, **पश्चिम** : प्लाट नम्बर 35 एवं सड़क एवं निकास, **उत्तर** : भूमि एम.के.पुरम, **दक्षिण** : सड़क एवं निकास | **रू.6,32,910.00** दिनांक 16.01.2020 तक ब्याज 17.01.2020 तक + अन्य खर्चे; **एनपीए दिनांक : 09.01.20120**; **देय सूचना की तिथि : 16.01.2020**; **ऋण धनराशि : रू.6,90,760.00** |
| 2. | **श्री यशवन्त सिंह (ऋणी)** पुत्र श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह **श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह (सह-ऋणी)** पुत्र श्री महाराज बख्श सिंह **श्रीमती आशा सिंह (सह-ऋणी)** पत्नी श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह निवासी मकान नं0 140, गोधोलीपुरम विस्तार, निकट तिराहा, वृन्दावन मथुरा-281121 **श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह (सह-ऋणी)** पुत्र श्री महाराज बख्श सिंह द्वारा परमेश्वरी देवी धानुका श्रावस्ती विद्यामंदिर सीनियर सेकण्डी स्कूल, वृन्दावन निकट मंदिर मथुरा-281121 | स्थित म0 नं0-140 गोधोलीपुरम विस्तार, निकट तिराहा वृन्दावन मथुरा-281121 जोकि **आशा सिंह** के नाम **क्षेत्रफल-133.77 वर्ग मी0** **चौहद्दी: पूर्व** : सड़क **पश्चिम** : प्लाट नम्बर 163, **उत्तर** : प्लाट नम्बर 141, **दक्षिण** : प्लाट नम्बर 139, | **रू.4,87,759.00 एवं रू.14,26,924.00** दिनांक 16.01.2020 तक ब्याज 17.01.2020 तक + अन्य खर्चे; **एनपीए दिनांक : 09.01.2020**; **देय सूचना की तिथि : 16.01.2020**; **ऋण धनराशि : रू. 14,38,100.00 एवं रू. 15,90,000.00** |
| 3. | **श्री जगदीश प्रसाद (ऋणी)** पुत्र श्री इन्दरमन उर्फ इन्दमनी **श्रीमती लक्ष्मी देवी (सह-ऋणी)** पत्नी श्री जगदीश प्रसाद निवासी कान्हा माखन स्कूल कैम्पस, बुर्जा वृन्दावन, मथुरा उत्तर प्रदेश भारत-281001 एवं : निवासी म0 नं0 85, वार्ड नं0 11, निकट मन्दिर बाबूगृह पोस्ट जैंत, मथुरा, उत्तर प्रदेश-281001 एवं : द्वारा जी.एल.ए. कालेज, एनएच 2, मथुरा, उ0 प्र0-281001 एवं : निवासी म0 नं0 92, सेक्टर 4, चैतन्य विहार, आवासीय योजना द्वितीय, वृन्दावन, मथुरा, उत्तर प्रदेश-281001 | स्थित प्लाट भूमि नं0 एस-4/92 चैतन्य विहार, आवासीय योजना द्वितीय, वृन्दावन, मथुरा, उत्तर प्रदेश-281001 **क्षेत्रफल- 162.00 वर्ग मी0** **चौहद्दी:** **पूर्व** : प्लाट नम्बर 91 **पश्चिम** : प्लाट नम्बर 93, **उत्तर** : सड़क, | **रू.27,07,355.00** दिनांक 16.01.2020 तक ब्याज 17.01.2020 तक + अन्य खर्चे; **एनपीए दिनांक : 09.01.2020**; **देय सूचना की तिथि : 16.01.2020**; **ऋण धनराशि : रू. 29,00,000.00** |
| 4. | **श्रीमती निशा चोपडा (ऋणी)** पुत्री श्याम सुन्दर चोपडा निवासी मकान नं0 28, शिवजी नगर, जेअल एण्ड जेस्ट के पास, शाहगंज, आगरा, उत्तर प्रदेश 282010 एवं : निवासी म0 नं0 47/9, टी/7ए, त्रिवेणी नगर, गढ़ी बदोरिया, आगरा उत्तर प्रदेश-281001 एवं : निवासी मकान नम्बर 836, सरस्वती विहार, वीर सावरकर ब्लाक, गुड़गॉव, हरियाणा भारत 122001 एवं:द्वारा अधिशासी सहायक, डिलिइटटी एच टोहमत्सू इण्डिया एलएलपी सातवॉं तल, बिल्डिंग 10, टॉवर बी, डीएलएफ सायबर सिटी कॉम्पलेक्स, डीएलएफ फेज-II, गुड़गॉव हरियाणा, भारत 122002 **श्री विक्की चोपडा (सह-ऋणी)** पुत्र श्याम सुन्दर चोपडा निवासी मकान नम्बर 47/9, टी/7ए, त्रिवेणी नगर, गढ़ी बदोरिया, आगरा उत्तर प्रदेश-281001 | स्थित फ्लैट नं0 217 द्वितीय तल मंगलम आधार, खसरा 1535 एवं 1355 पर निर्माण, मौजा बैपुर, शास्त्री पुरम, आगरा उ0प्र0 282007 **क्षेत्रफल-102.66 वर्ग मी0** **चौहद्दी:** **पूर्व** : खुला आसमान, **पश्चिम** : गलियारा, **उत्तर** : फ्लैट नं0 219, **दक्षिण** : फ्लैट नं0 215 | **रू.24,68,659.00** दिनांक 15.01.2020 तक ब्याज 16.01.2020 तक + अन्य खर्चे; **एनपीए दिनांक : 09.01.2020**; **देय सूचना की तिथि : 15.01.2020**; **ऋण धनराशि : रू.25,56,165.00** |

उपर्युक्त परिस्थितियों के अन्तर्गत एतद्द्वारा उपरोक्त उधारकर्ताओं, सह-उधारकर्ताओं तथा/अथवा उनके जमानतकर्ताओं(जहॉं कहीं लागू हो) को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अन्दर भावी ब्याज तथा यथालागू प्रभारों के साथ उपर्युक्तानुसार बकाया देयराशियों का भुगतान करने के लिए सूचित किया जाता है। ऐसा करने में विफल होने पर इस सूचना की तिथि के 60 दिनों के समापन के उपरांत प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के विरुद्ध आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, जिसमें सरफेसी अधिनियम 2002 के अन्तर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 की धारा 13(4) तथा उसके अन्तर्गत यथा लागू नियमावली के अधीन उधारकर्ताओं और बन्धककर्ताओं की प्रतिभूत परिसम्पित्तियों का कब्जा लिया जाना भी सम्मलित होगा।

ऋणी/सह-ऋणी/बन्धकर्ता एवं जमानतकर्ता का ध्यान सरफेसी एक्ट की धारा 13(8) की ओर आकृष्ट किया जाता है कि तय समय सीमा में बन्धक सम्पत्ति को रीडीम (मोचन) कर सकते हैं।

**कृपया नोट करें कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अन्तर्गत कोई भी उधारकर्ता बैंक की पूर्व लिखित सहमति के बिना इस सूचना में संदर्भित अपनी किसी भी प्रतिभूत परिसम्पत्ति को विक्रय, पट्टा के माध्यम से अथवा अन्यथा हस्तांतरित नहीं कर सकेगा।**

**दिनांक : 04.02.2020, स्थान : लखनऊ** (प्रा0 अधिकारी), एक्सिस बैंक लि0

**SRF** We always find a better way

## एस आर एफ़ लिमिटेड

**पंजीकृत कार्यालय:** द गैलेरिया, डीएलएफ मयूर विहार, यूनिट संख्या 236 व 237, द्वितीय तल, मयूर प्लेस, नोएडा लिंक रोड, मयूर विहार फेज 1 एक्सटेंशन, दिल्ली-110091
फोन (पंजीकृत कार्यालय): (+91-11) 49482870 | फैक्स: (+91-11) 49482900 | ई-मेल: info@srf.com | वेबसाइट: www.srf.com | सीआईएन: L18101DL1970PLC005197

(रु. करोड़ में)

**31 दिसम्बर 2019 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह हेतु अनअंकेक्षित एकल एवं संचित वित्तीय परिणाम**

| क्र. सं | विवरण | एकल | | | | संचित | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | समाप्त नौ माह | | समाप्त तिमाही | | समाप्त नौ माह | |
| | | 31 दिसम्बर 2019 | 31 दिसम्बर 2018 | 31 दिसम्बर 2019 | 31 दिसम्बर 2018 | 31 दिसम्बर 2019 | 31 दिसम्बर 2018 | 31 दिसम्बर 2019 | 31 दिसम्बर 2018 |
| | | (1) | (2) | (3) | (4) | (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1 | संचालनों से कुल आय | 1651.84 | 1578.43 | 4684.32 | 4473.97 | 1850.49 | 1808.78 | 5351.58 | 5162.62 |
| 2 | जारी प्रचालनों से कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 221.13 | 157.00 | 585.77 | 446.31 | 259.06 | 184.59 | 695.06 | 527.22 |
| 3. | जारी प्रचालनों से कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)* | 311.77 | 128.54 | 619.01 | 339.30 | 345.47 | 153.57 | 721.74 | 412.28 |
| 4. | बंद प्रचालनों से कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | - | 6.02 | 241.82 | 19.33 | (2.75) | 14.24 | 165.17 | 45.21 |
| 5. | बंद प्रचालनों से कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | - | 3.92 | 180.59 | 12.58 | (2.48) | 12.14 | 111.60 | 38.46 |
| 6. | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (बंद प्रचालनों सहित) | 311.77 | 132.46 | 799.60 | 351.88 | 342.99 | 165.71 | 833.34 | 450.74 |
| 7. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात्) एवं अन्य व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल कर के] | 293.79 | 190.36 | 764.02 | 365.87 | 355.50 | 211.36 | 840.07 | 454.61 |
| 8. | प्रदत्त समता अंश पूंजी | 57.48 | 57.48 | 57.48 | 57.48 | 57.48 | 57.48 | 57.48 | 57.48 |
| 9. | प्रति अंश आय (रु.10/- प्रत्येक के) (जारी एवं बंद प्रचालनों हेतु) | | | | | | | | |
| | (अ) मूलभूत | 54.24 | 23.05 | 139.11 | 61.25 | 59.67 | 28.83 | 144.98 | 78.45 |
| | (ब) तरल | 54.24 | 23.05 | 139.11 | 61.25 | 59.67 | 28.83 | 144.98 | 78.45 |

* आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115बीएए को कराधान कानून (संशोधन) अध्यादेश, 2019 द्वारा पेश किया गया था। धारा 115बीएए के अन्तर्गत विकल्प के प्रयोग के अपेक्षित समय के वर्तमान अनुमान के आधार पर, कम्पनी ने अपने स्थगित कर शेष राशि का पुनः आकलन किया है। परिणाम स्वरूप, तिमाही के दौरान लाभ एवं हानि विवरण में रु 123.42 करोड़ रुपये (शुद्ध मैट समायोजन) क्रेडिट के तौर पर रिकॉर्ड किये गये हैं।

**टिप्पणी:**

उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेन्जों के पास दाखिल किए गए तिमाही एवं समाप्त नौ माह हेतु वित्तीय परिणामों का उद्धरण है। तिमाही एवं समाप्त नौ माह के परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्जों की वेबसाइट (www.nseindia.com एवं www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.srf.com) पर उपलब्ध है।

कृते एवं मंडल की ओर से
**आशीष भरत राम**
**प्रबन्ध निदेशक**

स्थान : गुरुग्राम
दिनांक : 3 फरवरी, 2020

हम हमेशा एक बेहतर तरीका ढूंढते हैं
रसायन व्यवसाय | पैकेजिंग फिल्म व्यवसाय | टेक्निकल टेक्सटाइल व्यवसाय

www.readwhere.com



## ऐ भाई...



रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया।

### कालकाजी से 'आप' विधायक के बेटे कांग्रेस में

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

आम आदमी पार्टी के कालकाजी से विधायक सरदार अवतार सिंह कालका के बेटे मनप्रीत सिंह अपने समर्थकों के साथ सोमवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। उनके अलावा ओखला विधानसभा से 'आप' के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी कांग्रेस में शामिल हो गए। सभी को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा ने पार्टी की सदस्यता दिलवाई। सदस्यता ग्रहण करने के बाद मनप्रीत सिंह ने कहा कि इस बार कालकाजी में बाहर वाले उम्मीदवार और घर वाले उम्मीदवार के बीच लड़ाई है। कांग्रेस उम्मीदवार शिवानी चोपड़ा कालकाजी की है, जबकि 'आप' ने उनके पिता का टिकट काटकर एक बाहरी को उम्मीदवार बनाया है। इस बार कालकाजी की जनता इसका सबक सिखाएगी। सुभाष चोपड़ा ने कहा कि पार्टी दिल्ली का चुनाव मुद्दों, प्रभावित लोगों और दिल्ली के विकास के लिए लड़ रही है, लेकिन भाजपा और आम आदमी पार्टी सांप्रदायिक लाइन पर लोगों को बांटने की कोशिश कर रही हैं। नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में संविधान की पवित्रता को बचाए रखने के लिए शाहीन बाग में धरने पर बैठी हैं, लेकिन भाजपा इस मुद्दे को साम्प्रदायिक रंग दे रही है।

### तीन किमी तक बंद रहेंगी नोएडा में शराब की दुकानें

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

दिल्ली विधानसभा सभा का आठ फरवरी मतदान और 11 फरवरी को होने वाली मतगणना के चलते दिल्ली की सीमा से तीन किलोमीटर के दायरे में आने वाली शराब की दुकाने बंद रहेंगी। डीएम बीएन सिंह ने बताया छह फरवरी शाम छह बजे से आठ फरवरी को मतदान समाप्त होने तक इस परिधि में आने वाली सभी दुकानें बंद रहेंगी। आदेश देशी शराब, अंग्रेजी शराब, बीयर, मॉडल शॉप, भांग की फुटकर दुकानों, होटल, बार आदि सभी पर एक समान लागू होगा। वहीं, आठ फरवरी को नोएडा- ग्रेटर नोएडा की औद्योगिक इकाईयों में कार्यरत दिल्ली के मतदाताकर्मियों को सवैतनिक अवकाश मिलेगा। इस अवकाश की एवज में अगले साप्ताहित अवकाश के दिन भी फैक्टरियों में उन कर्मचारियों से काम नहीं कराया जाएगा।

### सुल्तानपुरी में राजस्थान विधायक की जनसभा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

सुल्तानपुरी विधानसभा में आयोजित कांग्रेस की रैली में वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास आजादी के आंदोलन से शुरू होकर देश के नवनिर्माण में एक महत्त्वपूर्ण मील के पत्थर के रूप में दर्ज है। कांग्रेस ने महात्मा गांधी का ही नहीं बल्कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी सरीखे राजनेताओं का बलिदान दिया है। उनकी शहादत को कांग्रेस कभी भूल नहीं सकती। राजस्थान की कांग्रेस विधायक और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ऑब्जर्वर नियुक्त शकुंतला रावत ने ए-ब्लाक सुल्तानपुरी माजरा में स्थानीय उम्मीदवार जयकिशन के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस मौके पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस महासचिव, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष शरीफ कुरेशी सहित अन्य लोग भी मौजूद थे। रैली में भाजपा, बसपा, फॉरवर्ड ब्लॉक और 'आप' के कुछ स्थानीय कार्यकर्ताओं राजेंद्र बागड़ी, प्रताप बागड़ी, प्रकाश पहलवान, सोनू सिंह, हनी सिंह, हमराज, राशिद, इशरार, यशपाल भट्टी, विनोद सोनी सहित अन्य शामिल रहे।

## केजरीवाल फिर से बरगलाने की कोशिश में जुटे : कैप्टन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 फरवरी।



पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार किया। उन्होंने सोमवार सुबह हरि नगर विधानसभा में प्रत्याशी सुरेंद्र सेतिया के लिए जनसभा की। वहीं, शाम के समय कालकाजी विधानसभा की उम्मीदवार शिवानी चोपड़ा के लिए देशबंधु कॉलेज के सामने से रोड शो किया। इस दौरान अमरिंदर सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल झूठ बोलकर दिल्ली की जनता को बरगलाने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल को जनता को बरगलाने की महारत हासिल है। दूसरी ओर भाजपा पर शाहीन बाग के बहाने ध्रुवीकरण करने का आरोप लगाया।

पंजाब के सीएम ने दिल्ली में मुफ्त पानी और बिजली की चर्चा करते हुए कहा कि इसमें कुछ भी नया नहीं है। कांग्रेस की सरकारें भी जनता की सहूलियत के लिए इस प्रकार के कई कदम उठाए हैं। बड़ा सवाल यह है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री बिजली पानी के अलावा कोई ऐसा कार्य नहीं किया है, जो दिल्ली की जनता के लिए बेहतरी का हो। अमरिंदर सिंह ने कहा कि पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले भी आम आदमी पार्टी कहा कि पंजाब में उनके पक्ष में हवा चल रही है, लेकिन आप 20 सीटों पर सिमट कर रह गई।

अब एक बार फिर से दिल्ली में कहा जा रहा है कि आम आदमी पार्टी की हवा दिल्ली में चल रही है। पर कांग्रेस दिल्ली में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने वाली है। वहीं, विकासपुरी विधानसभा से कांग्रेस उम्मीदवार मुकेश शर्मा के लिए राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने जनसभा की और कहा कि मुकेश शर्मा दिल्ली के पहले शख्स हैं, जिन्होंने पूर्वांचल के लोगों के हित के लिए खड़े रहे हैं।

चुनावी रैली में बोले प्रधानमंत्री मोदी

## दिल्ली में भाजपा सरकार जरूरी

पंकज रोहिला
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

रैली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आना जरूरी है। दिल्ली की सरकार ने केंद्र की योजनाओं में रोड़ा अटकाया है। दिल्ली में सरकार बनते ही इन योजनाओं का सीधा लाभ जनता को मिलगा। प्रधानमंत्री ने करीब एक घंटे के भाषण में बड़े ही सधे हुए अंदाज में कांग्रेस व 'आप' पर सीधे हमले बोले। पहली बार किसी सभा में प्रधानमंत्री ने आम आदमी पार्टी का नाम लिया और योजनाओं में अड़ंगा लगाने पर पार्टी को घेरा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जान बूझकर केंद्र सरकार की योजनाओं को दिल्ली में रोका गया है। दिल्ली के लोगों को आयुष्मान भारत और नई मेट्रो लाइन का विस्तार जैसी योजनाएं लागू नहीं हो पाई। दिल्ली में सरकारी बस सेवा बेहाल है, ऐसी दिल्ली तो दिल्ली वालों ने कभी नहीं चाहती थी। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का भारत नफरत पर नहीं विकास पर वोट देगा। उन्होंने बताया कि अगले पांच साल में 100 लाख से अधिक का निर्माण देश में होगा। इस बजट में दिल्ली के लिए रैपिड ट्रांजिट सिस्टम पर ढाई हजार करोड़ की व्यवस्था की है। इसी प्रकार प्रदूषण को खत्म करने के लिए 4400 करोड़ की योजनाएं तैयार की गई हैं। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी समेत दिल्ली की विभिन्न विधानसभाओं से भाजपा के उम्मीदवार शामिल हुए। सभी उम्मीदवारों की तरफ एक बड़ी माला पहनाकर प्रधानमंत्री का स्वगत किया गया।

**बोले दिल्ली के नेता, देश बदला अब दिल्ली बदलो**

सांसद गौतम गंभीर ने कहा कि साढ़े चार साल में एक अस्पताल, कॉलेज, स्कूल, नहीं खोला। इसके बाद भी कहते झूठे हम। हम दिल्ली के दिल्ली बनाना चाहते हैं। विजय गोयल ने कहा ये चनाव दिल्ली व देश का है। हर व्यक्ति को आरओ का पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। चार साल 'आप' ने कोई काम नहीं किया। इस चुनाव में राष्ट्रवाद जीतेगा और शाहीन बाग हारेगा। डॉ हर्षवर्धन ने कहा कि भाजपा सरकार ने सवा करोड़ से अधिक की योजनाओं पर काम किया है। इस क्षेत्र में 14 करोड़ का एक हब बनेगा और प्रगति मैदान बनाने का काम चल रहा है। दिल्ली से मेरठ के बीच 16 लेन का हाईवे तैयार किया जा रहा है। धौलाकुंआ पर कारिडोर बन रहा है। पार्टी के दिल्ली प्रभारी श्याम जाजू ने कहा कि चुनाव ऐतिहासिक मोड़ पर आ चुका है।

### खेल बदल सकती है मोदी की जनसभा

*भाजपा* के परंपरागत गढ़ रहे पूर्वी दिल्ली इलाके में सोमवार को हुई प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा को समर्थक मील का पत्थर मान रहे हैं। माना जा रहा है कि खामोश मतदाताओं में नए जोश का संचार करने में जनसभा अहम किरदार निभा सकती है। नगर निगम और लोकसभा चुनाव, दोनों में भाजपा को जीत मिली थी। हालांकि 2015 दिल्ली विधानसभा चुनाव में जरूर भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं मिली। अलबत्ता इस मर्तबा भाजपा दिल्ली चुनाव में पूरी मजबूती के साथ मैदान में है। सोमवार को मोदी के पंडाल में पहुंचते ही नारों की गूंज ने जोश के संचार से शुरूआत की। लोगों की उम्मीद को भांपते हुए मोदी ने भी अपने तरकश से चुनकर ऐसे बाण चलाए, जिन्हें प्रत्याशी अपने लिए संजीवनी मान रहे है। साथ ही पूरी शिद्दत के साथ समर्थन मांगने में जुट गए हैं।



**समर्थक** दिल्ली में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में एक समर्थक कुछ इस अंदाज में नजर आया।

## भाकपा के उम्मीदवार, ई-रिक्शा और ऑटो से कर रहे प्रचार

सुशील राघव
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार के अंतिम दौर में हर पार्टी प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने की कोशिश में जुटा है। इसी क्रम में भाजपा, 'आप' और कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार जमकर पैसा खर्च कर रहे हैं। इन पार्टियों के प्रचार काफिले में सैकड़ों गाड़ियां होती हैं। हर जगह इन पार्टियों के साइनबोर्ड आसानी से दिख जाएंगे। दूसरी ओर, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) सहित अन्य वामपंथी पार्टियां बेहद सादगी से अपना प्रचार कर रही हैं। भाकपा के उम्मीदवार ई-रिक्शा और ऑटो का उपयोग कर मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं।



उम्मीदवार दिलीप कुमार प्रचार करते हुए

भाकपा से इनमें पालम से दिलीप कुमार, तिमारपुर से संजीव कुमार राणा और बवाना से अभीप्सा चौहान शामिल हैं। भाकपा के दिल्ली प्रदेश के महासचिव प्रोफेसर दिनेश वार्ष्णेय ने बताया कि उनके उम्मीदवार बहुत ही सादगी से प्रचार करने में लगे हुए हैं। पालम से उम्मीदवार दिलीप कुमार ई-रिक्शा से ही प्रचार कर रहे हैं। वहीं, संजीव कुमार राणा पैदल ही लोगों तक पहुंचते हैं और कभी-कभी ऑटो का इस्तेमाल करते हैं। अभीप्सा चौहान के पास कार है और वह उसका इस्तेमाल करती हैं। प्रोफेसर वार्ष्णेय ने बताया कि हमने अपने तीनों उम्मीदवारों को पांच-पांच प्ले कार्ड दिए हुए हैं।

प्रचार के लिए छोटे पर्चे लोगों से उनके घर पर मिलने के बाद दिया जाता है। इसके अलावा चुनाव प्रचार में पार्टी के नेता अपने-अपने माध्यम से पहुंचकर उम्मीदवार से जुड़ते हैं। इनमें से कोई ऑटो, कोई बस या मेट्रो से पहुंचता है। अधिकतर प्रचार पैदल ही पूरा किया जाता है। प्रोफेसर वार्ष्णेय ने बताया कि हमारी पार्टी का मानना है कि चुनाव सरकारी पैसों से होना चाहिए ताकि इसमें कालाधन का इस्तेमाल नहीं हो पाए। हमारी पार्टी लोगों के दिए हुए चंदे से चलती है।

## मोटरसाइकिल से वोट मांगने निकला महिलाओं का काफिला

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के जिस मुद्दे को लेकर केंद्र और दिल्ली सरकार सत्ता में आई थी, दोनों ही इस महत्त्वपूर्ण मुद्दे से भटक गए हैं। निर्भया के हत्या के दोषियों को आज तक सजा नहीं मिल पाई है और फांसी से बचने के लिए तिकड़म लगा रहे हैं। वे सोमवार को रोहतशा नगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित महिला रैली को संबोधित कर रही थीं।



इस रैली में सभी दोपहिया चालक महिलाएं थीं। प्रत्याशी विपिन शर्मा के समर्थन में बिग बॉस और रोडीज के विजेता आशुतोष कौशिक ने 'हम हैं विपिन शर्मा' कैंपेन शुरू किया। विपिन शर्मा ने कहा कि शाहीन बाग में धरने पर बैठे लोगों की बात सुनने का समय नहीं है, उनकी बात सुननी चाहिए। विश्वास नगर विधानसभा से कांग्रेस उम्मीदवार गुरुचरन सिंह राजू ने तूफानी दौरा कर मानक विहार पार्क, घरौंदा अपार्टमेंट, बाहुबली एन्क्लेव, ऋषभ विहार, किरण विहार, गीतांजलि अपार्टमेंट, शरद विहार आदि में जनसंपर्क कर समर्थन मांगा। इस दौरान जनसभा सहदेव गली विश्वास नगर आशीर्वाद अपार्टमेंट, आई पी एक्सटेंशन आदि में जगह- जगह पर फूल मालाओं से स्वागत कर समर्थन का ऐलान किया। वहीं गांधीनगर विधानसभा से कांग्रेस उम्मीदवार अरविंदर सिंह लवली का सोमवार को भी नियमित पदयात्रा और जनसभा के क्रम जारी रहा। उन्होंने रघुवरपुरा, अमर मोहल्ला, ईस्ट सीलमपुर, न्यू शांति मौहल्ला में पदयात्रा कर स्थानीय लोगों से बातचीत की। उन्होंने लोगों से अपील की कि जब आप और भाजपा के प्रतिनिधि वोट मांगने आए, तो उनसे सवाल पूछे कि पिछले पांच सालों में गांधीनगर में ऐसा क्या विकास किया है।

## बादली में दो पार्षद दे रहे मौजूदा विधायक को टक्कर

अमलेश राजू
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

मुकाबला

दिल्ली विधानसभा के बादली विधानसभा क्षेत्र में त्रिकोणीय मुकाबला दिख रहा है। दो बार निगम पार्षद और विधायक रहे देवेंद्र यादव पार्टी का वजूद बचाने के लिए कांग्रेस के टिकट पर फिर लड़ रहे हैं तो उत्तरी नगर निगम के मौजूदा निगम पार्षद विजय भगत को भाजपा ने मैदान में उतारकर पूर्वांचल का कार्ड खेलने की कोशिश की है। 'अच्छे बीते पांच साल, लगे रहो केजरीवाल' के नारे के साथ आम आदमी पार्टी मौजूदा विधायक अजेश यादव पर ही दोबारा दांव खेला है। अजेश बीते चुनाव में कांग्रेस के देवेंद्र यादव को 35 हजार 376 वोट से पराजित कर पहली बार विधायक बने थे। यहां करीब सबा दो लाख मतदाता हैं। भाजपा, कांग्रेस और आप के अलावा जो पार्टियां चुनाव लड़ रही है उनके लिए मुकाबला काफी कड़ा है। उत्तर-पश्चिम दिल्ली के हरियाणा सीमा से लगे बादली विधानसभा में आम आदमी पार्टी के अजेय यादव का कहना है कि बीते 65 सालों से इस इलाके को जिस प्रकार राजधानी से अलग-थलग रखा गया उसके लिए बीते पांच सालों का आप शासन नहीं बल्कि अगले पांच साल तक उसे सुधारने के लिए सरकार बनाने की सख्त जरूरत है। भलस्वा, बादली, समयपुर, लिबासपुर, सिरसपुर जैसे गांव और भलस्वा डेयरी, श्रद्धानंद कालोनी, जीवन पार्क, हरिजन कालोनी और स्वरूप कॉलोनी जैसे अर्द्धनिर्मित कॉलोनियां ही नहीं बल्कि छोटे-छोटे घरेलू कारखाने और नगर निगम की अवहेलना से पैदा हुए भलस्वा कचरा पट्टी के भीषण गंदगी से छुटकारा उनके लिए मुद्दा है। विधानसभा के जहांगीरपुरी के संजय जैन, लिबासपुर के विक्रांत यादव और मेट्रो अपार्टमेंट के आमिर कहते हैं कि दिल्ली सरकार ने बीते पांच सालों में कई फैसलों ने आप सरकार को देश ही नहीं बल्कि दुनिया में अपनी तरह की पहचान दी है।

उधर, नागरिकता संशोधन कानून और जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाने सहित अन्य राष्ट्रीय मुद्दे को भुनाने के लिए भाजपा ने पूर्वांचल के विजय भगत को मैदान में खड़ा कर स्थानीय देवेंद्र और अजेय को मुश्किल में डालने की कोशिश की है। कांग्रेस उम्मीदवार देवेंद्र यादव इसी इलाके के रहने वाले हैं और उनका साफ कहना है कि इलाके में बीते पांच सालों में झुग्गी झोपड़ियों के लिए केजरीवाल ने कुछ नहीं किया। कांग्रेस की सरकार आएगी तो झुग्गी वालों को वहीं मकान बनाकर दिया जाएगा। देवेंद्र के समर्थन में राजस्थान के कई विधायकों बलजीत यादव, दानिश अबरार, इंद्रा सहित युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास और प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विकास छिकारा सहित अन्य लोग डेरा डाले हुए हैं।

दिल्ली में बड़ी है पानी की सियासत

## मुफ्त पानी देने पर जोर लेकिन इलाकों में गंदे पानी का शोर

प्रतिभा शुक्ल
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

दिल्ली विधानसभा चुनावों में पानी को लेकर जम कर राजनीति हो रही है। हर दल इसे अपनी तरह से भुनाने की जुगत में हैं। जहां दिल्ली सरकार मुफ्त पानी देने को अपनी उपलब्धि को तौर पर गिना रही है। वहीं भाजपा पानी की गुणवत्ता को लेकर हमलावर है और जीतने पर गुणवत्तापूर्ण पानी मुफ्त देने का भरोसा दे रही है।

उधर, कांग्रेस ने 20 हजार लीटर मुफ्त पानी से कम खर्च करने पर प्रति लीटर 30 पैसे उपभोक्ता को देने का वादा भी किया है। यानी अगर कोई उपभोक्ता केवल 10 हजार लीटर पानी इस्तेमाल करता है तो उसके खाते में तीन हजार रुपए कांग्रेस सरकार जमा करेगी। हालांकि जनता की राय है कि पानी मिलना व साफ पानी मिलना आज भी कई इलाकों में बड़ी चुनौती है।

पानी की कमी से जूझ रही दिल्ली के सामने जहां मौजूदा वैध कनेक्शन के अलावा नियमित की गई अवैध कॉलोनियों को पीने के पानी की पाइपलाइन व पानी मुहैया कराने की चुनौती है वहीं तमाम राजनीतिक पार्टियों के बीच पानी को लेकर घमासान छिड़ा हुआ है। केजरीवाल ने यमुना साफ करने, जल बोर्ड में भ्रष्टाचार को खत्म करने व 24 घंटे पानी मुहैया कराने व 20 हजार लीटर पानी मुफ्त देने का वादा किया था। दो इलाकों में पायलट परियोजना के तौर पर 24 घंटे पानी देने की कोशिश की गई। लेकिन गीतांजलि एन्क्लेव मालवीय नगर व अन्य इलाकों में इसमे सफलता नहीं मिली। हालांकि इसके लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी भी की गई। कई नए इलाकों में पाइपलाइन बिछाई भी गई। पर पानी की आपूर्ति अभी शुरू नहीं। हालांकि टैंकर से पानी दिया गया। इसी तरह यमुनापार में 100 बोर किए गए व वही पानी सीधे आपूर्ति की पाइपलाइन से जोड़ दिया गया। जिससे लोगों में गंदे पानी की शिकायतें आने लगी। दक्षिणी दिल्ली व तमाम अवैध कॉलोनियों में लोगों की रोज की जरूरतों के लिए पानी मिल पाना आज भी एक बड़ी चुनौती है। वसंत कुंज इलाके में रहने वाले सतीश दूबे ने कहा कि इलाके में पानी की किल्लत रहती है। आए दिन पानी का टैंकर मंगाना पड़ता है । संगम विहार इलाके में रहने वाली आशा देवी ने कहा कि पानी के लिए सिर फुटौव्वल करनी पड़ती है।

पानी का बिल मुफ्त किए जाने का तो तब फायदा हो जब कि पानी मिले। जबकि छतरपुर में रहने वाली अर्चना ने कहा कि 20,000 लीटर महीने पानी मुफ्त किए जाने से उनको राहत है। वे कहती हैं कि गंदा पानी ठीक कर दिया जाए तो अच्छा है। तमाम आवासीय सोसाइटी में पानी आपूर्ति का मिलाजुला प्रबंधन है। कुछ पानी जल बोर्ड की आपूर्ति से तो, कुछ निजी बोर से आता है लिहाजा सोसाइटी में पानी का अलग से बिल नहीं दिया जाता बल्कि रखरखाव खर्च में इसे शामिल किया गया है। इससे सोसाइटी वालों को मुफ्त पानी का फायदा नहीं है।



### दिल्ली का पानी सबसे गंदा

*पिछले* दिनों आई भारतीय मानक ब्यूरो की रपट में दिल्ली का पानी सबसे खराब पाया गया। इसे भाजपा व कांग्रेस ने भुनाने की कोशिश में 'आप' सरकार पर हमले किए। पहले केजरीवाल ने रपट को चुनौती दी और फिर हरियाणा से प्रदूषित पानी आने को लेकर भाजपा पर पलटवार शुरू कर दिया। लेकिन मुफ्त पानी देने का फैसला लोगों को राहत देने वाला साबित हुआ। सभी के घोषणा पत्र में इसे जगह दी गई है।

www.readwhere.com

# वुहान का वायरस

चीन के वुहान शहर से फैले कोरोना वायरस के खतरे ने दुनिया की नींद उड़ा दी है। बीमारी से तो खतरा है ही, लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से लगाई गई स्वास्थ्य इमरजंसी के बाद जिस तरह दुनिया के कई देश सतर्क हो गए हैं और चीन से आने वाले नागरिकों पर प्रतिबंध लगा रहे हैं, उससे भी लोगों में कम खौफ नहीं फैला है। इसी का नतीजा है कि चीन में रह रहे दूसरे देशों के लोग किसी भी तरह अपने-अपने देश जाने में लगे हैं, ताकि कोरोना के संक्रमण से बच सकें। भारत सरकार ने अब तक अपने छह सौ सैंतालीस नागरिकों को चीन से सुरक्षित निकाल लिया है। एअर इंडिया के विशेष विमान से दो फेरों में इन यात्रियों को चीन से दिल्ली लाया गया और सभी को सेना के बनाए विशेष वार्ड में रखा गया है। अभी तक केरल के दो लोगों में कोरोना वायरस के संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। इसलिए भारत ने विशेष सावधानियां बरती हैं। इसके अलावा चीन से आने वाले लोगों के ई-वीजा की सुविधा अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है, ताकि बिना जांच के कोई नागरिक चीन से भारत में न आ सके। इसके अलावा किसी भी भारतीय को चीन नहीं जाने की सलाह दी गई है।

वायरस-जनित संक्रमण जब तेजी से फैलता है तो तत्काल यह पता लगा पाना संभव नहीं होता कि आखिर इसका तोड़ क्या होगा। इसलिए बचाव ही इसका सबसे बड़ा उपाय होता है। भारत में कोरोना वायरस को लेकर लोग दहशत में हैं, इसलिए सरदर्द, जुकाम जैसी समस्याओं से पीड़ित मरीजों की अस्पतालों में भीड़ लगना स्वाभाविक है। हालांकि दिल्ली में तेरह ऐसे संदिग्ध लोग अस्पताल में भर्ती हैं जिनमें कोरोना का संक्रमण होने का अंदेशा है। इस वक्त सबसे बड़ी जरूरत लोगों को जागरूक करने की तो है ही, सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती ऐसे मरीजों या संदिग्धों की बढ़ती संख्या को लेकर है। अस्पतालों को ऐसे किसी भी हालात से निपटने के लिए तैयार रखा जाना चाहिए। हालांकि वैज्ञानिकों ने कोरोना वायरस का तोड़ निकालने के करीब पहुंच जाने का दावा तो किया है, लेकिन इसका टीका ईजाद होने में अभी वक्त लग सकता है। तब तक इससे निपटने के लिए साफ-सफाई और बचाव के अन्य उपाय ही अपनाने होंगे। वायरस संक्रमण यों तो कभी भी और कहीं भी फैल सकते हैं जिनका कोई कारण पता नहीं चल पाता। पिछले दो दशकों में तो ऐसे कई वायरस संक्रमणों ने दुनिया को डराया है। आगे भी ऐसे नए-नए वायरस संक्रमणों के मामले आते रहेंगे। इसलिए ऐसी समस्या से निपटने के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र को हमेशा चौकन्ना रहना जरूरी है। ऐसी रणनीति बनानी होगी जिससे कम से कम लोग वायरस संक्रमण की चपेट में आएं और कारगर इलाज मिल सके।

इस वक्त चीन के सामने संकट कई हैं। वहां कोरोना से मरने वालों की संख्या तीन सौ साठ से ऊपर निकल गई है। संक्रमित लोगों की संख्या तो हजारों में है। ऐसे में हुनान प्रांत में बर्डफ्लू के मामले भी सामने आए हैं। वुहान सहित कई शहरों में बंद जैसे हालात हैं और नागरिकों का घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल है। वुहान में चीन ने दस दिन के भीतर जिस तरह का विशालकाय अस्पताल तैयार कर लिया, वह उसकी इस संकट से निपटने की प्रतिबद्धता को जाहिर करता है। हालांकि अमेरिका सहित कई देश चीन पर इस महामारी की जानकारी को दबाए रखने का आरोप लगा रहे हैं। ये वक्त चीन की मदद करने का है, न कि राजनीति करने का।

# नशे के सहारे

हमारे देश में विधानसभा या लोकसभा के चुनावों के दौरान शासन की सख्ती थोड़ी ज्यादा हो जाती है और इसमें अक्सर अवैध सामान की जब्ती की खबरें आती हैं। इसी क्रम में खासतौर पर नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री भी जांच की जद में आती है। यों यह कोई नई प्रवृत्ति नहीं है, लेकिन अगर हर अगले चुनाव में मादक पदार्थों की जब्ती की मात्रा बढ़ती जा रही है तो यह सवाल स्वाभाविक है कि इसकी खपत के ठिकाने क्या होते होंगे! गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा के लिए होने वाले मतदान में अब एक हफ्ते का वक्त भी नहीं रह गया है। लेकिन इस चुनाव में दिल्ली पुलिस की ओर से चलाए गए अभियान में यह हैरान करने वाला तथ्य सामने आया है कि अब तक नशीले पदार्थों की जब्ती पिछले चुनाव के मुकाबले चौबीस गुना ज्यादा हो चुकी है। आमतौर पर सबसे ज्यादा शराब की खपत देखी जाती रही है, लेकिन इस बार अगर गांजे ने शराब को पीछे छोड़ दिया है तो पुलिस और शासन के साथ-साथ यह समाज के लिए भी चिंतित होने का वक्त है कि जहां इस प्रवृत्ति में कमी आनी चाहिए थी, वहीं इसमें तेज बढ़ोतरी क्यों देखी जा रही है!

हो सकता है कि जब्ती में शराब और गांजे की भारी मात्रा की वजह सिर्फ यह हो कि चुनावों के दौरान मादक पदार्थ बेचने वाले सभी लोगों के खिलाफ सख्ती बढ़ गई होगी। लेकिन अगर ये जब्ती की जद में आए शराब और गांजा गैरकानूनी गतिविधियों के रूप में देखे गए, तो सामान्य स्थितियों में भी इनको लेकर ऐसा रवैया क्यों नहीं देखा जाता! सच तो यह है कि नशीले पदार्थ कई राजनीतिकों के लिए वोट हासिल करने का जरिया बन चुके हैं। ऐसी खबरें अक्सर आती रही हैं कि मतदान के ठीक पहले लोगों के वोट हासिल करने की मंशा से मुफ्त में शराब की बोतलें बांटी जाती रही हैं। खुद दिल्ली अपराध शाखा के अतिरिक्त आयुक्त ने कहा है कि यहां जब्त शराब और गांजा की खेप दिल्ली विधानसभा चुनावों को ध्यान में रख कर लाई गई थी। दिल्ली चुनाव आयोग के एक अधिकारी की भी यह राय अहम है कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर चुनावों में नशा और अन्य अवैध सामग्रियों की बढ़ती खपत को अलग करके नहीं देखा जाना चाहिए। सवाल है क्या हमारे राजनीतिक दलों या नेताओं को अपने कार्य प्रदर्शन, छवि और ईमानदारी पर भरोसा नहीं होता है कि वे मतदाताओं को रिझाने के लिए नशीले पदार्थों का सहारा लेते हैं!

चुनावों में मादक पदार्थों का ऐसा इस्तेमाल उन वादों के अलावा है, जिनमें मतदाताओं के वोट किसी भी हाल में हासिल करने के लिए तमाम तरह के लुभावने वादे किए जाते हैं। यह अलग बात है कि उन वादों को पूरा करना अमूमन जरूरी नहीं समझा जाता। लेकिन इस सबमें एक सबसे अफसोसनाक प्रवृत्ति यह देखी गई है कि वोट सुनिश्चित करने के मकसद से मतदाताओं के बीच मादक पदार्थ बांटे जाते हैं। यह एक तथ्य है कि चुनावी घोषणाओं के बाद बढ़ने वाली राजनीतिक सक्रियता आम लोगों के राजनीतिक प्रशिक्षण का भी मौका होती है। मुद्दा आधारित बहसों में गुण-दोष के आकलन जनता के सामने पेश किए जाते हैं तो उन्हें किसी पक्ष में अपनी स्वस्थ राय बनाने में मदद मिलती है और उनके भीतर देशहित में राजनीतिक जागरूकता का प्रसार होता है। लेकिन शराब, गांजा देकर या इस तरह के बेमानी वादों के लोभ के जरिए हासिल किए गए वोट किस तरह की सामाजिक चेतना का निर्माण करेंगे? क्या यह विचार की जमीन मजबूत करने के लिहाज से देश के दीर्घकालिक हित में है?

## कल्पमेधा

पाप तो इतिहास के आरंभ काल से चला आ रहा है, लेकिन उसकी उपासना हमने अभी शुरू की है।
–महात्मा गांधी

# महामारी बनता कैंसर

योगेश कुमार गोयल

**कैंसर के इलाज में बड़ी समस्या यही है कि या तो बीमारी ठीक ही नहीं हो पाती या फिर इलाज के बाद इसके लौटने का खतरा बरकरार रहता है। इसके अलावा, कैंसर के इलाज में सबसे बड़ी बाधा इलाज का अत्यधिक महंगा होना और बीमारी का देरी से पता चलना है।**

कैंसर नामक बीमारी आज विकासशील देशों में होने वाली कुल मौतों का दूसरा बड़ा कारण बन चुकी है। हृदय रोगों से होने वाली मौतों के बाद इन देशों में सर्वाधिक मौतें अब कैंसर से हो रही हैं। चिंताजनक स्थिति यह है कि यह बीमारी पूरी दुनिया में तेजी से फैल रही है और विश्वभर में कैंसर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दुनियाभर में कैंसर से जुड़े करीब डेढ़ करोड़ मामले हर साल सामने आ रहे हैं। कैंसर के बारे में लोगों को जागरूक बनाने के मकसद से हर साल चार फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरुआत चार फरवरी 2000 को पेरिस में कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन में पेरिस चार्टर द्वारा की गई थी। वैसे पहली बार वर्ष 1933 में अंतरराष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ ने स्विट्जरलैंड के जेनेवा शहर में विश्व कैंसर दिवस मनाया था।

कैंसर आज एक ऐसी भयानक बीमारी बन चुका है कि तमाम प्रयासों के बावजूद इसके मरीजों की संख्या में कमी नहीं आ रही है और लाखों लोग हर साल इस बीमारी के कारण मारे जा रहे हैं। कैंसर भारत में दूसरी सबसे बड़ी जानलेवा बीमारी के रूप में उभरा है और देश में हर साल इसके करीब ग्यारह लाख मामले दर्ज हो रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूटीओ) के मुताबिक भारत में कैंसर रोगियों की तादाद जिस तेजी से बढ़ रही है, वह एक खतरनाक संकेत है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में कैंसर से हर साल आठ लाख लोगों की मौत हो जाती है। देश में कैंसर से मौतों के सर्वाधिक मामले उत्तर-पूर्वी राज्यों में दर्ज किए गए हैं। देश में कैंसर होने के मामलों में तीस फीसद और कैंसर से मौत होने के मामलों में बीस फीसद वृद्धि दर्ज की गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनियाभर में करीब बारह फीसद मौतें कैंसर से ही होती हैं और विकसित देशों में करीब इक्कीस फीसद लोग इसी बीमारी के कारण मारे जाते हैं।

कैंसर के इस कदर फैलते जाने के लिए बढ़ता प्रदूषण और पोषक खानपान का अभाव अहम कारण हैं। अधिक मात्रा में तंबाकू सेवन, धूम्रपान, अल्कोहल और नशीले पदार्थों का उपयोग, मोटापा, खानपान की गलत आदतें, प्रदूषित वातावरण, शरीर की कमजोर प्रतिरोधक क्षमता, रसायनों, विकिरण और पराबैंगनी किरणों का प्रभाव कैंसर होने के प्रमुख कारण बनते हैं। कई बार आनुवंशिक या वंशानुगत कारण भी कैंसर के लिए जिम्मेदार होते हैं। चिंता की बात यह है कि हर आयु वर्ग के लोग अब कैंसर की गिरफ्त में आ रहे हैं, जिनमें महिलाएं और कम आयु के बच्चे भी शामिल हैं। वैसे तो कैंसर के सौ से भी ज्यादा प्रकार हैं, लेकिन मस्तिष्क कैंसर के अलावा पुरुषों में मुख्यतः मुंह व जबड़ों का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्त की थैली का कैंसर, पेट का कैंसर, लीवर कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, आंतों का कैंसर, त्वचा कैंसर, सॉफ्ट टिश्यू कैंसर इत्यादि प्रमुख रूप से देखने को मिलते हैं, जबकि महिलाओं में स्तन और गर्भाशय का कैंसर प्रमुख हैं।



'प्रॉस्पेक्टिव अर्बन रूरल एपीडेमियोलॉजिक' नामक एक अध्ययन के तहत कुछ समय पहले जब भारत सहित चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, कनाडा, ब्राजील, स्वीडन, ईरान, मलेशिया, फिलीपीन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, फिलस्तीन, दक्षिण अफ्रीका, अर्जेंटीना, कोलंबिया, चिली, तंजानिया, तुर्की, पोलैंड, जिम्बाब्वे इत्यादि देशों के स्वास्थ्य आंकड़ों का विश्लेषण किया गया तो पाया गया कि कैंसर अब पूरी दुनिया में सबसे बड़ी महामारी के रूप में उभर रहा है और अगर यह इसी गति से बढ़ता रहा तो आगामी कुछ दशकों या वर्षों में ही यह दुनियाभर में सबसे बड़ी प्राणघातक बीमारी बन जाएगा। करीब एक दशक तक चले दो अन्य वैश्विक अध्ययनों में भी यही तथ्य उभर कर आया कि विकसित देशों में अब कैंसर के कारण सबसे ज्यादा लोग प्राण गंवा रहे हैं। कनाडा की लावल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता गिल्स डेगनिस के मुताबिक वर्ष 2017 में दुनिया में करीब छब्बीस लाख मौतें कैंसर के कारण हुई थीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया में हर छह में से एक व्यक्ति की मौत अब कैंसर के कारण होती है और वर्ष 2018 में विश्वभर में छियानवे लाख लोग कैंसर से मारे गए। इनमें से इक्कीस लाख कैंसर रोगियों की मृत्यु फेफड़ों के कैंसर, बीस लाख की स्तन कैंसर, अठारह लाख की कोलोरेक्टल कैंसर, बारह लाख की प्रोस्टेट कैंसर, ग्यारह लाख की त्वचा के कैंसर और दस लाख की पेट के कैंसर से हुई।

देश में कैंसर के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए पिछले साल नवंबर में विज्ञान एवं तकनीक, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन संबंधी संसद की स्थायी समिति ने राज्यसभा के सभापति वेंकैया नायडू को सौंपी अपनी रिपोर्ट में कैंसर के मामलों से निपटने और मरीजों को एक ही जगह इलाज की सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए देशभर में विशिष्ट इलाज केंद्र (ट्रीटमेंट हब) बनाने की सिफारिश की थी। समिति ने रिपोर्ट में कहा था कि कैंसर पीड़ित मरीजों में करीब अड़सठ फीसद मृत्यु दर बेहद दुखद है और मौजूदा समय में कैंसर के इलाज का देश में जो नेटवर्क है, वह इस बीमारी की भयावहता को देखते हुए बहुत छोटा और अपर्याप्त है। कैंसर जैसी घातक बीमारी से निपटने के लिए ऐसे मजबूत और विशाल तंत्र की जरूरत है, जो कैंसर की दवाओं के मूल्य को नियंत्रित रख सके। समिति ने मुंबई स्थित टाटा मेमोरियल कैंसर शोध एवं उपचार केंद्र के नेटवर्क को देशव्यापी बनाने की सिफारिश भी की थी।

कैंसर के प्रभावी इलाज को लेकर भारत सहित दुनियाभर में निरंतर बड़े स्तर पर शोध कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन अत्याधुनिक उपचार के बावजूद इस बीमारी का अब तक कोई कारगर इलाज नहीं खोजा जा सका है। वैसे चिकित्सा विज्ञान द्वारा कैंसर के इलाज के लिए कई कारगर दवाएं और थैरेपी खोजी जा चुकी हैं। आज कीमोथैरेपी, रेडिएशन थैरेपी, टारगेट थैरेपी, इम्यूनोथैरेपी, बायोलॉजिकल थैरेपी, सर्जरी, रोबोटिक सर्जरी और स्टेम सेल प्रत्यारोपण द्वारा कैंसर के बहुत से मरीजों का सफल इलाज किया भी जा रहा है और कैंसर का इलाज पहले के मुकाबले ज्यादा सुविधाजनक, सफल और कम दुष्प्रभावों के साथ संभव हुआ है। लेकिन इसके बावजूद कैंसर से हो रही मौतों का आंकड़ा वर्ष दर वर्ष बढ़ रहा है। कैंसर के इलाज में बड़ी समस्या यही है कि या तो बीमारी ठीक ही नहीं हो पाती या फिर इलाज के बाद इसके दोबारा वापस लौटने का खतरा बरकरार रहता है। इसके अलावा, कैंसर के इलाज में सबसे बड़ी बाधा इलाज का अत्यधिक महंगा होना और बीमारी का देरी से पता चलना है। लिहाजा, कैंसर से बचाव के लिए जहां इसके प्रति जागरूकता सबसे जरूरी है, वहीं सबसे बड़ी जरूरत इस बात की भी है कि कैंसर के मरीजों के इलाज के लिए सरकार द्वारा हरसंभव सहायता प्रदान की जाए, भले ही ऐसे मरीजों का इलाज सरकारी अस्पतालों में हो या निजी अस्पतालों में, क्योंकि देशभर में कैंसर के मरीजों की संख्या जिस गति से बढ़ रही है, उसके मद्देनजर कैंसर मरीजों के इलाज की कल्पना सिर्फ सरकारी अस्पतालों के भरोसे कदापि नहीं की जा सकती। हालांकि दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में कैंसर के इलाज की सारी सुविधाएं मौजूद हैं और सरकार ने हरियाणा के झज्जर जिले में भी एम्स जैसी ही कैंसर के इलाज की सुविधाएं शुरू की हैं, लेकिन कैंसर के मरीज इतने ज्यादा हैं कि सरकारी अस्पतालों में उनका नंबर आने में ही हफ्तों-महीनों लग जाते हैं और तब तक मरीज की हालत बद से बदतर हो चुकी होती है।

# चेतना की राह

भावना मासीवाल

## दुनिया मेरे आगे

पिछले कुछ सालों से लगातार यह सबके सामने की हकीकत है कि देश के सार्वजनिक मंचों से लेकर कार्यस्थलों तक में महिलाएं अपनी मौजूदगी दर्ज कर रही हैं। जिन्हें अब तक घर की दहलीज की शोभा के तौर पर देखा और पेश किया गया, वे अब योग्यता की परीक्षाओं से लेकर आंदोलनों तक में अपने दम से दुनिया के चौंका रही हैं। यों यह कोई नई प्रवृत्ति नहीं है कि वे हर क्षेत्र में अपनी प्रबल दावेदारी सिद्ध कर रही हैं, वह चाहे अंतरिक्ष हो या समुद्र। दरअसल उन्हें यह दावेदारी दी शिक्षा ने। शिक्षा ही वह औजार है, जिसने महिलाओं को सपने देखने और उन्हें पूरा करने का हौसला दिया और आज भी कितनी ही महिलाएं शिक्षा के जरिए अपने सपनों को बुन रही हैं। मगर कभी किसी ने सोचा कि उनके सपनों को उड़ान कहां से मिली? वह कौन महिला थीं, जिन्होंने महिला शिक्षा की नींव रखी और माना कि महिलाओं का चेतनाशील होना आवश्यक है।

दरअसल, महिलाओं के सशक्तिकरण का रास्ता उनकी चेतना से होकर ही गुजरता है। अपने आसपास महिलाओं की दुनिया पर गौर करते हुए मुझे भी अक्सर लगता रहा कि पढ़ाई-लिखाई का कोई बेहतर हासिल तभी संभव है, जब उसमें जागरूक चेतना का तत्त्व शामिल हो। तो इस दिशा में क्या काम हुए, यह बहुत सारे लोगों को पता है, लेकिन जब मैंने सावित्रीबाई फुले के जीवन-वृत्त को पढ़ा, तब समझ में आया कि एक जड़ पितृसत्तात्मक व्यवस्था को चुनौती देने के लिए शिक्षा के साथ-साथ चेतना के स्तर पर मजबूत होना जरूरी है। सोचती हूं कि कैसा जीवट था उनके भीतर जो आज तक हमारे जैसी तमाम महिलाओं को प्रेरणा देता रहता है। महाराष्ट्र में सतारा जिले के नायगांव में पैदा होने वाली सावित्री का विवाह कम उम्र में ही हो गया था, लेकिन एक शानदार जीवन साथी यानी ज्योतिबा राव फुले के मिलने के बाद उनकी जिंदगी ने जो दिशा पकड़ी, उसमें पहले उन्होंने खुद को शिक्षित बनाया और फिर युवा होते-होते अध्यापिका के रूप में बालिका विद्यालयों में अपनी भूमिका का निर्वाह कर रही थीं। उनके जीवट का अंदाजा इससे लगा सकते हैं कि समाज द्वारा लड़कियों की शिक्षा के विरोध के बावजूद उन्होंने यह चुनौती स्वीकार की। एक स्त्री होने के कारण समाज में स्त्री शिक्षा के विरोध के कारणों को वे जानती थीं।

दरअसल, स्त्रियों का सामाजिक रूढ़िवादी परिवेश उन्हें अशिक्षित बना कर दोयम या गुलाम बनाए रखने की मानसिकता रखता था, ताकि लड़कियां शिक्षा से चेतनाशील होकर महिला विरोधी कुप्रथाओं का विरोध न कर सकें। इसके अलावा, लड़कियों का अपना परिवार भी बड़ा बाधक-तत्त्व था। हम आज भी यह हकीकत अपने आसपास देखते हैं कि परिवार में माता-पिता के बाद बेटी ही घर के सभी कामों में सहयोगी होती है। खुद से छोटे सभी बच्चों की वह दूसरी मां होती है। ऐसे में माता-पिता उसकी शिक्षा को उसके लिए अनुपयोगी मानते थे और उस श्रमजनित हाथ को कम नहीं होने देना चाहते थे।

किसी भी समाज में मौजूद यह सोच लड़कियों को घर तक सीमित कर देती है। ऐसे में सावित्रीबाई फुले के सामने अपने परिवेश की लड़कियों और उनके माता-पिता को शिक्षा के प्रति जागृत करना एक चुनौतीपूर्ण काम था। उन्होंने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए कहा कि 'स्वाभिमान से जीने के लिए/ पढ़ाई करो पाठशाला की/ इंसानों का सच्चा गहना शिक्षा है/ चलो, पाठशाला जाओ।/ पहला काम पढ़ाई, फिर वक्त मिले तो खेल-कूद/ पढ़ाई से फुर्सत मिले, तभी करो घर की साफ-सफाई/चलो, अब पाठशाला जाओ'। आज हम एक छोटी-सी बाधा के सामने टूट जाते हैं, लेकिन एक जड़ सामाजिक दौर में भी उन्होंने ज्योतिबा राव फुले के सहयोग से एक जनवरी 1848 को पुणे में पहला बालिका विद्यालय खोला। यह विद्यालय स्त्री शिक्षा की क्रांति पहला स्तंभ बना।

आज भी एक स्त्री होने के नाते मेरे सहित बाकी महिलाएं भी समाज की दीवारों से अनजान नहीं होंगी। फिर एक जड़ समाज में सावित्रीबाई फुले के रुख को कैसे सहजता से स्वीकार कर लिया जा सकता था? जब वे लड़कियों को पढ़ाने और उनके बीच जाकर जागृति अभियान चलाने की कोशिश करती थीं तो उन पर अंडे, टमाटर, गोबर, पत्थर तक फेंके जाते थे। लेकिन अपने थैले में एक अतिरिक्त साड़ी लेकर उन्होंने इस प्रतिक्रिया का भी सामना किया। एक कविता में उन्होंने रूढ़िवादी समाज की मानसिकता पर लिखा कि 'खुद को सयाना समझने वाले स्वधर्मी/ मुझे भी कहते रहे भला-बुरा/ की छींटाकशी गोबर और पत्थर/ फेंक कर मुझ पर...'।

तब भी यही सच था और आज भी यही है कि स्त्रियां ही समाज का भविष्य हैं। आज की स्त्री जानती है कि स्वाभिमान से जीने का माध्यम शिक्षा है। लेकिन यह भी सच है कि आज आजादी के सत्तर सालों के बाद भी हमें 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के नारे के साथ समाज को जागरूक करने की कोशिश करनी पड़ रही है, लेकिन यह स्थिति करीब पौने दो सौ साल पहले भी थी। सवाल है कि वहां से चल कर हम कहां तक पहुंच सके हैं!

## इस बजट में

लगातार गिरती विकास दर ने भारतीय अर्थव्यवस्था को जिस तरह से संकट में डाल दिया है उससे निकलने की एक बड़ी चुनौती वित्तमंत्री के पास थी। अब जबकि बजट पेश हो चुका है तो ऐसे में एक बड़ा प्रश्न उठता है कि क्या यह बजट भारत को मंदी से निकाल कर अर्थव्यवस्था को वापस ऊंचाइयों पर ले जाएगा! वित्तमंत्री का कहना है कि इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान-कल्याण जैसे बुनियादी मुद्दों पर ध्यान दिया गया है। एक बात तो साफ है कि सरकार ने इस बार पैसा लोगों तक पहुंचाने की पहल की है जो मंदी से उबरने में राम बाण साबित हो सकती है। ऐसे समय में जब उपभोग और निवेश में गिरावट को आर्थिक मंदी की मुख्य वजह माना जा रहा है, ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग बढ़ने के मद्देनजर गांव में रहने वाले निर्धनों की आय बढ़ाने का सार्थक प्रयास किया गया है।

बजट में की गई घोषणाओं का असर आने वाले दिनों में भले अर्थव्यवस्था की रफ्तार में कुछ सुधार के तौर पर देखा जा सकता है, लेकिन फिलहाल उद्योग जगत की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने निराशाजनक प्रतिक्रिया दी भी है। सबसे ज्यादा निराशा ऑटो मोबाइल उद्योग को हुई है। मध्य वर्ग और नौकरीपेशा लोगों की कर दरों में राहत की उम्मीद पूरी हुई है। सरकार 'मेक इन इंडिया' से 'असेंबल इन इंडिया' की तरफ बढ़ने की बात कह रही है। बजट में अब पांच शहर 'पीपीपी मॉडल' पर विकसित करने का सपना है। ऐसा ही सपना स्मार्ट सिटी का भी पूर्व में दिखाया जा चुका है, जो जमीन पर नहीं उतर पाया है।

सरकारी उपक्रमों के विनिवेश के सिलसिले को केंद्र सरकार जारी रखेगी। यह बजट में भी दिख गया है। बीएसएनएल के बाद जीवन बीमा निगम की बारी आने की आशंका को बजट में सच साबित कर दिया गया है। वित्त मंत्री ने भारतीय जीवन बीमा निगम में अपनी भागीदारी घटाने की बात कही है। जिस रफ्तार से नौकरियां जा रही हैं उन्हें देखकर मध्यवर्ग डरा हुआ है। सरकार कितने भी आंकड़े दिखा दे, अपने आसपास ऐसे लोग दिखते ही रहते हैं जिन्हें दो साल से वेतन वृद्धि नहीं मिली। हालत यह है कि किसी की तनख्वाह कम हो गई है तो किसी की नौकरी चली गई।

शेयर बाजार नीचे जा रहा है जो दिखा रहा है कि अर्थव्यवस्था अब भी पटरी पर आने की स्थिति में नहीं है। स्वाभाविक है कि सिर्फ बजट से काम नहीं चलने वाला है और कुछ अन्य ऐसे नीतिगत फैसले लेने होंगे जिनसे गांव, शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ उद्योग को भी फायदा हो।

● *अनु मिश्रा, बिठुना, सिवान, बिहार*

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

**आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com**

## कैसा भविष्य

क्या राजनेताओं के शब्दों को युवा इतनी गंभीरता से लेते हैं कि वे उनसे प्रभावित होकर बिना अपने भविष्य की चिंता किए कुछ भी कर गुजरने के लिए तैयार हो जाएं! देश में हाल की कुछ घटनाएं इसी ओर इशारा करती हैं। युवाओं को समझना होगा कि न्यूटन के क्रिया-प्रतिक्रिया सिद्धांत का प्रयोग भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में किए जाने से ही उनका भविष्य सुरक्षित होगा न कि विरोध प्रदर्शनों के नाम पर कुछ भी करने या विरोध प्रदर्शनों के विरोध में गोलियां चलाकर अपने भविष्य को दांव पर लगाने से।

आखिरकार इतना गुस्सा युवाओं के अंदर भर कौन रहा है? क्या राजनीतिक स्वार्थ के चलते राजनेता अथवा धर्म के आधार पर कुछ धर्म के तथाकथित ठेकेदार? या सत्ता के आधार पर बंट चुका इलेक्ट्रॉनिक मीडिया? जो भी हो, पर ऐसी स्थिति के चलते देश का भविष्य उज्ज्वल हो पाएगा इसमें संदेह है। फिलहाल फैसला युवाओं को करना है कि उन्हें कैसा भविष्य चाहिए!

● *शिवम सिंह, दिल्ली विशवविद्यालय*

## अमन की खातिर

प्रधानमंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा कि पाकिस्तान को धूल चटाने में दस दिन नहीं लगेंगे। बेशक अपनी ताकतवर फौज और नेतृत्व पर हमें गर्व है। मगर पिछले कुछ महीनों से राजनीतिक उथल-पुथल के बीच देश के कई हिस्सों में जनता और पुलिस आमने-सामने हैं। डंके की चोट पर देश में कथित गद्दारों को गोली मारने के लिए ललकारा जा रहा है। शाहीन बाग जैसे मुहल्लों को मिनी पाकिस्तान के नजरिये से देखा जा रहा है। खुलेआम तमंचा लहराते युवा अपने ही देश में हिंदुस्तान ढूंढ़ रहे हैं। ऐसे में सवाल पैदा होता है कि अगर वाकई देश गद्दारों के चंगुल में है तो महीनों से उबलते देश को अंगारों पर क्यों छोड़ दिया गया है? नेताओं के आग उगलते बयानों से क्या हासिल होगा? मुल्क में अमन-चैन की बहाली की खातिर वह दस दिनों वाली ताकत क्यों नहीं आजमाई जा रही है? तमंचा पकड़े नौजवानों को हत्यारा बनाने से बेहतर है कि हिंदुस्तान को हिंदुस्तान बना दिया जाए।

● *एमके मिश्रा, रातू, रांची, झारखंड*

## जुर्म और दंड

निर्भया कांड के चार दोषियों की फांसी की तारीख टलने और सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह द्वारा निर्भया की मां से दोषियों को माफ करने के अनुरोध के बाद, एक बार फिर देश में फांसी की सजा के पक्ष और विपक्ष में बहस जोर पकड़ने लगी है। भारत की सर्वोच्च अदालत ने अलग-अलग निर्णयों में फांसी की सजा पर विभिन्न मत व्यक्त किए हैं। बचन सिंह बनाम पंजाब राज्य (1980) के मामले में उच्चतम न्यायालय ने 'दुर्लभ से दुर्लभतम मामलों' में ही फांसी की सजा देने की हिदायत दी थी। गौरतलब है कि भारत में आखिरी फांसी याकूब मेमन को 2015 में दी गई थी।

किसी मुलजिम को मौत की सजा मिलने पर, पीड़ित परिवार वालों को असल में न्याय मिलने की अनुभूति होती है जबकि कानून की दुनिया में कोई भी शोध यह दावा नहीं करता कि सजा को क्रूरतम कर देने से अपराध में कमी आ जाती है। अब, जब विश्व के अधिकतर देशों ने मौत की सजा पर प्रतिबंध लगा दिया है, तब ऐसे समय में भारत के कानून-निर्माताओं का फांसी की सजा पर गंभीरता से विचार करना जरूरी हो जाता है।

● *आदित्य राव, कानपुर, उत्तर प्रदेश*



## जरा हट के

फरीदाबाद में 34वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में नृत्य प्रस्तुत करती कलाकार। मेले में 40 देशों के कलाकार व शिल्पकार भाग ले रहे हैं।

## बोल

*नेपाल के विकास में भारत न सिर्फ अहम भागीदार है बल्कि वह कारोबार, पारगमन व प्रौद्योगिकी जैसे कई क्षेत्रों में सबसे बड़ा मित्र है।*

*-केपी ओली, नेपाल के प्रधानमंत्री*



## विवाद

*वैश्विक संकट केवल चीन को लेकर घोषित नहीं किया गया है। हमारी चिंता यह है कि जिन देशों में यह वायरस फैल रहा है वहां के हेल्थ सिस्टम बहुत ही खराब हैं।*

*- टेड्रोस ऐडहेनॉम गेब्रीयेसोस डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक*



## सम-सामायिक

# संशोधित गर्भपात विधेयक : कानून से क्या-क्या बदलेगा

जनसत्ता संवाद

केंद्रीय कैबिनेट ने हाल में संशोधित गर्भपात विधेयक यानी 'मेडिकल टमिर्नेशन ऑफ प्रेग्नेंसी बिल 2020' को मंजूरी दे दी। विधेयक को संसद के सत्र में रखे जाने की तैयारी है। इस विधेयक में गर्भपात की अधिकतम सीमा 20 हफ्ते से बढ़कर 24 हफ्ते कर दी गई है। महिलाओं के साथ ही चिकित्सकों एवं स्वयंसेवी संगठनों की ओर से अरसे से ऐसी मांग की जा रही थी। अदालतें समय-समय पर इसकी जरूरत बताती रही हैं।

गर्भपात अधिनियम (मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट 1971) में संशोधन के लिए साल 2014 से ही विभिन्न हितधारकों से चर्चा की जा रही थी। इसके लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में मंत्रियों के समूह का गठन किया गया था। विधेयक का मसविदा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने तैयार किया है, जिसमें कहा गया है कि दुष्कर्म पीड़िताओं और नाबालिगों को अनचाहे गर्भ से निजात पाने में मदद मिलेगी।

इस विधेयक से गैर शादीशुदा महिलाओं को विधि सम्मत कारणों के तहत गर्भपात की इजाजत मिलेगी। अभी तक केवल शादीशुदा महिलाओं को ही विभिन्न वजहों से गर्भपात की इजाजत थी। इससे एकल महिलाओं के लिए कानूनी दायरे में और सुरक्षित तरीके से अनचाहे गर्भ को गिराना आसान हो जाएगा।

संशोधक विधेयक में प्रस्ताव किया गया है कि गर्भावस्था के 20 सप्ताह तक गर्भपात कराने के लिए एक चिकित्सक की राय लेने की जरूरत होगी, जबकि, गर्भावस्था के 20 से 24 सप्ताह तक गर्भपात कराने के लिए दो चिकित्सकों की राय लेनी जरूरी होगी। अभी जो कानून है उसके अंतर्गत गर्भ-निरोधक के काम न करने या अनचाहे गर्भ को गिराने के लिए कानून मंजूरी सिर्फ विवाहित महिलाओं को मिल सकती है। नाबालिग लड़कियों के लिए माता-पिता की लिखित में इजाजत चाहिए होती है, जबकि अविवाहित महिलाएं गर्भ-निरोधक के काम नहीं करने को गर्भपात की वजह नहीं बता सकतीं।

कानून के तहत मां की जान को खतरा होने पर, बलात्कार के कारण गभर्धारण होने पर, बच्चे के शारीरिक-मानसिक दुर्बल होने पर या गर्भ-निरोधक के काम न करने पर गर्भ को 20 हफ्ते के अंदर ही गिराया जा सकता है। सरकार के अविवाहित महिलाओं को लेकर कानून में साफ-साफ शामिल करने से एकल महिलाओं की यौन गतिविधियों से जुड़ा सामाजिक दबाव भी कम होगा।

कई घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिस कारण कानून में बदलाव की जरूरत महसूस की जाने लगी थी। उदाहरण के लिए 10 साल की एक बलात्कार पीड़िता बच्ची के गर्भपात की इजाजत अदालत ने नहीं दी थी। बच्ची के माता-पिता को उसकी गर्भावस्था के बारे में 26 हफ्ते बीत जाने के बाद पता चला था, लेकिन गर्भपात कानून की वजह से 10 साल की उम्र में उस बच्ची को मां बनना पड़ा था। तब सवाल उठा था कि क्या बच्ची की उम्र ऐसी थी कि वह एक बच्चे की परवरिश कर सके।

2017 में बिहार की एक एचआइवी पॉजिटिव बलात्कार पीड़िता का गर्भ भी 26 हफ्ते पार कर चुका था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उसे गर्भपात कराने की इजाजत नहीं दी थी। आधार उस रिपोर्ट को बनाया गया था, जो कहती थी कि 26 हफ्ते के बाद गर्भपात जानलेवा हो सकता है। मजबूरन उसने एक एचआइवी पॉजिटिव बच्चे को ही पैदा किया। वर्ष 2017 में ही जब 26 हफ्ते की गर्भवती महिला उसके गर्भ में एक डाउन सिंड्रोम बच्चे के होने का पता चला। सुप्रीम कोर्ट ने उसे गर्भपात की इजाजत नहीं दी। हालांकि, तब कोर्ट ने यह माना था कि एक मां के लिए एक मानसिक रूप से अक्षम बच्चे को बड़ा करना बहुत मुश्किलों भरा होता है।



### अदालत की चौखट पर तर्क

**गर्भपात कानून में संशोधन की मांग करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट में दायर एक जनहित याचिका में कहा गया कि महिला और उसके भ्रूण के स्वास्थ्य के खतरे को देखते हुए गर्भपात कराने की अवधि 20 सप्ताह से बढ़ाकर 24 से 26 हफ्ते कर दी जाए, जिस तरह से गर्भधारण का अधिकार महिला के पास है, उसी तरह से गर्भपात कराने का भी अधिकार महिला के पास होना चाहिए, अविवाहित महिला व विधवाओं को भी कानूनी रूप से गर्भपात कराने की अनुमति दी जाए।**

## शोध

# कॉन्टैक्ट लेंस से होगी मधुमेह की पहचान

जनसत्ता संवाद

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, दुनिया भर में इस समय 42.2 करोड़ लोग मधुमेह से पीड़ित हैं। 30 सालों में मधुमेह पीड़ितों की संख्या में चार गुना वृद्धि हुई है। मधुमेह से पीड़ित लोगों को दिल का दौरा और हृदयाघात (हार्ट स्ट्रोक) हो सकता है। वहीं इससे किडनी फेल और पैरों के निष्क्रिय होने जैसी समस्याओं का सामना भी करना पड़ सकता है। इस बीमारी का पता खून की जांच से ही लगाया जा सकता है। यही कारण कि जांच में देरी इस बीमारी का एक बड़ा कारण है। वहीं हाल ही में दक्षिण कोरिया के शोधकर्ताओं ने एक ऐसे कॉन्टैक्ट लेंस को विकसित किया है जो मधुमेह की पहचान करने के साथ मधुमेह से आंखों में होने वाली बीमारी से डायबिटीज रेटिनोपैथी का इलाज भी करता है।

दक्षिण कोरिया के पोहांग यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (पीओएसटीईसीएच) के शोधकर्ताओं ने एक स्मार्ट कॉन्टैक्ट लेंस विकसित किया है। शोधकर्ता प्रोफेसर शी क्वांग हान और उनके शोध दल सहित उनके पीएचडी छात्र, जियोन-हुई ली ने एक स्मार्ट फोटोनिक कॉन्टैक्ट लेंस और एक पहनने योग्य चिकित्सा उपकरण का आविष्कार किया जो मधुमेह की पहचान कर मधुमेह संबंधी बीमारी रेटिनोपैथी का इलाज कर सकता है।

मधुमेह के रोगियों को खाना खाने से पहले और खाना खाने के बाद रक्त में शर्करा (ग्लूकोज) के स्तर को मापने के लिए खून के नमूनों की आवश्यकता होती है। इसके लिए मरीज के हाथों में पिन चुभाकर रक्त का नमूना लिया जाता है, हर बार ऐसा करना मरीज के लिए थोड़ा पीड़ादायक होता है। लेकिन इस स्मार्ट कॉन्टैक्ट लेंस को आंखों में पहनने मात्र से रक्त में शर्करा के स्तर का पता चल सकेगा और खून के नमूने की जरूरत नहीं पड़ेगी। दरअसल यह स्मार्ट कॉन्टैक्ट लेंस लाइट एमिटिंग डायोड (एलईडी) से युक्त है। इस लेंस में एक एकीकृत माइक्रो-एलईडी और फोटोडेटेक्टर है जो एनआईआर प्रकाश का विश्लेषण करके रक्त वाहिकाओं में शर्करा को माप सकता है। यह अपनी तरह का पहला कॉन्टैक्ट लेंस है जो केवल मरीज के आंसुओं से ही उसके रक्त में शर्करा के स्तर का पता लगा लेता है और रेटिनोपैथी की समस्या से जूझ रहे मरीजों के इलाज में मदद पहुंचाता है। यह नया विकसित उपकरण न केवल मधुमेह रोगियों को रक्त में शर्करा के स्तर की निगरानी करने देगा, बल्कि रेटिनोपैथी के लिए चिकित्सा उपचार भी सक्षम करेगा जो मधुमेह की जटिलताओं के कारण होता है।

शोधकर्ताओं ने इस कॉन्टैक्ट लेंस का परीक्षण खरगोश पर किया है। इन खरगोश की आंखों में डायबेटिक रेटिनोपेथी की समस्या थी। एक महीने बाद जब इन खरगोशों के आंखों की पुनः जांच की गई तो इसके परिणाम चकित कर देने वाले थे। शोधकताओं ने पाया कि डायबिटिक रेटिनोपैथी से ग्रसित खरगोशों में नई रक्त वाहिकाओं के उत्पादन में उल्लेखनीय कमी आई थी। खरगोश पर हुए सफल परीक्षण के बाद जल्द ही इस कॉन्टैक्ट लेंस का प्रयोग इंसानों की आंखों पर किया जाएगा। इस साल के मध्य में इसके क्लीनिकल परीक्षण शुरू होने की संभावना है। यह शोध जर्नल नेचर रिव्यू मैटेरियल्स में प्रकाशित किया गया है।

प्रोफेसर शी क्वांग हान और उनके शोध दल ने इन परिणामों के आधार पर एक स्मार्ट पहनने योग्य चिकित्सा उपकरण भी विकसित किया है जो पसीने से ही रक्त में शर्करा (ग्लूकोज) के स्तर का पता लगा सकता है। इसके अलावा इस शोध दल ने पीएचआई बायोमेड कंपनी के साथ, एक ब्लू-टूथ सिस्टम भी विकसित किया है जो मरीजों को उनके मोबाइल फोन पर मधुमेह से जुड़े परिणाम या आंकड़ों को भेजता है।

प्रोफेसर हान ने कहा, 'हमने स्मार्ट एलईडी कॉन्टैक्ट लेंस विकसित किया है जो मधुमेह की पहचान कर सकता है और दुनिया में पहली बार प्रकाश के साथ मधुमेह संबंधी रेटिनोपैथी का इलाज कर सकता है। हम स्टैनफोर्ड मेडिसिन के सहयोग से इन स्मार्ट कॉन्टैक्ट लेंस और स्मार्ट पहनने योग्य चिकित्सा उपकरणों के व्यवसायीकरण की योजना भी बना रहे हैं।'

**दक्षिण कोरिया के पोहांग यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के शोधकर्ताओं ने एक स्मार्ट कॉन्टैक्ट लेंस विकसित किया है जो मधुमेह की पहचान कर मधुमेह संबंधी बीमारी रेटिनोपैथी का इलाज कर सकता है।**



## विश्व परिक्रमा

### ब्रिटेन का ब्रेग्जिट समझौते पर दस्तखत

**रविवार, 26 जनवरी :** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने यूरोपीय संघ से अलग होने के समझौते पर शुक्रवार को हस्ताक्षर कर दिए। इस समझौते पर हस्ताक्षर करने के साथ ही ब्रिटेन ने यूरोपीय संघ की दशकों पुरानी अपनी सदस्यता को समाप्त कर दिया है और कई वर्षों की देरी के बाद अपने करीबी पड़ोसियों तथा व्यापारिक साझेदारों का साथ छोड़ दिया है।

### चीन में कोरोना वायरस से 56 मरे

**सोमवार, 27 जनवरी :** चीन में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या रविवार को 56 हो गई। वायरस चीन के अन्य शहरों में भी फैल रहा है और इसकी चपेट में तकरीबन 2000 लोग आ गए है। चीन ने दक्षिण शहर शांताउ को बंद कर दिया है।

### कोबी ब्रायंट की दुर्घटना में मौत

**मंगलवार, 28 जनवरी :** नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन के दिग्गज खिलाड़ी कोबी ब्रायंट की रविवार को हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई। इस दुर्घटना में कोबी की 13 साल की बेटी के साथ सात अन्य लोग की भी मौत हो गई।



डोनाल्ड ट्रंप

### अमेरिका ने दी चीन न जाने की सलाह

**बुधवार, 29 जनवरी :** चीन में फैले कोरोना वायरस के घातक प्रकोप के बीच अमेरिका ने अपने नागरिकों को हुबेई प्रांत की यात्रा न करने की सख्त हिदायत दी है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक यात्रा परामर्श में कहा, चीन के वुहान में कोरोनो वायरस के मामले सामने आने की वजह से चीन की यात्रा पर पुनर्विचार करें।

### ट्रंप पर आरोप राजनीतिक रूप से प्रेरित

**गुरुवार, 30 जनवरी :** अमेरिका में महाभियोग में चल रही सुनवाई में डोनाल्ड ट्रंप का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने कहा कि राष्ट्रपति के खिलाफ सत्ता के दुरुपयोग संबंधी लगाए गए आरोप 'राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं।'

### कोरोना को रोकने के लिए चार अरब डॉलर

**शुक्रवार, 31 जनवरी :** चीन ने खतरनाक कोरोना वायरस को रोकने के प्रयासों को बल प्रदान करने के लिए गुरुवार को करीब चार अरब डॉलर की राशि आवंटित की, वहीं जैक मा और बिल एंड मेलिंडा गेट्स के संगठन भी मदद कर रहे हैं। चीन के वुहान में दिसंबर में कोरोना वायरस का संक्रमण शुरू हुआ।

### दुनिया में स्वास्थ्य आपातकाल घोषित

**शनिवार, 1 फरवरी :** दुनिया के एक दर्जन से ज्यादा देशों में फैले खतरनाक कोरोना वायरस को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वैश्विक आपात घोषित कर दिया है। डब्ल्यूएचअ ने इसे 'अभूतपूर्व घटनाक्रम' बताया है क्योंकि यह विषाणु दूसरे देशों के लिए खतरा पैदा करता है।

## जानें-समझें

### एलआइसी का विनिवेश

# कभी थी खरीदार, क्यों आज बेचने की दरकार

दीपक रस्तोगी

'भरोसे का प्रतीक' कही जाने वाली भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआइसी) में सरकार अपनी हिस्सेदारी बेचने का ऐलान कर चुकी है। यह हिस्सेदारी किसी हालत में एलआइसी की कुल कीमत का 10 फीसद से ज्यादा नहीं होगी, लेकिन सरकार के इस फैसले का विरोध होने लगा है। एलआइसी के कर्मचारी संगठनों ने इसे देश के खिलाफ करार देते हुए चार फरवरी को एक दिन के लिए देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। विशेषज्ञों की राय में एलआइसी की हिस्सेदारी बेचने की कवायद (आइपीओ) दशक का सबसे बड़ा आइपीओ साबित हो सकता है और उसके बाद एलआइसी पूंजी के आधार पर देश की सबसे बड़ी कंपनी तक बन सकती है, जिसका बाजार मूल्यांकन आठ से 10 लाख करोड़ रुपए तक हो सकता है। समर्थन-विरोध से इतर सवाल यही है कि आखिर ऐसी क्या नौबत आ गई कि सरकार अपने भरोसे के प्रतीक को ही बेचने चली है।

### अगाध परिसंपत्तियां और हिस्सेदारी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2.1 लाख करोड़ रुपए का विनिवेश लक्ष्य रखा है, जो कि अब तक का सबसे ज्यादा है। इनमें से एलआइसी और आइडीबीआइ से 90 हजार करोड़ रुपए हासिल करने की योजना है। भारत के बीमा बाजार में इस कंपनी का 70 फीसद से ज्यादा पर कब्जा है। कुल जीवन बीमा में से 76.28 फीसद और प्रथम वर्ष के 71 फीसद बीमा एलआइसी के पास हैं। 2019 में इसकी कुल परिसंपत्तियां 31 लाख करोड़ रुपए की आंकी गई थीं। साल 2019 के वित्तीय वर्ष में एलआइसी को 3.37 खरब रुपए की कमाई ग्राहकों से मिलने वाले प्रीमियम से हुई, जबकि 2.2 खरब रुपए निवेश से रिटर्न के रूप में मिले। 2019 के वित्तीय वर्ष में इक्विटी इनवेस्टमेंट के तौर पर एलआइसी का निवेश 28.32 खरब रुपए, जबकि 1.17 खरब रुपए कर्ज के तौर पर और 34,849 करोड़ रुपए मुद्रा बाजार में है। एलआइसी में सरकार की हिस्सेदारी 100 फीसद है। अपने वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में एलआइसी का आइपीओ आएगा।

### क्या कहता है एलआइसी अधिनियम

1956 में भारत में जीवन बीमा के कारोबार के राष्ट्रीयकरण के तहत एलआइसी अधिनियम तैयार किया गया था। सरकार को एलआइसी का आइपीओ लाने से पहले एलआइसी अधिनियम में संशोधन करना होगा। भले ही देश के बीमा उद्योग पर इंश्योरेंस रेगुलेटरी डेवलपमेंट अथॉरिटी (आइआरडीए) निगरानी करती है, लेकिन एलआइसी के कामकाज के लिए संसद ने अलग से कानून बना रखा है। एलआइसी अधिनियम की धारा 37 कहती है कि एलआइसी बीमा की राशि और बोनस को लेकर अपने बीमाधारकों से जो भी वादा करती है, उसके पीछे केंद्र सरकार की गारंटी होती है। प्राइवेट सेक्टर की बीमा कंपनियों को ये सुविधा हासिल नहीं है। विनिवेश के लिए इस गारंटी को बदलने की जरूरत होगी।

### एनपीए का बढ़ता बोझ

अब तक जो एलआइसी कंपनियों के शेयर खरीद रही थी, अब सरकार उसी की हिस्सेदारी बेचेगी। दरअसल, बीमार कंपनियों में पैसा लगाने और सकारात्मक नतीजे नहीं आने के कारण बीते पांच साल में एलआइसी की हालत लगातार खस्ता हुई है। बीते पांच साल में कंपनी की गैर निष्पादित परिसंपत्तियां (नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स, यानी एनपीए) दोगुने स्तर तक पहुंच गए। कंपनी की सालाना रिपोर्ट के मुताबिक मार्च 2019 तक एनपीए का आंकड़ा निवेश के अनुपात में 6.15 फीसद हो गया। 2014-15 में एनपीए 3.30 फीसद के स्तर पर था। पांच साल में एलआइसी का एनपीए 100 फीसद बढ़ा है। 31 मार्च 2019 को कंपनी के सकल एनपीए 24 हजार 777 करोड़ रुपए थे, जबकि कंपनी पर कुल देनदारी यानी कर्ज चार लाख करोड़ रुपए से अधिक का था। एलआइसी की कुल परिसंपत्तियां 36 लाख करोड़ रुपए की हैं।

### कैसे आई बदहाली

एलआइसी ने जिन कंपनियों में उसने निवेश किया था उनकी माली हालत बेहद खराब हो गई है और कई कंपनियां तो दिवालिया होने की कगार पर पहुंच गई हैं। इनमें दीवान हाउसिंग रिलायंस कैपिटल, इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस, पीरामल कैपिटल और यस बैंक शामिल हैं। दीवान हाउसिंग में एलआईसी का हिस्सा 6500 करोड़ से अधिक का है। रिलायंस कैपिटल में चार हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश है। एबीजी शिपयार्ड, एमटेक ऑटो और जेपी ग्रुप में भी एलआइसी ने काफी निवेश किया है। आइडीबीआइ की 51 फीसद हिस्सेदारी के लिए एलआइसी को करीब 10,000 से 13,000 करोड़ रुपए तक का निवेश करना पड़ा। वर्ष 2015 में ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) के आइपीओ के समय एलआइसी ने 1.4 अरब डॉलर की रकम लगाई थी।

### क्या कहते हैं जानकार




फाइल फोटो



सरकार को एलआइसी के आइपीओ से 70,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की उम्मीद है। सरकार सभी पॉलिसीधारकों के हितों की रक्षा करेगी। एलआइसी की आइपीओ लिस्टिंग से पारदर्शिता आएगी और लोगों की भागीदारी बढ़ेगी।

*- राजीव कुमार, केंद्रीय वित्त सचिव*



एलआइसी में सरकारी हिस्सेदारी में किसी भी तरह की छेड़छाड़ से बीमाधारकों का इस संस्थान पर से भरोसा हिला देगा। सार्वजनिक क्षेत्र की दूसरी कंपनियों के लिए जब भी पैसे की जरूरत पड़ती है, एलआइसी हमेशा से आखिरी सहारा रहा है।

*- राजेश निम्बालकर, महासचिव, ऑल इंडिया लाइफ इंश्योरेंस इंप्लाइज फेडरेशन*

## व्यक्तित्व

# किसान चाची : कृषि के लिए मिला पद्मश्री

जनसत्ता संवाद

देश ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर 112 विभूतियों को पद्म पुरस्कारों से नवाजा। इनमें से एक नाम राजकुमारी देवी का भी रहा। मुजफ्फरपुर के आनंदपुर गांव की रहने वाली राजकुमारी देवी को पद्मश्री से नवाजा गया। उन्हें यह सम्मान कृषि क्षेत्र यानी खेतीबाड़ी में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए मिला है। वह बिहार की पहली महिला कृषक हैं, जिन्हें यह सम्मान मिला है। राजकुमारी देवी न सिर्फ खेती करती है बल्कि उन्होंने गांव की महिलाओं के साथ मिलकर स्वयं सहायता समूह की शुरुआत भी की है। उनके इस कदम से सैकड़ों महिलाएं आत्मनिर्भर बनी हैं।

खेती से जुड़े ज्ञान और उनकी बुद्धिमता को देखकर गांव वाले उन्हें प्यार से किसान चाची के नाम से जानते हैं। आज वह इसी नाम से देश-दुनिया में भी जानी जाती हैं। राजकुमारी देवी ने महिला किसान के तौर पर सामाजिक बाधाओं को दरकिनार कर कृषि के क्षेत्र में अपनी राष्ट्रीय पहचान बनाई है। एक आम महिला से किसान चाची होना और पद्मश्री जैसा सम्मान पाने तक का सफर उनके लिए आसान नहीं था। लेकिन आज वो सभी महिलाओं की रोल मॉडल बन चुकी हैं। गरीब परिवार में जन्मीं राजकुमारी देवी की शादी एक किसान परिवार में हुई थी। शादी के कुछ ही सालों बाद उन्हें पति के साथ घर से अलग कर दिया गया। बंटवारे के बाद मिले ढाई एकड़ जमीन से अपने परिवार का पालन पोषण करना राजकुमारी देवी और उनके पति के लिए मुश्किल था। इसलिए राजकुमारी देवी ने फैसला किया कि वो घर में ना रह कर जमीन से पैसे कमाएंगी। इसके लिए उन्होंने खेतों में काम करना शुरू किया।

राजकुमारी देवी को खेती की जानकारी नहीं थी इसलिए उन्होंने पूसा कृषि विद्यालय से उन्नत कृषि की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद अपने खेत में ओल और पपीता लगाया। खेतों में लगे ओल को उन्होंने बाजार में बेचने की जगह आचार बनाया। आचार बेचने से उन्हें अच्छी आय होने लगी। गांव की महिलाओं को जब इसका पता चला तो वो भी राजकुमारी देवी से सीखने आने लगीं। फिर उन्होंने दूसरी महिलाओं को भी खेती और आचार बनाना सिखाया। इस तरह सब उन्हें किसान चाची कहने लगे।



किसान चाची बनते ही आसपास के पुरुष किसान भी उनसे सलाह लेने और उनसे अपने घर की महिलाओं को भी कृषि के गुर सिखाने की सिफारिश करने लगे। फिर क्या था किसान चाची गांव-गांव जाकर महिलाओं के लिए स्वयं सहायता समूह बनाने लगी। वह साइकिल से हर दिन 40-50 किलोमीटर का सफर तय करके महिलाओं और दूसरे किसानों को खेती करना, फूड प्रोसेसिंग की बारीकियां और मूर्ति बनाना सिखाने लगीं। 2003 में सरैया मेले में उनके काम को सराहा गया। 2007 में किसानश्री अवार्ड मिला तो नाम राष्ट्रीय फलक तक पहुंचा। पद्मश्री मिलने को किसान चाची ग्रामीण महिलाओं का सम्मान मानती हैं। राजकुमारी देवी ने कहा, 'सशक्तीकरण तभी होगा जब महिलाएं रूढ़ियों को तोड़ अपना रास्ता स्वयं बनाने लगेंगी।'

अब तक किसान चाची चालीस से अधिक स्वयं सहायता समूह बना चुकी है।



www.readwhere.com

# पुलवामा में जैश से जुड़े चार लोग गिरफ्तार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

जम्मू कश्मीर में पुलवामा जिले के अवंतिपोरा इलाके में सोमवार को पुलिस ने आतंकी समूह जैश ए मोहम्मद के लिए काम करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया, 'अवंतिपोरा पुलिस ने आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद से जुड़े चार लोगों को गिरफ्तार किया है।'

गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान मोहम्मद आमीन, मोहम्मद रफीक, ख्रेव निवासी फयाज लोन और अवंतिपोरा निवासी मकबूल डार के रूप में की गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार किए गए लोग अवंतिपोरा में सक्रिय जैश ए मोहम्मद के आतंकियों की मदद करते थे।

जांच में पता चला कि वे अवंतिपोरा में मुठभेड़ में मारे गए कमांडर कारी यासिर और उनके सहयोगी समेत जैश ए मोहम्मद के सक्रिय आतंकवादियों को साजोसामान और आश्रय प्रदान कर रहे थे। प्रवक्ता ने कहा, 'पुलिस क्षेत्र में आतंकी गतिविधियों में शामिल होने और क्षेत्र के सक्रिय आतंकवादियों का सहयोग करने में चार अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।'

# राज्यसभा : सीएए और एनपीआर पर चर्चा को अड़ा विपक्ष

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) का मुद्दा नियम 267 के तहत उठाने पर अड़े विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण राज्यसभा में सोमवार को राष्ट्रपति अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हो सकी और तीन बार के स्थगन के बाद सदन की बैठक दोपहर तीन बजकर करीब दस मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे की वजह से उच्च सदन में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो पाया।

एनपीआर और सीएए का मुद्दा नियम 267 के तहत उठाने की अनुमति देने की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण तीन बार के स्थगन के बाद दोपहर तीन बजे बैठक शुरू होने पर उपसभापति हरिवंश ने भाजपा के भूपेंद्र यादव से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश करने को कहा।

इस बीच, तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने एनपीआर और सीएए का मुद्दा नियम 267 के तहत उठाने की अनुमति देने की मांग पर नारेबाजी शुरू कर दी। उपसभापति हरिवंश ने सदस्यों से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में हिस्सा लेने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे जिन मुद्दों को उठाना चाहते हैं, उन्हें चर्चा के दौरान उठा सकते हैं।

इससे पहले सुबह 11 बजे उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति एम वेंकैया नायडू ने सूचित किया कि उन्हें कांग्रेस के गुलाम नबी आजाद, आनंद शर्मा, माकपा के टी के रंगराज और इलामारम करीम, भाजपा के विनय विश्वम और बसपा सदस्य सतीश चंद्र मिश्र ने एनपीआर और सीएए पर चर्चा करने के लिए नियम 267 के तहत नोटिस दिए हैं। उन्होंने कहा कि सदस्य राष्ट्रपति अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान अपने अपने मुद्दे उठा सकते हैं, इसके लिए शून्यकाल स्थगित करना जरूरी नहीं है।नायडू जब अपनी बात कह रहे थे, उसी दौरान कांग्रेस के बी के हरिप्रसाद, बसपा के सतीश चंद्र मिश्र, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, माकपा के टी के रंगराजन तथा अन्य सदस्य अपने अपने मुद्दे उठाने पर जोर देने लगे। सभापति ने कहा कि उन्होंने व्यवस्था दे दी है। इसके बाद उन्होंने दोपहर बारह बजे तक कार्यवाही स्थगित कर दी। बारह बजे कार्यवाही शुरू होने के बाद फिर वहीं स्थिति रही जिसको देखते हुए उपसभापति ने कार्यवाही दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी।

दोपहर दो बजे सदन की बैठक शुरू होने पर उप सभापति हरिवंश ने भाजपा के भूपेंद्र यादव को राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश करने को कहा। लेकिन कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, बसपा, सपा के सदस्यों ने अपने स्थानों पर खड़े हो कर उनके मुद्दे उठाए जाने की मांग की और हंगामा शुरू हो गया।

# एल्गार परिषद प्रकरण : 11 लोग यूएपीए और भादंसं के तहत आरोपित

पुणे, 3 फरवरी (भाषा)।

राष्ट्रीय जांच एजंसी (एनआइए) ने एल्गार परिषद मामले में प्राथमिकी दर्ज की है और जेल में बंद नौ व्यक्तियों समेत 11 लोगों को यूएपीए और भादंसं के प्रावधानों के तहत आरोपित किया है। कुछ दिन पहले ही केंद्र ने महाराष्ट्र का यह मामला उसे सौंपा था। आरोपियों के वकील सिद्धार्थ पटेल ने बताया कि पुणे पुलिस ने जांच के दौरान इस मामले में भादंसं की धारा 124 ए (देशद्रोह) लगाई थी लेकिन एनआइए की प्राथमिकी में ऐसा कोई आरोप नहीं है।

महाराष्ट्र के कोरेगांव भीमा में एक जनवरी, 2018 को एक युद्ध स्मारक के समीप हिंसा भड़क गई थी। उससे एक दिन पहले पुणे के शनिरवाडा इलाके में एलगार परिषद की बैठक में कथित रूप से भड़काऊ भाषण दिया गया था। पुणे पुलिस ने दावा किया कि इस बैठक को प्रतिबंधित माओवादी संगठनों का समर्थन प्राप्त था और उसने घटना के सिलसिले में सामाजिक कार्यकर्ताओं–सुधीर धावले, रोना विल्सन, सुरेंद्र गाडलिंग, महेश राउत, सोमा सेन, अरुण फरीरा, वर्नोन गोंजालविस, सुधा भारद्वाज और वरवर राव को नक्सलियों के साथ कथित संबंध को लेकर गिरफ्तार किया। केंद्र ने 24 जनवरी को इस मामले को पुणे पुलिस से लेकर केंद्रीय एजंसी एनआइए को सौंप दी। विश्रामबाग थाने में इस संबंध में मामला दर्ज किया गया था।

एनआइए की प्राथमिकी उसके द्वारा पुणे की विशेष अदालत में दिए गए आवेदन का हिस्सा है जिसमें जब्त डाटा, अदालत रिकार्ड और सुनवाई संबंधी ब्योरा मांगा गया है। इस प्राथमिकी में 11 लोगों को भादंसं की धाराओं 153 ए (समूहों के बीच वैमनस्यता को बढ़ावा देना), 505 (1)(बी) (लोगों के बीच भय या घबराहट पैदा करने की मंशा या आशंका वाले कृत्य), 117 (लोगों या दस से अधिक व्यक्तियों द्वारा अपराध के लिए उकसाना) के तहत आरोपित किया गया है।

# चिन्मयानंद मामले की सुनवाई लखनऊ जिला अदालत स्थानांतरित

प्रयागराज, 3 फरवरी (भाषा)।

इलाहाबाद होई कोर्ट ने स्वामी चिन्मयानंद मामले की सुनवाई शाहजहांपुर से लखनऊ जिला अदालत स्थानांतरित करने का सोमवार को आदेश दिया। पीड़िता ने अदालत में आशंका जताई थी कि चिन्मयानंद शाहजहांपुर की एक कद्दावर हस्ती है और वह प्रमाण को प्रभावित या उसके साथ छेड़छाड़ करने में सक्षम है, इसलिए उसके गृहनगर यानी शाहजहांपुर में निष्पक्ष सुनवाई प्रभावित हो सकती है।

अदालत ने कहा, 'निचली अदालत इस मामले को प्राथमिकता के आधार पर लेगी और संभव हो सके तो दिन प्रतिदिन के आधार पर सुनवाई करेगी। मुकदमे का निस्तारण एक साल के भीतर कर दिया जाए।'

# रोजवैली की तीन कंपनियों की संपत्तियां कुर्क

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रोज वैली पोंजी घोटाले से जुड़ी एक धनशोधन जांच के सिलसिले में तीन कंपनियों की 70 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियां कुर्क की हैं। इनमें से एक अभिनेता शाहरुख खान द्वारा प्रवर्तित आइपीएल क्रिकेट टीम से जुड़ी कंपनी भी शामिल है।

ईडी के अधिकारियों के मुताबिक, इन तीन कंपनियों में शामिल हैं– मल्टीपल रिजॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, सेंट जेवियर्स कालेज, कोलकाता और नाइट राइडर्स स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इसके अलावा कई जगहों पर जमीनें और होटल भी कुर्क किए गए हैं।

प्रवर्तन निदेशालय ने एक बयान में कहा, 'रोज वैली समूह से धनराशि प्राप्त करने वाली विभिन्न इकाइयों और व्यक्तियों एवं संबंधित इकाइयों की 70.11 करोड़ रुपए के अंकित मूल्य की चल एवं अचल संपत्तियां धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत अस्थाई रूप से कुर्क की गई हैं।' तीन कंपनियों के बैंक खातों को भी कुर्क किया गया है, जो कुल 16.20 करोड़ रुपए हैं।

इसके अलावा नवीनतम आदेश के तहत पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले में रामनगर और महीशदल स्थित 24 एकड़ जमीन, मुम्बई के दिलकाप चैम्बर्स स्थित एक फ्लैट, कोलकाता के न्यू टाउन में ज्योति बसु नगर स्थित एक एकड़ जमीन और रोज वैली समूह का एक होटल भी कुर्क किया गया है।

इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) की 'कोलकाता नाइट राइडर्स' का स्वामित्व द नाइट राइडर्स स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के पास है और इसके निदेशकों में अभिनेता शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान के साथ ही अभिनेत्री जूही चावला के पति जय मेहता शामिल हैं।

प्रवर्तन निदेशालय ने कंपनी, उसके अध्यक्ष गौतम कुंडू और अन्य के खिलाफ 2014 में पीएमएलए के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। कुंडू को ईडी ने कोलकाता से 2015 में गिरफ्तार किया था। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने कोलकाता और भुवनेश्वर की अदालतों में कई आरोपपत्र दायर किए हैं।

# हिज्बुल कमांडर से संबंधों पर पूर्व विधायक से होगी पूछताछ

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

राष्ट्रीय जांच एजंसी (एनआइए) हिज्बुल मुजाहिदीन के स्वयंभू कमांडर नवीद 'बाबू' से संबंधों के मामले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व विधायक शेख अब्दुल राशिद से पूछताछ करेगी। नवीद को जम्मू-कश्मीर पुलिस के निलंबित डीएसपी देविंदर सिंह के साथ गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों के मुताबिक, नवीद ने दावा किया है कि वह राशिद के संपर्क में था। अवामी इत्तेहाद पार्टी के नेता और 'राशिद इंजीनियर' के नाम से जाने जाने वाले राशिद ने उत्तर कश्मीर के लंगेट से 2014 विधानसभा चुनाव निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर लड़ा था।

एनआइए ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों संबंधी एक मामले में नौ अगस्त को उसे गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से वह तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में है। अधिकारियों ने बताया कि जांच एजंसी राशिद को समन जारी करने को लेकर पेशी वारंट हासिल करने के लिए अदालत के पास जाएगी, ताकि पूर्व विधायक के नवीद से संबंध के बारे में पूछताछ की जा सके। वह छह फरवरी तक एनआइए की हिरासत में है। नवीद को 11 जनवरी को देविंदर सिंह के साथ गिरफ्तार किया गया था। नवीद का पूरा नाम सैयद नवीद मुश्ताक अहमद है। डीएसपी सिंह, नवीद समेत दो अन्य लोगों को कश्मीर घाटी से कथित रूप से बाहर ले जा रहा था। नवीद ने पूछताछ के दौरान कहा था कि वह एक पूर्व विधायक के लगातार संपर्क में था। अधिकारियों के मुताबिक नवीद ने दावा किया है कि उत्तरी कश्मीर में आतंकवादियों का मजबूत ठिकाना बनाने के लिए वह पूर्व विधायक के नियमित संपर्क में था और छिपने के संभावित इलाके की तलाश कर रहा था। अधिकारियों ने राशिद से पूछताछ की जरूरत को सही बताते हुए कहा कि यह निश्चित ही एक गंभीर अपराध है।

# भाजपा ने हेगड़े को कारण बताओ नोटिस जारी किया

पेज 1 का बाकी

खबर आई थी कि महात्मा गांधी को लेकर अपने नेता अनंत हेगड़े के विवादित बयान पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने कड़ी नाराजगी जताई है। पार्टी ने उनकी टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा कि महात्मा गांधी का किसी भी प्रकार का अपमान कतई स्वीकार्य नहीं है।हेगड़े ने बंगलुरू के एक कार्यक्रम में कथित तौर पर दावा किया कि आजादी की पूरी लड़ाई अंग्रेजों की सहमति एवं सहयोग से लड़ी गई थी और महात्मा गांधी के नेतृत्व वाला स्वतंत्रता आंदोलन एक नाटक था। हेगड़े के बयान को लेकर भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि कर्नाटक के नेता की टिप्पणी निंदनीय है और पार्टी नेतृत्व उनसे नाराज है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने अपनी नाखुशी से उन्हें अवगत करा दिया है और उनसे स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया है।

दूसरी ओर कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बारे में भाजपा नेता अनंत हेगड़े के कथित बयान को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संसद में इस पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ता आनंद शर्मा ने यह आरोप भी लगाया कि दिल्ली चुनाव में ध्रुवीकरण के माध्यम से वोट हासिल करने के लिए भाजपा के कई नेता और मंत्री भड़काऊ बयान दे रहे हैं जो देश की आत्मा पर चोट है।

शर्मा ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा–महात्मा गांधी का और आजादी के आंदोलन का इससे (हेगड़े की टिप्पणी) बढ़कर कोई अपमान नहीं हो सकता। इस पर कार्रवाई होनी चाहिए। अगर प्रधानमंत्री और सरकार कार्रवाई नहीं करते हैं तो यह साबित हो जाएगा कि इनकी नीयत में खोट है। शर्मा ने कहा कि हमारी मांग है कि प्रधानमंत्री संसद में आएं और इस मामले पर स्पष्टीकरण दें। कांग्रेस नेता ने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा नेताओं के पूर्वजों ने स्वतंत्रता की लड़ाई का विरोध किया था और ऐसे में उनके ये बयान चौंकाने वाले नहीं है।

हेगड़े की टिप्पणी को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि कट्टाग्रह पर विश्वास रखने वाले सत्याग्रह को स्वीकार नहीं कर सकते। उन्होंने दावा किया कि ये मोदी जी का 'भारत' है जहां बापू के विचार और उनके रास्ते पर रोज हमला होता है। उन्होंने कहा कि अगर कार्रवाई नहीं होती है तो साबित हो जाएगा कि आवाज हेगड़े की है और विचार मोदी जी का है।

हेगड़े ने बंगलुरु में हुए एक कार्यक्रम में आरोप लगाया कि जिन स्वतंत्रता सेनानियों ने देश के लिए कुछ बलिदान नहीं दिया, उन्होंने देश को विश्वास दिलाया कि भारत को आज़ादी 'उपवास सत्याग्रह' के ज़रिए मिली है और वे महापुरुष बन गए। 'उपवास सत्याग्रह' गांधीवादी आंदोलन का तरीका है। विवादित बयानों के लिए कुख्यात हेगड़े ने कहा, 'दो तरह के स्वतंत्रता सेनानी थे। एक जो शस्त्र में भरोसा रखते थे, दूसरे शास्त्र में।' वीडी सावरकर की याद में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा, 'स्वतंत्रता सेनानियों का एक अन्य वर्ग भी था, जो ब्रिटिशों से पूछा करता था कि स्वतंत्रता आंदोलन को कैसे चलाया जाए।' स्वतंत्रता आंदोलन के बारे में उत्तर कन्नड़ के सांसद ने कहा, ' आप जो कुछ भी कहेंगे, हम उसका सामंजस्य और समझ के साथ पालन करेंगे... 20-20 (क्रिकेट मैच) की तरह।' हेगड़े ने आरोप लगाया कि स्वतंत्रता सेनानियों के तीसरे वर्ग ने ब्रिटिशों से उनके स्वतंत्रता आंदोलन को मान्यता देने की अपील की और अनुरोध किया कि उन्हें जेल में रखा जाए।'

# यूपी से चार दिन में पीएफआइ के 108 सदस्य गिरफ्तार

पेज 1 का बाकी

जड़ों तक जाएंगे। इनको कहां से किस जरिए से मदद मिलती थी, इसकी जांच करेंगे। हम केंद्रीय जांच एजंसियों के संपर्क में भी हैं। कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक हितेश चंद्र अवस्थी ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पिछले चार दिनों में पीएफआइ के 108 सदस्यों को हिंसा के दौरान उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया है। इनमें लखनऊ में 14, बहराइच में 16, सीतापुर में 3, मेरठ में 21, गाजियाबाद में 9, मुजफ्फरनगर में 6, शामली में 7, बिजनौर में 4, वाराणसी में 20, कानपुर में 5, गोंडा, हापुड़ और जौनपुर में एक-एक पीएफआइ सदस्य शामिल हैं।

उनसे जब पूछा गया कि क्या प्रदेश पुलिस पीएफआइ को मिलने वाली आर्थिक सहायता को लेकर ईडी के संपर्क में है, इस पर उन्होंने कहा– हम सबूत इकट्ठा कर रहे हैं और ईडी समेत तमाम एजंसियों के संपर्क में हैं। हम इस बारे में बाद में सही समय आने पर जानकारी साझा करेंगे। अपर मुख्य सचिव (गृह) अवस्थी ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश पहला ऐसा राज्य है, जिसने पीएफआइ के खिलाफ इतनी तेजी और सख्ती से कदम उठाए हैं।

# नशे में कैमरे के सामने नाचने वाले पार्षद को नोटिस

सूरत, 3 फरवरी (भाषा)।

मद्य निषिद्ध गुजरात में सूरत के एक भाजपा पार्षद का नशे में धुत होकर नाचने वाला वीडियो वायरल होने के बाद सत्तारूढ़ भाजपा के लिए शर्मनाक स्थिति पैदा हो गई है।

सूरत के भाजपा अध्यक्ष नितिन भजियावाला ने सोमवार को कहा कि पार्षद पीयूष शिवशक्तिवाला का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पार्टी ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नगर इकाई उनके निलंबन की मांग करेगी। शिवशक्तिवाला सूरत नगर निगम में संग्रामपुरा नगरपालिका वार्ड के पार्षद हैं।

यह वीडियो वलसाड जिले के नागरोल गांव में एक फार्म हाउस में मोबाइल फोन पर शूट किया गया था। गुजरात में शराब का निर्माण, संग्रह, बिक्री और सेवन प्रतिबंधित है। पार्षद कुछ लोगों के साथ फार्म हाउस पर जश्न मना रहे थे। इस बीच शिवशक्तिवाला ने सोमवार को पार्टी में शराब का सेवन करने की बात से इनकार किया। उन्होंने कहा कि वीडियो में दिखाई दे रही बोतल में फल का रस था।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'स्वास्थ्य कारणों से मेरे पास शराब पीने का परमिट है। मैं पार्टी में नाच रहा था लेकिन मैंने शराब नहीं पी थी। नाचना कोई अपराध नहीं है। मैं पार्टी को स्पष्टीकरण दे दूंगा। बोतल में शराब नहीं बल्कि फलों का रस था।' भजियावाला ने कहा कि वे भाजपा से पार्षद के निलंबन की मांग करेंगे क्योंकि गुजरात में शराब प्रतिबंधित है।

# 50 हिंदू परिवारों ने मांगी नागरिकता

पेज 1 का बाकी

लेकर कोई टिप्पणी करने से इंकार किया है। इससे पहले 31 जनवरी को पाकिस्तान के 200 हिंदू परिवार टूरिस्ट वीजा लेकर भारत आ गए थे। इन लोगों ने भी भारत में ही रह जाने की इच्छा जताते हुए विदेश मंत्रालय को मांग पत्र भेजा है। यह लोग भारत में बसने के लिए आए हैं। इन लोगों ने वीजा अवधि खत्म होने के बाद शरण मांगने की कागजी कार्रवाई की बात कही है।

सुरक्षा एजंसियों के अधिकारियों के मुताबिक, इससे पहले पर्यटक वीजा को लेकर पाकिस्तान से इतने बड़े जत्थे कभी भारत नहीं आए। केंद्र सरकार द्वारा संसद में नागरिकता संशोधन कानून के पास कराने के बाद पाकिस्तान में रहने वाले कई परिवार अपने पूरे सामान के साथ वाघा सीमा के रास्ते भारत आने लगे हैं। पाकिस्तान में रहने वाले जिन परिवारों के लोग वाघा सीमा के जरिए भारत में दाखिल हुए हैं, उन सभी को सरकार ने पर्यटक वीजा जारी किया है। हालांकि जिस तरह से यह लोग पैदल अपना सामान लेकर भारत में दाखिल हुए हैं, उससे यह माना जा रहा है कि ये लोग लौटने के लिए नहीं आए हैं।

# अराजकतावादी और आतंकवादी में ज्यादा फर्क नहीं : जावडेकर

पेज 1 का बाकी

खालिस्तान कमांडो फोर्स कमांडर गुरिंदर सिंह के आवास पर रात भर रुकने' का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा, 'आप जानते थे कि वह एक आतंकवादी का आवास है। फिर भी आप वहां रुके। आपको और कितने साक्ष्य चाहिए?' भाजपा के वरिष्ठ नेता ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'केजरीवाल अब एकदम मासूम चेहरा करके सवाल कर रहे हैं कि 'क्या मैं आतंकवादी हूं?' आप आतंकवादी हैं और यह साबित करने के लिए बहुत सबूत हैं। आपने खुद ही कहा था कि आप अराजकतावादी हैं। अराजकतावादी और आतंकवादी में ज्यादा फर्क नहीं होता है।' उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) शाहीनबाग का समर्थन कर रही है, जहां 'असम को आजादी', 'जिन्ना वाली आजादी' के नारे लग रहे हैं। 'ऐसे नारों का समर्थन करना भी आतंकवाद है।'

उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के साथ खड़े रहे जहां 'भारत विरोधी नारे लगे' और (नारे लगाने वालों के खिलाफ) अभियोजन की मंजूरी भी नहीं दी। जावडेकर ने कहा, '26 जनवरी को आपने धमकी दी कि आप उनके खिलाफ अभियोजन रोक देंगे। आपको और कितने सबूत चाहिए? दिल्ली के लोगों को अब पता है कि आप झूठों के सरदार हैं, आप अराजकतावादी हैं और आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति रखते हैं।' उन्होंने कहा, 'आप शाहीनबाग, जेएनयू, वहां हो रही नारेबाजी और ऐसे सभी अराजकतावादियों का समर्थन कर रहे हैं...तब आप निश्चित रूप से एक आतंकवादी हैं।

# कोरोना वायरस के तीसरे मामले की पुष्टि

पेज 1 का बाकी

हाल ही में चीन से केरल लौटा एक व्यक्ति कोरोना वायरस से संक्रमित है। उसे अस्पताल में आइसोलेशन (अलग वार्ड) में रखा गया है। मरीज की हालत स्थिर है और उस पर करीब से नजर रखा जा रहा है। मरीज चीन में कोरोना वायरस से बुरी तरह प्रभावित वुहान शहर की यात्रा पर गया था।स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को अपने संशोधित यात्रा परामर्श में लोगों से कहा कि चीन के हुबेई प्रांत में जानलेवा कोरोना वायरस के महामारी बनने के मद्देनजर वे देश की यात्रा करने से बचें। मंत्रालय ने कहा है कि पड़ोसी देश से लौटने वाले लोगों पर यात्रा (उनके घूमने-फिरने पर) प्रतिबंध लगाया जा सकता है। यात्रा परामर्श रविवार को जारी हुआ था। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री रेड्डी के मुताबिक कोरोना वायरस से जुड़ी स्थिति पर नजर रखने के लिए एक कार्यबल का गठन किया गया है। हम उन सभी एहतियाती कदमों पर बातचीत करेंगे जो वायरस को फैलने से रोकने के लिए उठाए जा सकते हैं।

# शाहीन बाग में संविधान और तिरंगे की आड़ में साजिश

पेज 1 का बाकी

फैसला, करतारपुर कारीडोर, तीन तलाक, उत्पीड़न के शिकार अल्पसख्यंकों के लिए सीएए लाना, शत्रु संपत्तियों के लिए कानून, एक रैंक – एक पेंशन जैसी योजननाएं शामिल हैं। इसी प्रकार पहली बार देश में 5 लाख तक की आय वालों के लिए टैक्स माफ, सामान्य वर्ग के लिए आरक्षण, पांच लाख तक का मुफ्त इलाज, 10 करोड़ शौचालय जैसी सुविधाएं दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने देश को लोकपाल दिया है।

## दरअसल




# लोकसभा में ठाकुर और वर्मा का जोरदार विरोध

पेज 1 का बाकी

रजिस्टर (एनपीआर) के विरोध में नारेबाजी की।प्रश्नकाल के दौरान वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर जब वित्त मंत्रालय से संबंधित पूरक प्रश्नों का जवाब देने के लिए खड़े हुए तो कांग्रेस सदस्यों ने अनुराग ठाकुर वापस जाओ, अनुराग ठाकुर शेम शेम और गोली मारना बंद करो के नारे लगाना शुरू कर दिया। ठाकुर जब भी पूरक प्रश्नों का जवाब देने के लिए खड़े होते, विरोध में कांग्रेस सदस्य नारे लगाने लगते। पूरा प्रश्नकाल विपक्ष के शोर-शराबे और टोका-टाकी के बीच चला। विपक्षी सदस्य दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान ठाकुर की एक विवादास्पद टिप्पणी की ओर इशारा करते हुए नारेबाजी कर रहे थे। उक्त टिप्पणी के लिए चुनाव आयोग ने ठाकुर के तीन दिन तक चुनाव प्रचार पर रोक लगा दी थी।

दूसरी ओर जब राष्ट्रपति अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा चर्चा की शुरुआत करने खड़े हुए तब कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने हाल ही में एक चुनावी रैली में दिए गए उनके विवादित बयान को लेकर विरोध किया और कुछ देर बाद सदन से वाकआउट कर गए। विपक्षी सदस्यों ने उनके खिलाफ शर्म करो, शर्म करो के नारे लगाए। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सदन से बाहर कही गई बातों को उठाकर कार्यवाही बाधित करना ठीक नहीं है, इससे गलत चलन शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि एक सदस्य के रूप में वर्मा को सदन में अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। इसके बावजूद शोर शराबा नहीं थमा। हंगामे के दौरान ही भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा ने सदन में राष्ट्रपति अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू की। इसके बाद कांग्रेस, द्रमुक सहित कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने सदन से वाकआउट कर दिया ।

पिछले सप्ताह एक साक्षात्कार में व एक चुनावी रैली में विवादित बयान देने के लिए चुनाव आयोग ने प्रवेश वर्मा को दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार से चार दिनों के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर जाने और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सभी विषय उठाने का आग्रह किया लेकिन कांग्रेस और वाम दलों के सदस्य पूरे समय हंगामा करते रहे और अध्यक्ष ने शोर-शराबे के बीच ही प्रश्नकाल पूरा कराया।

सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरू करने को कहा, वैसे ही कांग्रेस के सदस्य नारेबाजी करते हुए अध्यक्ष के आसन के निकट पहुंच गए। कई सदस्यों ने लोकतंत्र बचाओ, भारत बचाओ और नो सीएए-एनआरसी-एनपीआर के नारे वाली तख्तियां ले रखी थीं। इस दौरान द्रमुक, सपा, बसपा और राकांपा के सदस्य अपने स्थान पर खड़े होकर कांग्रेस सदस्यों का समर्थन करते नजर आए। विपक्ष के सदस्य-चाहिए आजादी, एनआरसी से आजादी जैसे नारे भी लगा रहे थे।

लोकसभा अध्यक्ष ने सदस्यों से प्रश्नकाल चलने देने की अपील करते हुए कहा-सदन में चर्चा करने से संविधान और लोकतंत्र बचेगा। आप यहां चर्चा करने के लिए आए हैं। उन्होंने विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर जाने का आग्रह करते हुए कहा कि आप सारे मुद्दे उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि 'सदस्य लोकतंत्र की मर्यादा बनाए रखने के लिए अपने स्थानों पर जाएं।' हालांकि कांग्रेस और वामदलों के सदस्य आसन के समीप खड़े होकर ही नारेबाजी करते रहे।

प्रश्नकाल के बाद आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाकर अध्यक्ष बिरला ने शून्यकाल शुरू कराया। उन्होंने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी को बोलने का मौका दिया। चौधरी ने कहा कि देश में सीएए लागू होने के बाद देशभर में प्रदर्शन हो रहे हैं और इस दौरान गोली चल रही हैं

# 'शीर्ष नेताओं की सहमति से दिए जा रहे भड़काऊ बयान'

पेज 1 का बाकी

की राजनीति की जरूरत है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने लोकसभा में कहा कि देश में बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई, अशिक्षा जैसी विकराल चुनौतियों के बीच विभाजन करने वाले मुद्दे उठाए जा रहे हैं, ऐसे में विपक्षी पार्टियां देश और संविधान को बचाने की बात कर रही हैं। निचले सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए गोगोई ने कहा कि आज देश में ऐसे हालात बन गए हैं कि लोग संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए सड़कों पर उतरे हैं। जिस पर हमें गर्व है। उन्होंने कहा कि सरकार के मंत्री लोगों को उकसाने वाले कुछ भी बयान दें, लेकिन अंत में जनता ही सरकार चुनती है और सत्ता से बाहर का रास्ता भी दिखाती है।

गोगोई ने आरोप लगाया कि एक मंत्री ने उकसावे वाला बयान दिया जिसके बाद दिल्ली में एक युवक ने गोली चला दी। वह परोक्ष रूप से केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर के दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान दिए गए विवादास्पद बयान की ओर इशारा कर रहे थे। गोगोई ने कहा कि इसके लिए केवल मंत्री जिम्मेदार नहीं बल्कि शीर्ष पदों पर बैठे लोग भी जिम्मेदार हैं जिनकी मौन सहमति इस तरह के बयानों को देने के लिए है। अगर यह सहमति नहीं होती तो इस तरह के बयान पर बयान नहीं आते।

गोगोई ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि आज देश के मंत्री कह रहे हैं कि संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले देश के लोग ही देश के दुश्मन हैं। जबकि कांग्रेस उन्हें अपना भाई-बहन मानती है। उन्होंने सदन में चर्चा की शुरुआत भाजपा के प्रवेश वर्मा द्वारा किए जाने और इस दौरान कांग्रेस के वाकआउट का जिक्र करते हुए कहा कि हमें भी सदन से बाहर जाने में पीड़ा हुई लेकिन आश्चर्य इस बात का है कि जिस भाजपा नेता पर चुनाव आयोग ने भड़काऊ भाषण देने को लेकर प्रचार करने पर रोक लगा दी थी, भाजपा ने उनसे चर्चा की शुरूआत कराई। गोगोई ने कहा कि यह चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति भाजपा का रवैया दर्शाता है।

इससे पहले जब गोगोई अपनी बात रखने के लिए खड़े हुए तो विपक्ष के कुछ सदस्यों ने सत्तापक्ष की खाली सीटों की ओर इशारा किया।



www.readwhere.com

# चीन : दस दिन में बना अस्पताल, कोरोना प्रभावितों की भर्ती शुरू

बेजिंग, 3 फरवरी (एपी)।

चीन में फैले जानलेवा कोरोना वायरस से निपटने के लिए मात्र 10 दिन में बनाए गए विशेष अस्पताल में सोमवार को मरीजों की भर्ती शुरू हो गई।

चीन के वुहान शहर से ही इस वायरस की शुरुआत हुई है और यहां के लोगों के उपचार के लिए ह्यूओशेनशान अस्पताल बनाया गया है। 1500 बिस्तरों वाले इस अस्पताल के निर्माण के लिए निर्माण दल दिन रात काम में लगा हुआ है। शहर की आबादी एक करोड़ 10 लाख है और संक्रमण के खतरे के मद्देनजर लोगों के कहीं भी आने जाने पर रोक है।

वुहान में उपचार केंद्र का युद्धस्तर पर निर्माण ऐसा दूसरा मामला है जब देश में किसी बीमारी के लिए दिन रात एक करके विशेष अस्पताल बनाया गया है। इससे पहले 2003 में सार्स फैला था और इससे निपटने के लिए मरीजों के लिए एक सप्ताह में उपचार केंद्र बनाया गया था। सरकारी मीडिया के अनुसार सोमवार सुबह 10 बजे अस्पताल में मरीजों का पहला जत्था पहुंचा। हालांकि मरीजों की स्थिति और उनकी पहचान के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। सरकारी समाचार एजंसी शिन्हुआ ने बताया कि सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की सैन्य शाखा 'पीपुल्स लिबरेशन आर्मी' ने वुहान अस्पताल के लिए 1400 चिकित्सक, नर्स तथा अन्य कर्मी भेजे हैं। सरकार ने कहा कि इनमें से कुछ को सार्स तथा अन्य प्रकोप से निपटने का अनुभव है। शिन्हुआ के मुताबिक ह्यूओशेनशान अस्पताल का निर्माण सात हजार बढ़ई, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन और अन्य विशेषज्ञों के दल ने किया है। दूसरी ओर चीन में ऐसे यात्रियों की तलाश की जा रही है जो कोरोना वायरस का केंद्र बन चुके वुहान से आए हैं। लोगों से कहा जा रहा है कि अवकाश से लौट रहे सभी व्यक्ति अपनी यात्रा के ब्यौरे को दर्ज करवाएं। उत्तरी शिजियाजुआंग शहर के एक जिले में बीते दो हफ्ते में वुहान से आए लोगों की जानकारी देने वालों को 2,000 युआन नकद पुरस्कार की घोषणा की गई है। कई स्थानों पर मध्य हुबेई प्रांत से आने वालों को प्रवेश ही नहीं दिया जा रहा है। बीजिंग के एक नजदीकी इलाके में एक सुरक्षा गार्ड से हुबेई से लौटने वाले स्थानीय लोगों के बारे में पूछा गया तो उसने कहा, 'आप यहां के रहने वाले हैं तब भी आप यहां प्रवेश नहीं कर सकते। हुबेई से आने वाले लोग संक्रमण अपने साथ ला सकते हैं। अगर आप हुबेई से हैं तो आपको पड़ोसी समिति को इसकी जानकारी देनी होगी।' घातक कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के मद्देनजर सुरक्षात्मक चिकित्सा उपकरणों की चीन को तत्काल आवश्यकता है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ



*व्यवस्था* एक करोड़ दस लाख आबादी के ह्यूओशेनशान अस्पताल में हैं 1500 सौ बिस्तर

*कोरोना* पर अमेरिकी प्रतिक्रिया दहशत पैदा करने वाली : चीन

## खबर कोना



लंदन में बाफ्टा फिल्म समारोह में फिल्म 'जोकर' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता की ट्रॉफी के साथ जोक्विन फीनिक्स।

### ग्रेटा थनबर्ग नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित

कोपेनहेगन, 3 फरवरी (एपी)।

स्वीडन के दो सांसदों ने अपने देश की किशोरी जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग को 2020 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है।

स्वीडन की लेफ्ट पार्टी के जेन्स होम और हाकन स्वेनेलिंग ने सोमवार को कहा कि थनबर्ग ने 'जलवायु संकट पर नेताओं का ध्यान खींचने के लिए कड़ी मेहनत की है' और उत्सर्जन में कटौती के लिए कार्य तथा पेरिस समझौते के अनुपालन के लिए काम करना भी शांति के लिए काम करना है।' 2015 के ऐतिहासिक पेरिस जलवायु समझौते में धनी और गरीब दोनों तरह के देशों से वैश्विक तापमान में कमी लाने वाले उपाय करने को कहा गया है। थनबर्ग (17) ने छात्रों को स्कूल छोड़कर जलवायु परिवर्तन पर तेजी से कार्रवाई करने की मांग वाले प्रदर्शनों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया है। कोई भी सांसद किसी को भी नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित कर सकता है और नॉर्वे की संसद के तीन सदस्यों ने पिछले वर्ष थनबर्ग को नामांकित किया था।

### हैरी, मेगन का सुरक्षा खर्च उठाने से कनाडा के लोगों ने इनकार किया

मोंट्रियल, 3 फरवरी (एएफपी)।

कनाडा के अधिकतर लोगों का मानना है कि ब्रिटिश कोलंबिया में बस चुके प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन मर्केल की सुरक्षा के लिए उनके देश को भुगतान नहीं करना चाहिए। इस बारे में स्पष्ट बहुमत सामने आया है। सीटीवी के लिए नानोस रिसर्च ने जिन लोगों से बात की उनमें से 77 फीसदी ने कहा कि कनाडा के करदाताओं को ड्यूक और डचेस ऑफ ससेक्स के लिए खर्च नहीं करना चाहिए क्योंकि वे कनाडा में महारानी के प्रतिनिधि के तौर पर नहीं रह रहे हैं। केवल 19 फीसदी कनाडाई लोगों ने कहा कि ब्रिटेन के शाही परिवार के सदस्यों की सुरक्षा का खर्च उनके देश द्वारा वहन करने से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। हैरी और मेगन की सुरक्षा का खर्च कौन वहन करेगा इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। हालांकि कनाडा के प्रशासन ने यह संकेत दिया है कि इस बारे में चर्चा चल रही है। इस सर्वेक्षण में कनाडा के एक हजार से अधिक लोगों से बात की गई।

### प्रधानमंत्री पद के लिए अल्लवी के नामित किए जाने का विरोध

बगदाद, 3 फरवरी (एपी)।

इराक में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों ने निवर्तमान प्रधानमंत्री अदेल अब्दुल महदी का स्थान लेने के लिए पूर्व संचार मंत्री मोहम्मद अल्लावी को चुने जाने का विरोध किया है। प्रदर्शनकारियों द्वारा अल्लावी को खारिज किए जाने के कारण नामित प्रधानमंत्री के सामने महीनों से चल रही असैन्य अशांति सुलझाने को लेकर पेश आने वाली चुनौतियां और बढ़ गई हैं। इस बीच, शुरुआत में विद्रोहियों को समर्थन देने वाले शिया धर्मगुरु मुक्तदा अल सद्र का झुकाव राजनीतिक प्रतिष्ठान की ओर हो जाने से प्रदर्शनकारियों के बीच भी फूट पड़ गई है। दरअसल, अल-सद्र ने अल्लावी का समर्थन किया था और मौजूदा सरकार ने अगले प्रधानमंत्री के लिए उन्हें ही चुना है, जिसके कारण शिया धर्मगुरु के रुख में बदलाव आया है। अल-सद्र ने राजधानी और देश के दक्षिण में मौजूद प्रदर्शनकारियों में शामिल अपने अनुयायियों से कहा कि वे सड़कों को बंद न करें और सामान्य स्थिति बहाल करें। इससे नाराज कुछ प्रदर्शनकारियों को लगता है कि अल-सद्र ने उन्हें धोखा दिया है और वह राजनीतिक हित प्राप्त हासिल करना चाहते हैं। प्रतिद्वंद्वी दलों ने कई महीनों की चर्चा के बाद राजनीतिक गतिरोध दूर करते हुए निवर्तमान महदी का स्थान लेने के लिए शनिवार को अल्लावी (66) को नामित किया था।

# पाक की चीन से आने वाले विमानों को हरी झंडी

इस्लामाबाद, 3 फरवरी (भाषा)।

पाकिस्तान ने कोरोना वायरस प्रभावित चीन से आने वाले विमानों को सोमवार को हरी झंडी दिखा दी। इस्लामाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर सोमवार सुबह चीन से आए दो विमान उतरे। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 2 फरवरी को कोरोना वायरस को वैश्विक स्वास्थ्य आपदा घोषित किए जाने के बाद पाकिस्तान ने चीन से आने वाली उड़ानों पर रोक लगा दी थी। इसकी चपेट में आकर अभी तक 361 लोगों की मौत हुई है और 17,205 मामलों की पुष्टि हुई है।

पाकिस्तान नागर विमानन प्राधिकरण (पीसीसीए) के अनुसार चीन के उरुमची शहर से 'चाइना सदर्न एयरलाइंस' की दो उड़ानें 'सीजेड6007' और 'सीजेड5241' इस्लामाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरीं। चीन द्वारा कोरोना वायरस से निपटने के लिए पाकिस्तान को मेडिकल किट मुहैया कराने की बात कहे जाने के एक दिन बाद इन उड़ानों को यहां उतरने की अनुमति दी गई। अधिकारियों ने बताया कि दोहा से कतर एयरलाइंस का एक विमान भी चीन से कम से कम 40 पाकिस्तानी छात्रों को यहां लेकर पहुंचा, क्योंकि चीन से पाकिस्तान की सीधी विमान सेवाएं बंद थी। स्वास्थ्य मामलों पर प्रधानमंत्री के सहायक जफर मिर्जा इस दौरान हवाईअड्डे पर मौजूद थे और यात्रियों के आगमन तथा अनिवार्य जांच पर नजर रख रहे थे। मिर्जा ने ट्वीट किया, 'आज सुबह इस्लामाबाद हवाईअड्डे पर था... पाकिस्तान में चीनी राजदूत एचई के साथ चीन से आए यात्रियों का स्वागत किया। हमने 'एयरपोर्ट एसओपी' के क्रियान्वयन का पर्यवेक्षण किया और मैंने यात्रियों से भी बात की।'



*वियतनाम की* राजधानी हनोई में सोमवार को पारंपरिक धार्मिक पोशाक के साथ कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए मास्क पहनी महिला।

# अफगान में समर्पण करने वाले आइएस आतंकियों में भारतीय भी शामिल : रिपोर्ट

संयुक्त राष्ट्र, 3 फरवरी (भाषा)।

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक अफगान प्रशासन के समक्ष पिछले साल समर्पण करनेवाले इस्लामिक स्टेट के एक धड़े के 1,400 से ज्यादा आतंकवादियों में कुछ भारतीय भी शामिल हैं।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अलकायदा प्रतिबंध समिति ने पिछले साल इस्लामिक स्टेट इन इराक एंड लेवांट-खोरासन (आइएसआइएल-के) का नाम काली सूची में डाल दिया था। आइएसआइएल, अलकायदा और संबद्ध लोगों तथा संगठनों से जुड़ी प्रतिबंध निगरानी टीम की 25वीं रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगान सुरक्षाबलों और तालिबान आतंकवादियों ने आइएसआइएल-के को बहुत नुकसान पहुंचाया तथा नांगरहार प्रांत के बड़े इलाके से उसे खदेड़ दिया। जनवरी 2020 रिपोर्ट में कहा गया है, 'आइएसआइएल-के से जुड़े आतंकियों पर निर्भर लोगों सहित 1,400 से ज्यादा लोगों ने अफगान अधिकारियों के सामने समर्पण किया है जिनमें अधिकतर लोग अफगान नागरिक थे लेकिन उनमें अजरबैजान, कनाडा, फ्रांस, भारत, मालदीव, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्की और उज्बेकिस्तान के भी नागरिक थे।' हालांकि, इस रिपोर्ट में विभिन्न देशों के नागरिकों की संख्या के बारे में नहीं बताया है।

# बुर्किना फासो में जिहादी हमले में 18 की मौत

औगाडौगू, 3 फरवरी (एएफपी)।

उत्तरी बुर्किना फासो में संदिग्ध जिहादियों के हमले में 18 आम नागरिकों की मौत हो गई है।

एक सुरक्षा सूत्र ने बताया कि सेनो प्रांत के लाम्दामोल गांव में शनिवार को मोटरसाइकिलों पर आए सशस्त्र हमलावरों ने स्थानीय निवासियों की हत्या की। देश के उत्तर में एक सप्ताह पहले भी इसी प्रकार के हमले हुए थे। इससे पहले सोम प्रांत में 25 जनवरी को हुए हमले में 39 आम नागरिक मारे गए थे। डोरी शहर में एक स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मारे गए लोगों में प्रमुख नर्स भी शामिल है जो लाम्दामोल गांव की रहने वाली थी। अधिकारी ने बताया कि गांव और आस-पास के इलाके के लोग घबराए हुए हैं और इलाका छोड़कर जा रहे हैं।

# हांगकांग में चीनी सीमा बंद करने के लिए हड़ताल

हांगकांग, 3 फरवरी (एएफपी)।

हांगकांग के सैकड़ों चिकित्साकर्मियों ने कोरोना वायरस फैलने से रोकने के लिए चीन के साथ लगने वाली सीमा को बंद करने की मांग को लेकर सोमवार को अपना काम ठप कर दिया। वहीं कई महत्वपूर्ण कर्मचारियों ने आने वाले दिनों में भी यह हड़ताल जारी रखने की चेतावनी दी है। आर्थिक केंद्र माने जाने वाले हांगकांग में बीमारी के 15 मामले सामने आए हैं जिनकी पुष्टि हो चुकी है। इनमें से ज्यादातर चीनी मुख्य भूभाग से आए लोग हैं, जहां से यह महामारी शुरू हुई है। अधिकारियों का तर्क है कि ऐसा करना भेदभावपूर्ण, आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाने वाला और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की सलाह के खिलाफ जाने वाला होगा।

# बांग्लादेश : चीन के लिए 'वीजा ऑन अराइवल' रोका

ढाका, 3 फरवरी (भाषा)।

बांग्लादेश ने चीनी नागरिकों के लिए 'वीजा ऑन अरावइल' सेवा को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है और निर्देश जारी किया है कि देश में चल रही परियोजनाओं के लिए चीनी नगारिकों की भर्ती न की जाए। चीन में घातक कोरोना वायरस फैलने के बाद बांग्लादेश ने यह निर्णय किया है। 'बीडी न्यूज' के मुताबिक, बांग्लादेश के विदेश मंत्री एके अब्दुल मोमिन ने रविवार को बताया कि सरकार ने बांग्लादेश में रह रहे चीनी नागरिकों से अगले एक महीने तक अवकाश पर नहीं जाने का आग्रह किया है, जबतक कि वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल लागू है। विदेश मंत्री के हवाले से खबर में कहा गया है, 'हमने यह भी आग्रह किया है कि बांग्लादेश में चल रही मौजूदा परियोजनाओं में किसी भी चीनी नागरिक की भर्ती नहीं की जाए।'

# 28 जनवरी तक जारी किए जा चुके थे 1.4 करोड़ फास्टटैग

नई दिल्ली, 3 फरवरी (भाषा)।

सरकार ने सोमवार को कहा कि फास्टटैग जागरूकता कार्यक्रम सोशल मीडिया सहित विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से चलाया जा रहा है तथा इस वर्ष 28 जनवरी तक 1.4 करोड़ से अधिक फास्टटैग जारी किए जा चुके थे।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने जुलाई 2019 में यह घोषणा की थी कि राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क प्लाजा पर एक दिसंबर 2019 से एक लेन को छोड़कर सभी लेनों को शुल्क प्लाजा की फास्टटैग लेन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाद में इस अवधि को बढ़ाकर 15 दिसंबर कर दिया गया।

गडकरी ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचआइ) के अनुरोध और नागरिकों को होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने निर्णय किया कि 25 फीसद फास्टटैग लेनों को अस्थायी रूप से 15 दिसंबर 2019 से अगले 30 दिनों के लिए संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी के अनुमोदन के साथ हाईब्रिड लेन में परिवर्तित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके बाद एनएचआइ के केवल 65 शुल्क प्लाजाओं पर 15 जनवरी 2020 से 30 दिनों के लिए फास्टटैग फीस लेन की घोषणा से संबंधित शर्तों में ढील देने का निर्णय किया गया ताकि नागरिकों को असुविधा न हो।

गडकरी ने कहा कि इन 65 शुल्क प्लाजाओं को इस अवधि के दौरान सभी शुल्क लेने के 25 प्रतिशत तक हाइब्रिड (नकद सह फास्टटैग) लेन के रूप में संचालित करने की अनुमति दी गयी है। बाकी शुल्क प्लाजाओं के लिए यह व्यवस्था जनादेश के अनुसार लागू की गई है। उन्होंने कहा कि इस साल 28 जनवरी तक 1.4 करोड़ से अधिक फास्टटैग जारी किए जा चुके हैं।



**तैयारी** अमदाबाद में सर्जिकल मास्क बनाने में जुटीं महिलाएं। कोरोना संक्रमण के बढ़े खतरे के कारण देश में बढ़ी मांग के बीच भारत ने संक्रमण से बचाने वाले हर तरह के मास्क के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है।

# बच्चों के खुले बोरवेल में गिरने की घटनाओं पर केंद्र, राज्यों को नोटिस

नई दिल्ली, 3 फरवरी (भाषा)।

सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका पर केंद्र और राज्यों को नोटिस भेजा है जिसमें देश में खुले बोरवेल में बच्चों के गिरने और मरने की घटनाओं को लेकर कदम उठाने में नाकाम अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया गया है।

न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा और न्यायमूर्ति एमआर शाह के पीठ ने अधिवक्ता जीएस मणि की याचिका पर सुनवाई करने को सहमत हो गई जिसमें 2010 में शीर्ष अदालत द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिए जाने का भी आग्रह किया गया है ।पीठ ने याचिका पर केंद्र, राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों को नोटिस जारी किया। मणि ने याचिका में न्यायालय से यह आग्रह भी किया कि वह केंद्र, राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों से इस बारे में रिकॉर्ड तलब करे कि उन्होंने शीर्ष अदालत के अगस्त 2010 के निर्देशों के अनुपालन में खुले बोरवेल में बच्चों के गिरने की घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इन खुले बोरवेल को बंद करने में प्रशासन की विफलता के चलते लोग परेशान हैं क्योंकि इनकी वजह से देश में अनेक मौतें हुई हैं। संबंधित घटनाओं का ब्योरा देते हुए याचिका में कहा गया कि इस तरह का पहला मामला 2006 में प्रकाश में आया था जब एक बोरवेल में गिरे बच्चे को सेना ने बचाया था। उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में तमिलनाडु में हुई घटना का भी जिक्र किया जिसमें एक खुले बोरवेल में गिरने से तीन वर्षीय बच्चे सुजीत की मौत हो गई थी।

# पीछा करने वाले ने युवती को जिंदा जलाया

नागपुर, 3 फरवरी (भाषा)।

महाराष्ट्र के वर्धा जिले के एक कालेज में पढ़ाने वाली 25 वर्षीय युवती को एक युवक ने सोमवार सुबह जिंदा जला दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी उसका पीछा करता था।

पुलिस ने बताया कि वर्धा के दारोदा गांव निवासी पीड़िता 40 फीसद झुलस गई है। उसे नागपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां वो जिंदगी के लिए संघर्ष कर रही है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी विकेश नगराले (27) दो साल पहले पीड़िता का दोस्त था। बाद में पीड़िता ने उससे संबंध खत्म कर लिए थे। हिंगनघाट पुलिस थाने के निरीक्षक सत्यवीर बंदीवार ने कहा कि सोमवार सुबह 7:15 बजे युवती राज्य परिवहन की बस से वर्धा के हिंगनघाट में उतरी थी। तभी नगराले दुपहिया वाहन से उसके पास आया। उसने युवती पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी और मौके से भाग गया। उन्होंने बताया, 'कुछ राहगीरों ने युवती पर पानी डाला और पास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वह 40 फीसद तक झुलस गई है।' बाद में अस्पताल प्रशासन ने बुलेटिन जारी किया जिसके अनुसार युवती का सिर, चेहरा, दाईं बांह, बायां हाथ, पीठ और गर्दन समेत 40 फीसद हिस्सा जल गया है।

# जम्मू-कश्मीर के सांसदों की सदस्यता से जुड़ी याचिका पर केंद्र ने सवाल उठाए

नई दिल्ली, 3 फरवरी (भाषा)।

पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर के सांसदों को संसद भवन में प्रवेश करने से रोकने की मांग वाली याचिका पर केंद्र सरकार ने दिल्ली हाई कोर्ट में सवाल खड़े किए हैं। याचिका में आरोप लगाए गए हैं कि राज्य भंग किए जाने के बावजूद वे अवैध रूप से अपनी सीटों पर काबिज हैं।

संसदीय मामलों के मंत्रालय ने हाई कोर्ट में कहा कि याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त प्रोफेसर अब्दुल गनी भट को अदालत जाने से पहले अधिकारियों के समक्ष मुद्दे को उठाना चाहिए था। हाई कोर्ट में मंत्रालय का प्रतिनिधित्व केंद्र सरकार के वकील अनिल सोनी ने किया।

याचिकाकर्ता ने कहा कि कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद और नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला सहित जम्मू-कश्मीर के दस सांसद अब भी सीट पर काबिज हैं और सरकारी खर्च पर अब भी सारी सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं। न्यायाधीश बृजेश सेठी ने दोनों पक्षों को सुना और मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। भट ने याचिका में आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती राज्य से लोकसभा के छह सांसद और राज्यसभा के चार सदस्य अवैध रूप से अपनी सीटों पर काबिज हैं ।याचिका में केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि दसों सांसदों को संसद में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाए।

संसद ने पिछले वर्ष पांच अगस्त को संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त कर दिया था और जम्मू-कश्मीर को दो केंद्रशासित क्षेत्रों लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में बांट दिया था। इससे राज्य का विशेष दर्जा समाप्त हो गया।

# डंपर और एसयूवी की टक्कर में 12 लोगों की मौत

मुंबई, 3 फरवरी (भाषा)।

महाराष्ट्र के जलगांव जिले में डंपर और एसयूवी के बीच टक्कर से 12 लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना रविवार रात 11 बजे हुई, जब बालू नारायण चौधरी अपने परिवार के साथ चिनचॉल में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद चोपडा गांव जा रहे थे। फैजपुर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यावल तहसील के हिंगोला गांव के पास चोपडा-फैजपुर मार्ग पर सामने से आ रहे एक डंपर की एसयूवी से टकर हो गई। उन्होंने बताया कि चौधरी, उसकी पत्नी और एसयूवी सवार अन्य आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि कार सवार अन्य सात घायल हो गए, जिन्हें जलगांव के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया था जिनमें से दो की इलाज के दौरान मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि सभी पीड़ित मुक्ताई तहसील के चिनचॉल और मेहूल गांव के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान बालू चौधरी, मंगला चौधरी, अश्लेषा चौधरी, रिया चौधरी, सोनाली चौधरी, प्रियंका चौधरी, सोनाली महाजन, सुमनबाई पाटिल, संगीता पाटिल, शिवम चौधरी और एसयूवी चालक धनराज कोली के रूप में की गई है।

# देश में विनिर्माण गतिविधियां आठ साल के उच्च स्तर पर

नई दिल्ली, 3 फरवरी (भाषा)।

बाजार मांग में सुधार का असर दिखना शुरू हो गया है। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण के अनुसार जनवरी में देश की विनिर्माण गतिविधियां आठ साल में सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं। इससे उत्पादन और रोजगार गतिविधियों में भी बेहतरी दिख रही है।

कंपनियों के खरीद प्रबंधकों (परचेजिंग मैनेजर) के बीच किए जाने वाले मासिक सर्वेक्षण आइएचएस मार्केट मैन्युफैक्चरिंग पीएमआइ इंडेक्स (विनिर्माण पीएमआइ) जनवरी में 55.3 अंक रहा है। यह 2012 से 2020 की अवधि में इसका सबसे ऊंचा स्तर है। इससे पहले दिसंबर में यह 52.7 अंक था जबकि जनवरी 2019 में यह आंकड़ा 53.9 अंक था। यह लगातार 30वां महीना है जब विनिर्माण पीएमआइ 50 अंक से ऊपर रहा है। पीएमआइ का 50 अंक से ऊपर रहना गतिविधियों में विस्तार जबकि 50 अंक से नीचे रहना संकुचन के रुख को दर्शाता है।

जनवरी में विनिर्माण पीएमआइ के उच्च स्तर पर रहने की अहम वजह मांग में सुधार होना है। इसकी वजह से नए ऑर्डर मिलने, उत्पादन, निर्यात और विनिर्माण के लिए खरीदारी और रोजगार में बढ़त देखी गई है। साथ ही कारोबारी धारणा में भी सुधार हुआ है। आइएचएस मार्केट में प्रधान अर्थशास्त्री पॉलियाना डि लिमा ने कहा कि जनवरी में देश में विनिर्माण क्षेत्र में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। परिचालनात्मक परिस्थितियों में जिस गति से सुधार देखा गया है, ऐसा पिछले आठ साल की अवधि में नहीं देखा गया।

सर्वेक्षण में कंपनियों ने माना कि नए ऑर्डर मिलने में जो मजबूती देखी गई है, वह पिछले पांच साल की अवधि में नहीं देखी गई। इसकी प्रमुख वजह मांग का बढ़ना और ग्राहक की जरूरतों का सुधार होना है। कंपनियों की कुल बिक्री में विदेशी बाजारों से बढ़ी मांग की अहम भूमिका है। यह नवंबर 2018 के बाद निर्यात के नए ऑर्डरों में सबसे तेज बढ़त है। वहीं, रोजगार के स्तर पर जनवरी में रोजगार गतिविधियों में भी सुधार देखा गया है। क्षेत्र में रोजगार की दर पिछले साढ़े सात साल में सबसे तेज है।

बाजार को रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति जारी होने का भी इंतजार है। इसमें बाजार मांग को बढ़ाने और आर्थिक वृद्धि को सहारा देने के उपाय किए जा सकते हैं। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक 4 से 6 फरवरी होनी है।

## बारह अरब रुपए मूल्य के फर्जी बिल उपयोग मामले में एक गिरफ्तार

नई दिल्ली, 3 फरवरी (भाषा)।

दिल्ली में जीएसटी अधिकारियों ने कहा है कि कर लाभ लेने के लिए 1,200 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के फर्जी बिल का कथित रूप से उपयोग करने को लेकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पश्चिम दिल्ली आयुक्त कार्यालय के सोमवार के एक बयान के अनुसार हाल में गिरफ्तार दया शंकर कुशवाहा ने सरकार के साथ धोखाधड़ी के लिए 49 मुखौटा कंपनियों के नेटवर्क का उपयोग किया।

बयान के अनुसार- केंद्रीय कर से जुड़ी कर चोरी निरोधक इकाई पश्चिम दिल्ली आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों ने 124 करोड़ रुपए के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आइटीसी) से जुड़े 1,200 करोड़ रुपए के फर्जी बिल काटने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इसमें 49 मुखौटा कंपनियों के नेटवर्क का उपयोग किया गया था। इस गोरखधंधे में वस्तुओं की खरीद के फर्जी बिल काटे गए ताकि वे उसके अधार इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा कर सकें।

# सरकार निजी क्षेत्र को हर संभव सहायता देने के लिए तैयार : सीतारमण

नई दिल्ली, 3 फरवरी (भाषा)।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निजी क्षेत्र से अर्थव्यवस्था में निवेश बढ़ाने का विस्तार करने का आह्वान करते हुए सोमवार को कहा कि सरकार उन्हें हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है।

सीतारमण ने कहा कि निजी क्षेत्र का बड़ा महत्व है। सरकार उन्हें अवसर उपलब्ध करानी चाहती है और उनकी राह सुगम बनाना चाहती है। वित्त मंत्री ने कहा, 'हमारे लिए निजी क्षेत्र महत्वपूर्ण है। आप आगे बढ़ें, हम हर संभव समर्थन देने के लिए तैयार हैं।' बजट के बाद उद्योग मंडल फिक्की द्वारा यहां आयोजित परिचर्चा में उन्होंने वर्ष 2020-21 में विनिवेश का लक्ष्य हासिल करने का भी भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि विनिवेश का पैसा ढांचागत सुविधाओं के विकास और संपत्ति सृजित करने में लग रहा है।

विनिवेश का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 'सरकार की इस मामले में मंशा पूरी तरह साफ है। सरकार इससे जो भी राशि प्राप्त हो रही है, उसे ढांचागत क्षेत्र के विकास और संपत्ति सृजित करने में लगाया जा रहा है।' वर्ष 2020-21 के बजट में विनिवेश से 2.10 लाख करोड़ रुपए जुटाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। इसमें करीब 90 हजार करोड़ रुपए भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआइसी) की शेयर सूचीबद्धता और आईडीबीआई बैंक में सरकारी हिस्सेदारी बेचने से आ सकते हैं। एलआइसी के पूरे शेयर सरकार के पास है जबकि आईडीबीआई बैंक में सरकार की 40 फीसद से अधिक हिस्सेदारी है।

उन्होंने यह बात ऐसे समय कही है जब विनिवेश लक्ष्य को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। साथ ही कुछ लोग बीपीसीएल में हिस्सेदारी बिक्री और एलआइसी में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए हिस्सेदारी बेचे जाने पर प्रश्न कर रहे हैं।

राजकोषीय घाटे के मुद्दे पर सीतारमण ने कहा, 'कुछ लोग वित्तीय घाटे के 4-5 फीसद से ऊपर निकलने की बात कह रहे हैं। लेकिन हमने बजट में अपना रुख बिल्कुल साफ किया है। जहां जरूरी है हम वहां खर्च कर रहे हैं।' उल्लेखनीय है कि बजट में सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा का अनुमान 3.3 फीसद से संशोधित कर 3.8 फीसद कर दिया है। अगले वित्त वर्ष में 3.5 फीसद रहने का अनुमान लगाया गया है।

# लघु बचत ब्याज दरों में अगली तिमाही में संशोधन संभव : चक्रवर्ती

नई दिल्ली, 3 फरवरी (भाषा)।

आर्थिक मामलों के सचिव अतनु चक्रवर्ती ने अगली तिमाही में लघु बचत ब्याज दरों में संशोधन के संकेत दिए हैं। उनका कहना है कि इसे बाजार दरों के अनुरूप संतुलित बनाया जा सकता है। इससे नीतिगत दरों के लाभ को तेजी से आम लोगों तक पहुंचाने में मदद मिलने की संभावना है। बैंक जमा दरों में नरमी के बावजूद चालू तिमाही में सरकार ने लोक भविष्य निधि कोष (पीपीएफ) और राष्ट्रीय बचत पत्र (एनएससी) समेत लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कटौती करने से दूरी बनाए रखी।

चक्रवर्ती ने कहा कि देश में हमारे पास वर्तमान में लगभग 12 लाख करोड़ लघु बचत योजनाओं में और करीब 114 लाख करोड़ रुपए बैंक जमा के रूप में हैं। इससे बैंकों की देनदारी इन 12 लाख करोड़ रुपए से प्रभावित हो रही है। यह बिल्कुल वैसी स्थिति है जब कोई कमजोर इंसान किसी ज्यादा शक्तिशाली व्यक्ति को नियंत्रित करने लगे। कमोबेश लघु बचतों की ब्याज दर का कुछ जुड़ाव बाजार दरों से होना चाहिए जो बड़े स्तर पर सरकारी प्रतिभूतियों से प्रभावित होती हैं।

उन्होंने कहा कि श्यामला गोपीनाथ समिति की रपट को स्वीकार कर लिया गया है, लेकिन ब्याज दरों को बाजार दरों से जोड़ने का काम चल रहा है। इस तिमाही के लिए ब्याज दरों का इंतजार कीजिए, यह आपको अच्छे संकेत देगा। अभी कुछ सांकेतिक मुद्दे हैं, जिन पर काम किया जा रहा है। बैंकों का कहना है कि लघु बचतों पर ऊंची ब्याज दर से उन्हें अपनी जमा ब्याज दरों में कटौती करने में दिक्कत आ रही है। एक साल की परिपक्वता अवधि के लिए बैंकों की जमा ब्याज दर और लघु बचत दरों में करीब एक फीसद का अंतर है। उन्होंने कहा- भले सरकार लघु बचत योजनाओं पर निर्भर नहीं है, लेकिन सरकार का इन योजनाओं को खत्म करने का कोई इरादा नहीं है क्योंकि लोग इसका इस्तेमाल करते हैं।

# बाजार में लौटी तेजी, सूचकांक 137 अंक मजबूत

मुंबई, 3 फरवरी (भाषा)।

बंबई शेयर बाजार का सूचकांक सोमवार को 137 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। एचयूएल, आइसीआइसीआइ बैंक और एशियन पेंट की अगुआई में यह तेजी आई। एक ताजा सर्वे में बताया गया है कि जनवरी में भारत के विनिर्माण उद्योग की गतिविधियां तेज हुई हैं। इसका बाजार पर अनुकूल असर पड़ा।

उतार-चढ़ाव वाले कारोबार में 30 शेयरों वाला बंबई शेयर बाजार का सूचकांक 136.78 अंक मजबूत होकर 39,872.31 अंक रहा। सूचकांक के 18 शेयर लाभ और 12 नुकसान में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 46.05 अंक की बढ़त के साथ 11,707.90 अंक पर बंद हुआ।

शनिवार को झटके के बाद बाजार गिरावट के साथ खुला। एक समय सूचकांक नीचे में 39,563.07 अंक तक चला गया जबकि निफ्टी 11,614.50 अंक के निचले स्तर तक गया। शनिवार को संसद में पेश बजट के प्रस्तावों से निवेशकों में उत्साह नहीं होने से बाजार में बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी। दोपहर के कारोबार में बाजार में तेजी आई।

कंपनियों के खरीद प्रबंधकों (परचेजिंग मैनेजर) के बीच किए जाने वाले मासिक सर्वेक्षण पर आधारित आइएचएस मार्केट मैन्युफैक्चरिंग पीएमआइ इंडेक्स (विनिर्माण पीएमआइ) जनवरी में 55.3 अंक रहा जो दिसंबर में 52.7 था। यह नए कारोबारी आर्डर में वृद्धि को बताता है। पीएमआइ का यह 2012 से 2020 की अवधि में इसका सबसे ऊंचा स्तर है।

सूचकांक के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में एशियन पेंट रहा। इसमें 6.32 फीसद की तेजी आई। उसके बाद नेस्ले इंडिया 5.3 फीसद, एचयूएल 5.06 फीसद, बजाज ऑटो 4.71 फीसद, इंडसइंड बैंक 4.29 फीसद, टाटा स्टील 3.06 फीसद, मारुति 2.99 फीसद और पावरग्रिड 2.79 फीसद मजबूत हुए। दूसरी तरफ आइटीसी में 5.09 फीसद की गिरावट रही। बजट में सिगरेट पर उत्पाद शुल्क 212 फीसद से बढ़ाकर 388 फीसद किए जाने से कंपनी का शेयर प्रभावित हुआ। इसके अलावा टीसीएस, एचसीएल टेक, हीरो मोटो कार्प और टेक महिंद्रा नुकसान में रहे।

## बीदर हवाई अड्डे के परिचालन का अनुबंध जीएमआर के नाम

हैदराबाद, 3 फरवरी (भाषा)।

जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एअरपोर्ट लि. ने उत्तर कर्नाटक में बीदर हवाई अड्डे की नागर विमानन सेवा पट्टी के परिचालन और रखरखाव के अनुबंध पत्र पर दस्तखत किए हैं। जीएमआर ने एक बयान में यह जानकारी दी। कंपनी को केंद्र की उड़ान योजना के तहत यह ठेका मिला है। यह योजना नागर विमान सेवा नेटवर्क से अब तक कटे इलाकों को जोड़ने के लिए बनाई गई है।

**GOLKONDA ALUMINIUM EXTRUSIONS LIMITED**
*(Formerly known as Alumeco India Extrusion Limited)*
Regd. Office: A-2/78-B, Keshav Puram, New Delhi - 110035, India

**NOTICE**

Notice is hereby given that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on 12th February, 2020 at New Delhi, to consider and take on record, inter alia, the unaudited financial results for the quarter and nine months ended 31st December, 2019.

**For Golkonda Aluminium Extrusions Limited**
Place: New Delhi Sd/-
Date: 03rd February, 2020 Whole-time Director

**Shivalik Bimetal Controls Ltd.**
Regd. Office : Plot No. 16-18, New Electronics Complex, Chambaghat, Distt. Solan-173213 (HP)
Ph.+ 91-11-26027174, Fax: +91-011-26026776,
website: www.shivalikbimetals.com, E-mail: investor@shivalikbimetals.com,
CIN: L27101HP1984PLC005862.

**NOTICE**

NOTICE is hereby given that pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, a Meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Tuesday, 11th day of February, 2020, inter alia to consider and approve the Un-audited Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter and nine months ended December 31, 2019.

The said Notice may be accessed on the Company's website at www.shivalikbimetals.com and may also be accessed on the Stock Exchange website at www.bseindia.com

In pursuance of SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015, the Trading Window of the Company remains closed from 1st January, 2020 to 13th February, 2020 (both days inclusive)

**For Shivalik Bimetal Controls Limited**
Sd/-
Place: New Delhi Aarti Jassal
Dated: 03/02/ 2020 Company Secretary

**SIR SHADI LAL ENTERPRISES LTD.**
**CIN NO.L51909DL1933PLC009509**
**Regd. Office : 4-A, Hansalaya, 15, Barakhamba Road New Delhi 110 001**
**Phone No.011-23316409, 23310414 Fax No. 011-23322473**
**Email: udsm_shamli@sirshadilal.com : website www.sirshadilal.com**

**Abstract of Unaudited Financial Results for the Quarter and nine months ended 31st December, 2019**
(Rs. In Lacs)

| Particulars | Quarter ended | | | Nine Months ended | | Previous Accounting Year ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31.12.2019 | 30.09.2019 | 31.12.2018 | 31.12.2019 | 31.12.2018 | 31.03.2019 |
| Total Income from Operations | 11363.78 | 12464.21 | 9872.45 | 38856.25 | 25682.69 | 37360.47 |
| Net Profit(+)/Loss(-) for the period[before tax, Exceptional and/ or Extraordinary items] | (-) 626.14 | (+) 58.32 | (-)2712.10 | (-) 632.52 | (-) 4280.68 | (-) 3501.60 |
| Net Profit(+)/Loss(-) for the period before tax [after Exceptional and/ or Extraordinary items] | (-) 626.14 | (+) 58.32 | (-)2712.10 | (-) 632.52 | (-) 4280.68 | (-) 3501.60 |
| Net Profit(+)/Loss(-) for the period after tax [after Exceptional and/ or Extraordinary items] | (-) 626.14 | (+) 58.32 | (-)2712.10 | (-) 632.52 | (-) 4280.68 | (-) 3501.60 |
| Total Comprehensive income for the period {Comprising Profit/Loss for the period( after tax) and other comprehensive income for the period (after tax) | (-) 630.92 | (+) 45.96 | (-)2823.13 | (-) 507.62 | (-) 4314.00 | (-) 3488.82 |
| Paid-up Equity Share Capital | 525.00 | 525.00 | 525.00 | 525.00 | 525.00 | 525.00 |
| Earnings per share (not annualized of Rs. 10/-) Basic and Diluted | (-)11.926 | (+)1.111 | (-)51.659 | (-)12.048 | (-)81.537 | (-)66.697 |

**Note:**

1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015.The full format of the Quarterly Financial Results are available on the website of the BSE Ltd. at www.bseindia.com and the Company's website at www.sirshadilal.com
2. The above result have been subject to "Limited Review" by Auditors of the Company and have been reviewed and recommended by Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting held on 3rd February, 2020.

**for Sir Shadi Lal Enterprises Ltd.**
Sd/-
(Rajat Lal)
Managing Director

**Place : New Delhi**
**Dated : 3rd February, 2020**

**HDB FINANCIAL SERVICES**
From the trusted family of HDFC Bank

**पंजीकृत कार्यालय :** ''राधिका'', द्वितीय तल, लॉ गार्डन रोड, नवरंगपुरा, अहमदाबाद-380009 **शाखा कार्यालय :** भवन सं. 59, प्रथम एवं तृतीय तल, पंचकुइयाँ रोड, निकट आर.के. आश्रम मेट्रो, नई दिल्ली-110001

**सरफाएशी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत माँग सूचना**

आप अधोलिखित कर्जदारों, सह-कर्जदारों तथा जमानतियों ने अपनी अचल सम्पत्तियों (प्रतिभूतियों) को गिरवी रखकर एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज से ऋण/वित्तीय सुविधाएँ ग्रहण कीं और उनके पुनर्भुगतान में चूक की। आपकी चूक के परिणामस्वरूप ऋण को नॉन-पर्फार्मिंग आस्ति के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया। तत्पश्चात कम्पनी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की वित्तीय आस्तियो तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण (अधिनियम) की धारा 13(2) के तहत, जिसकी विषय-सामग्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(2) के अनुसार इसके साथ प्रकाशित किये जा रहे हैं और आपके पास वैकल्पिक सेवा के रूप में माँग सूचना निर्गत की है। कर्जदारों, सह-कर्जदारों, ऋण खाता सं., ऋण की राशि, धारा 13(2) के तहत माँग सूचना, तिथि, सूचना में दावाकृत राशि, एनपीए तिथि तथा प्रतिभूतियों का विवरण नीचे दिया गया है :

| | |
|---|---|
| 1. | कर्जदार तथा सह-कर्जदारों के नाम : ब्राइज एडवर्टाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड, राहुल गौड़, हरचरन सिंह, नरिन्दर कौर एवं नवमीत भाडला, सभी : भवन सं. 989, ब्लॉक-ए, पालम एक्सटेंशन, मैक्स फोर्ट स्कूल के पीछे, सेक्टर-7, द्वारका नई दिल्ली-110077, साथ ही : मकान नं. 13/14, खेवट खाता सं. 113/331, खसरा नं. 1583/871/891(0-7) तथा 2025/1566/893(0-7), भदसोन रोड, रकबा ग्राम-जसोवल, पटियाला-147001 खाता सं. : 813179; ऋण राशि रु. 45000000/- (रुपये चार करोड़ पचास लाख मात्र), माँग सूचना की तिथि : 02.01.2020; दावाकृत राशि : 18 दिसम्बर, 2019 तक रु. 27,188,405.67 (रुपये दो करोड़ इकहत्तर लाख अट्ठासी हजार चार सौ पाँच एवं सड़सठ पैसे मात्र) तथा आकस्मिक व्ययों, लागत तथा प्रभारों आदि सहित वास्तविक वसूली तिथि तक भावी अनुबन्धात्मक ब्याज। एनपीए तिथि : 03.10.2019, प्रतिभूति का विवरण : भदसोन रोड, रकबा ग्राम जसोवल, पटियाला में स्थित खेवट/खतौनी सं. 410/885, खसरा नं. 1583/971/891(0-7), 2025/1566/893(0-7) में से सम्पत्ति मकान सं. 13/14, माप 13 बिस्वा (650 वर्ग गज) अर्थात 0-14 बिस्वा में से 13/14 भाग का सम्पूर्ण भाग। सीमाएँ : पूर्व : मेन रोड, पश्चिम : सड़क, उत्तर : बलविन्दर सिंह की सम्पत्ति, दक्षिण : जगत सिंह की सम्पत्ति। |
| 2. | कर्जदार तथा सह-कर्जदारों के नाम : अनिल अग्रवाल, जय श्री अग्रवाल, सभी : बी-110, दूसरी मंजिल, विवेक विहार फेज-1, नई दिल्ली-110092, दिल्ली, खाता सं. : 236521, 580682 & 896830; ऋण राशि रु. 20904111/- (रुपये दो करोड़ नौ लाख चार हजार एक सौ ग्यारह मात्र), माँग सूचना की तिथि : 04.01.2019; दावाकृत राशि : 4 जनवरी, 2020 तक रु. 16271899.28/- (रुपये एक करोड़ बासठ लाख इकहत्तर हजार आठ सौ निन्यानबे मात्र) तथा आकस्मिक व्ययों, लागत तथा प्रभारों आदि सहित वास्तविक वसूली तिथि तक भावी अनुबन्धात्मक ब्याज। एनपीए तिथि : 04.05.2019, 03.09.2019 प्रतिभूति का विवरण : यमुना विहार आवासीय कॉलोनी, शाहदरा, दिल्ली पर स्थित ब्लॉक सी-1 में मकान नं. बी-110, दूसरी मंजिल, ब्लॉक-बी, विवेक विहार, नई दिल्ली-110092, सी-1/47, माप क्षेत्र 66.88 वर्ग मीटर का सम्पूर्ण भाग। सीमाएँ : 1. पूर्व : रोड, पश्चिम : सर्विस लेन, उत्तर : प्लॉट सं. 111, दक्षिण : प्लॉट सं. 109. 2. पूर्व : सड़क, पश्चिम : सर्विस लेन, उत्तर : सी-1/46, दक्षिण : सी-1/48 |
| 3. | 3. कर्जदार तथा सह-कर्जदारों के नाम : राजीव चेतल, पवन चेतल तथा लीला रानी चेतल, सभी : 15ए/13 जीएफ ब्लॉक-15ए, ईस्ट पटेल नगर, दिल्ली-110008, साथ ही : 14ए/1, डब्ल्यूईए करोल बाग, दिल्ली-110005, खाता सं. : 767138; ऋण राशि रु. 40000000/- (रुपये चार करोड़ मात्र), माँग सूचना की तिथि : 02.01.2020; दावाकृत राशि : 02.01.2020 तक रु. 9,745,380.78/- (रुपये सत्तानबे लाख पैंतालीस हजार तीन सौ अस्सी एवं अठहत्तर पैसे मात्र) तथा आकस्मिक व्ययों, लागत तथा प्रभारों आदि सहित वास्तविक वसूली तिथि तक भावी अनुबन्धात्मक ब्याज। एनपीए तिथि : 05.04.2019, प्रतिभूति का विवरण : 14ए/1, डब्ल्यूईए करोल बाग, दिल्ली-110005 माप 167 वर्ग गज (छत/टेरेस के अधिकार सहित भूतल, प्रथम तल, द्वितीय तल तथा तृतीय तल से निर्मित) (भूतल पर 26.45 वर्ग मीटर माप के सम्पूर्ण बेसमेंट तथा एक दुकान को छोड़कर) का सम्पूर्ण भाग। सीमाएँ : 1. पूर्व : सर्विस रोड, पश्चिम : सड़क, उत्तर : प्लॉट सं. 22, दक्षिण : प्लॉट सं. 2. |

अतः आप कर्जदार/सह-कर्जदारों तथा जमानतियों को ऊपर उल्लिखित के अनुसार भावी ब्याज सहित ऊपर उल्लिखित माँग राशि का इस सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर पूर्ण रूप से भुगतान करने के लिए कहा जाता है जिसमें असफल होने पर अधोहस्ताक्षरी ऊपर उल्लिखित प्रतिभूतियों के प्रवर्तन हेतु अधिनियम के तहत कार्यवाही करने के लिए बाध्य होगा। (प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय-सीमा के परिप्रेक्ष्य में कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है)

कृपया ध्यान दें कि कथित अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार इस बीच आपको उपर्युक्त सम्पत्ति का हमारी सहमति के बिना विक्रय, पट्टे अथवा अन्य रूप में उपर्युक्त सन्दर्भित प्रतिभूतियों को हस्तान्तरित करने से निषिद्ध किया जाता है और अधिनियम की धारा 13(13) का कोई अननुपालन कथित अधिनियम की धारा 29 के तहत दण्डनीय है।

किसी पूछताछ के लिए कृपया सम्पर्क करें :
श्री हरदीप सभरवाल, दूरभाष : 9654965496 अथवा श्री यज्ञेश मेधावी, दूरभाष : 9310890352

स्थान : मुम्बई तिथि : 04.02.2020 ह./- कृते एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, अधिकृत प्राधिकारी

**COURT NOTICE**

In the court of Sh. Gurdarshan Singh JMIC Ludhiana
Next date, purpose of case orders and Judgments as well as other Case information is available on http://ecourts.gov.in
CNR NO:PBLD03-039370-2017
NEXT DATE: 04-03-2020
**Kotak Mahindra Bank**
**V/s**
**Mohd. Azam**
Notice To:1. Mohd. Azam R/o 447-6, Block-g, Sangam Vihar, Delhi-110062 2. Sanjeev Kumar S/o Rohtash Singh R/o H.no 2k Purana Vijay Nagar Ghaziabad-201001 Uttar Pardesh
Whereas it has proved to the satisfaction of this court that you, the above named accused// accused persons can't be served in the ordinary way of service. Hence this proclamation under 82 of code of criminal procedure is hereby issued against you with a direction that you should appear personally before this court on 04-03-2020 at 10.00 a.m. Or within 30 days from the date of this publication of this proclamation. Take notice that in case of default on your part to appear as directed above the above said case will be heard and determined as Per law, in your absence. For details logon to: https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=ludhiana
JMIC LUDHIANA

**COURT NOTICE**

In the court of Sh. Gurdarshan Singh JMIC Ludhiana
Next date, purpose of case, orders and judgments as well as other Case information is available on http://ecourts.gov.in
CNR NO:PBLD03-050298-2018
NEXT DATE: 05-03-2020
**M/s Crystal Crop Protection Pvt Limited**
**V/s**
**Pothireddy Ramesh**
Notice To: Pothireddy Ramesh Prop. Sri Sairam Agro Agencies D. No. 5-8, Main Road, Dendapudi, Andhra Pardesh
Whereas it has proved to the satisfaction of this court that you, the above named accused/ accused persons can't be served in the ordinary way of service. Hence this proclamation under 82 of code of criminal procedure is hereby issued against you with a direction that you should appear personally before this court on 05-03-2020 at 10.00 a.m. Or within 30 days from the date of publication of this proclamation. Take notice that, in case of default on your part to appear as directed above the above said case will be heard and determined as per law, in your absence. For details logon to: https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=ludhiana JMIC LUDHIANA

**ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स**
(भारत सरकार का उपक्रम)
मण्डल कार्यालय - सी-18बी, दीन दयाल पुरम, बरेली-243122, फोन : 0581-2310672, ई-मेल: co.bar@obc.co.in

**नियम - 8 (1) कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत **ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स साथ ही पंजाब नेशनल बैंक की सहमति से, ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **उधारकर्ता /निदेशकों मैसर्स अतरसंस ओवरसीज (प्रा.) लि. (पूर्व में श्री बालाजी रोहिलखंड राइस मिल्स प्रा. लि.), सी-1, औद्योगिक क्षेत्र, ग्रोथ सेंटर गाँव जामोर तहसील और जिला शाहजहांपुर-242226 और पंजी कार्यालयः सी-67, वैभव सनसिटी विस्तार, बरेली यूपी, निदेशक श्रीमती सीमा गुप्ता पत्नी श्री सुनील कुमार गुप्ता और श्री रचिन गुप्ता पुत्र श्री नरेश चंद्र गुप्ता और गारंटर श्री सुनील कुमार गुप्ता पुत्र श्री राम निवास गुप्ता और मैसर्स बालाजी फूडग्रेन्स प्रा. लि. को मांग नोटिस निम्नांकित दिनांकों को जारी किया था, जिसमें मांग नोटिस में निम्नानुसार बकाया राशि** उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अन्दर भुगतान करने को कहा गया था।

| बैंकों के नाम | सरफेसी अधिनियम 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना की तारीख | सूचना में अंकित राशि (आईएनआर) |
|---|---|---|
| ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स | 04-02-2019 | रु. 45,09,48,004.60 (रु. पैंतालीस करोड़ नौ लाख अड़तालीस हजार चार और पैसे साठ मात्र) दिनांक 31.01.2019 तक |
| पंजाब नैशनल बैंक | 10-06-2019 | रु. 25,59,80,814.49 (रु. पच्चीस करोड़ उनसठ लाख अस्सी हजार आठ सौ चौदह और पैसे उनचास मात्र) दिनांक 01.06.2019 तक |

उधारकर्ताओं/सह-कर्जदारों/बंधककर्ताओं/गारंटर्स **उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये हैं इसलिये एतद्द्वारा** उधारकर्ताओं/सह-कर्जदारों/बंधककर्ताओं/गारंटर्स **तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमें नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4), उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हें प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के** अन्तर्गत **सम्पत्ति का कब्जा 30.01.2020** को लिया है।

उधारकर्ताओं/सह-कर्जदारों/बंधककर्ताओं/गारंटर्स का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

उधारकर्ताओं/सह-कर्जदारों/बंधककर्ताओं/गारंटर्स को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे निम्न सम्पत्तियों के साथ लेन-देन न करें तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन **ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स, के प्रभार वास्ते, बकाया राशि रू. रु. 50,63,85,028.57** (रु. पचास करोड़ तिरेसठ लाख पिच्चासी हजार अट्ठाईस और पैसे सत्तावन मात्र) दिनांक 01.01.2020 तक **साथ में संविदात्मक दर पर ब्याज इत्यादि सहित** अदायगी की तिथि तक और **पंजाब नेशनल बैंक, के प्रभार वास्ते, बकाया राशि रू. रु. 25,59,80,814.49 (रु. पच्चीस करोड़ उनसठ लाख अस्सी हजार आठ सौ चौदह और पैसे उनचास मात्र) दिनांक 01.06.2019 तक साथ में संविदात्मक दर पर ब्याज इत्यादि सहित** अदायगी की तिथि तक के अधीन होगा।

**अचल सम्पत्तियों का विवरण**

(1) साम्यिक बंधक सम्पत्ति खसरा नं. 36 और 37 का 1/3 हिस्सा, गाँव फतेहपुर, परगना + तहसील - बरेली में स्थित, यह सम्पत्ति श्री सुनिल कुमार गुप्ता पुत्र श्री राम निवास गुप्ता के नाम पर है। क्षेत्रफल 10330 वर्ग मी., खसरा नं. 36 की चौहद्दी : पूरब में - भूपेन्द्र सिंह एवं अन्य का खेत, पश्चिम में - चन्द पाल सिंह का खेत, उत्तर में - दीप देवेन्द्र सिंह का खेत, दक्षिण में - श्रीमती कमला गुप्ता का खेत

खसरा नं. 37 की चौहद्दी: पूरब में - माखन लाल एवं अन्य का खेत, पश्चिम में - श्रीमती कमला गुप्ता का खेत, उत्तर में - विक्रेता का खेत, दक्षिण लिंक रोड

(2) साम्यिक बंधक सम्पत्ति खसरा नं. 36 का हिस्सा, गाँव फतेहपुर, तहसील फरीदपुर जिला बरेली में स्थित, यह सम्पत्ति श्री रचिन कुमार गुप्ता पुत्र श्री नरेश चन्द्र गुप्ता के नाम पर है। क्षेत्रफल 2325 वर्ग मी., चौहद्दी : पूरब में - श्री बालाजी ब्रिक इंडस्ट्रीज की सम्पत्ति, पश्चिम में - आशीष गुप्ता का प्लॉट, उत्तर में - लल्ला का प्लॉट, दक्षिण में - भोजपुर रोड

**(3) साम्यिक बंधक खुला प्लॉट खसरा नं. 28एम, 29/2, 30/2एम का हिस्सा, तुलापुर पीलीभीत बाई पास रोड, जिला बरेली में स्थित, यह सम्पत्ति श्री सुनील कुमार गुप्ता पुत्र श्री राम निवास गुप्ता और श्री रचिन गुप्ता पुत्र श्री नरेश चन्द गुप्ता के नाम पर है। क्षेत्रफल 1413.05 वर्ग मी.,** चौहद्दी : पूरब में - खसरा नं. 46 और 25 (सीपीडब्ल्यूडी चौहद्दी), पश्चिम में - खसरा नं. 44/2 & 41/2 & 29, उत्तर में - खसरा नं. 45, दक्षिण में - खसरा नं. 28 और 30

**(4) साम्यिक बंधक सम्पत्ति रिहायशी खुला प्लॉट नं. 1-ए, खसरा नं. 176 और 178 का हिस्सा, गाँव कालापुर, पीटीडी, बरेली में स्थित, यह सम्पत्ति श्री रचिन गुप्ता पुत्र श्री नरेश चन्द्र गुप्ता के नाम पर है। क्षेत्रफल 234 वर्ग मी.,** चौहद्दी : पूरब में - प्राईवेट प्लॉट नं. 2, पश्चिम में - परती और पीलीभीत रोड, उत्तर में - 30फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिण में - प्राईवेट प्लॉट नं. 1

**दिनांक 30-01-2020, स्थान : बरेली** **प्राधिकृत अधिकारी, ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स**

**HDFC**
WITH YOU, RIGHT THROUGH

**हाउसिंग डिवेलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि.**
उत्तरी क्षेत्र कार्यालय : द कैपिटल कोर्ट, मुनिरका, आउटर रिंग रोड, ओलोफ पाल्मे मार्ग, नई दिल्ली-110 067
दूरभाषः 011-41115111, कॉर्पोरेट पहचान संख्याः L70100MH1977PLC019916, वेबसाइटः www.hdfc.com

**कब्जा सूचना**

चूंकि, **हाउसिंग डिवेलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारियों ने वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के अधीन प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन निम्नलिखित कर्जदारों/कानूनी उत्तराधिकारियों एवं कानूनी प्रतिनिधियों को एक मांग सूचना जारी की जिसमें उनके नामों के सम्मुख दर्शाई गई राशि और कथित सूचना में दर्शाये गए विवरण के अनुसार लागू दर पर ब्याज तथा भुगतान की तिथि और/या वसूली तक प्रासंगिक व्यय, लागत एवं प्रभार आदि के साथ राशि को कथित मांग सूचना(ओं) की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए कहा गया।

| क्र. सं. | कर्जदारों/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों का नाम/ऋण खाता संख्या | बकाया राशि | मांग सूचना की तिथि | कब्जा करने की तिथि | अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री हर्ष वर्धन बगारिया, श्री सत्य प्रकाश बगारिया, श्रीमती संतोष बगारिया एवं मैसर्स रोजवूड प्रोजेक्टस प्राइवेट लिमिटेड (ऋण खाता सं. 625579733, 625352059, 626265821, 625392727, 625063209, 626221702, 626145075 और 625351515) | मांग सूचना में से प्रत्येक में वर्णित अनुसार देय राशि* रु. 5,55,73,869/- (पांच करोड़ पचपन लाख तिहत्तर हजार आठ सौ उनहत्तर रुपए) | 05-जुलाई-2019 | 30-जनवरी-2020 (भौतिक) | क) यूनिट/शॉप नं0 25, प्रथम तल, चार्मवूड प्लाजा, इरोज गार्डन टाउन, फरीदाबाद, हरियाणा, भूमिगत भूमि के अविभाजित आनुपातिक हिस्से के साथ और उस पर वर्तमान एवं भावी निर्माण। ख) यूनिट/शॉप नं0 26, प्रथम तल, चार्मवूड प्लाजा, इरोज गार्डन टाउन, फरीदाबाद, हरियाणा, भूमिगत भूमि के अविभाजित आनुपातिक हिस्से के साथ और उस पर वर्तमान एवं भावी निर्माण। ग) फ्लैट नं. 1001, 10वीं मंजिल, रॉयल रेट्रीट-II, चर्मवूड गाँव, लक्करपुर गाँव, इरोज गार्डन, सूरजकुण्ड रोड, फरीदाबाद, हरियाणा भूमिगत भूमि के अविभाजित आनुपातिक हिस्से के साथ। |
| 2. | श्री नीरज रावल एवं श्री धानात्तर सिंह रावल ऋण खाता सं0 617776827 | 31-अगस्त-2019* को बकाया रु. 12,36,629/- (केवल बारह लाख छत्तीस हजार छह सौ उन्तीस रुपये) | 24-सितम्बर-2018 | 01-फरवरी-2020 (भौतिक) | आवंटन पत्र दिनांकित 28.01.2015 के माध्यम से श्री. नीरज रावल के पक्ष में आबंटित सेक्टर 35, नई दिल्ली, 110085 में स्थित, डीडीए रोहिणी हाउसिंग स्कीम-2014 में फ्लैट 23, बीएलके-बी1, भूमि तल, पॉकेट-5 के साथ उस पर सभी सम्बद्ध एरिया सहित भूमि की निचली भूमि पर अविभाजित आनुपातिक हिस्सा और उस पर वर्तमान एवं भावी निर्माण |

*भुगतान और/या वसूली की तिथि तक उपार्जित जैसा भी लागू अनुसार आगे ब्याज, प्रासंगिक व्यय, लागतें, प्रभार आदि के साथ।

हालांकि, चूंकि यहां उपरोक्त वर्णित कर्जदार बकाया राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं, इसलिए विशेषकर उपरोक्त वर्णित कर्जदारों/कानूनी उत्तराधिकारियों एवं कानूनी प्रतिनिधियों और आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि एचडीएफसी के प्राधिकृत अधिकारियों ने उपरोक्त वर्णित तिथियों पर कथित नियमों के नियम 8 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत परिसम्पत्ति का **भौतिक कब्जा** अपने पास ले लिया है।

विशेषकर यहां उपरोक्त वर्णित कर्जदारों/कानूनी उत्तराधिकारियों एवं कानूनी प्रतिनिधियों और आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति(यों)/प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के साथ लेनदेन न करें और कथित अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत परिसम्पत्ति पर कोई भी लेनदेन हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि. के बंधक के अधीन होगा।

अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के अनुसरण में, उपरोक्त वर्णित कर्जदारों/कानूनी उत्तराधिकारियों एवं कानूनी प्रतिनिधियों का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के विमोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में आकृष्ट/आमंत्रित किया जाता है/जाते हैं।

लिखित जारी पंचनामा और बनाई गई मालसूची की प्रतियाँ अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और कथित कर्जदार (रों)/कानूनी उत्तराधिकारी (रियों) / विधिक प्रतिनिधि (यों) से अनुरोध है/हैं कि वे किसी भी सामान्य कार्य दिवस पर कार्यालय अवधि के दौरान अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्रति प्राप्त कर लें।

स्थानः दिल्ली कृते हाउसिंग डिवेलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि.
दिनांकः 03.02.2020 ह0/-
प्राधिकृत अधिकारी

पंजीकृत कार्यालयः रेमन हाउस, एच.टी. पारेख मार्ग, 169, बैकबे रीक्लेमेशन, चर्चगेट, मुंबई-400 020



www.readwhere.com

अंडर-19 विश्व कप

# सेमी फाइनल में भारत का सामना पाकिस्तान से

पोटचेफस्ट्रूम (दक्षिण अफ्रीका), 3 फरवरी (भाषा)।

चार बार की चैंपियन भारतीय टीम अंडर-19 विश्व कप के पहले सेमी फाइनल में मंगलवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से खेलेगी तो उसका लक्ष्य लगातार तीसरे फाइनल में प्रवेश का होगा।

दोनों टीमें सेमी फाइनल तक की राह में अपराजेय रही है। भारत ने क्वार्टर फाइनल में आस्ट्रेलिया को और पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को हराया। पाकिस्तान के कप्तान रोहेल नजीर ने इस मैच को लेकर बनी हाइप को ज्यादा तूल देने से इनकार किया लेकिन यह हकीकत है कि टूर्नामेंट में यह सबसे ज्यादा दबाव वाला मैच होगा। इसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों की असल परीक्षा होगी। इस मैच में अच्छा खेलने से कोई रातोंरात स्टार बन जाएगा और खराब खेलने पर खलनायक भी। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद हुरैरा ने अफगानिस्तान पर मिली जीत के बाद कहा था, यह काफी दबाव वाला मैच है और इसे लेकर काफी हाइप है। हम इसे आम मैच की तरह लेंगे और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश करेंगे।

**खिताब** लगातार तीसरी बार फाइनल में पहुंचने का लक्ष्य, चार बार खिताब अपने नाम कर चुकी भारतीय जूनियर टीम का पलड़ा भारी

**समय** मैच दोपहर डेढ़ बजे से शुरू होगा

सीनियर की तरह ही भारतीय जूनियर टीम का पाकिस्तान पर पलड़ा भारी है। भारत ने पिछले साल सितंबर में उसे एशिया कप में भी हराया था। अंडर-19 विश्व कप में गत चैंपियन भारत ने 2018 विश्व कप में पाकिस्तान को 203 रन से मात दी थी। वैसे क्रिकेट में इतिहास मायने नहीं रखता और प्रियम गर्ग की कप्तानी वाली टीम को पाकिस्तान पर जीत दर्ज करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भारतीय बल्लेबाजी की धुरी रहे हैं जिन्होंने चार मैचों में तीन अर्धशतक लगाए। बाकी बल्लेबाजों का प्रदर्शन उल्लेखनीय नहीं रहा। अगर क्वार्टर फाइनल में निचले क्रम के बल्लेबाज नहीं चलते तो नतीजा कुछ और भी हो सकता था। तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी ने भी उम्दा प्रदर्शन किया था। अथर्व अंकोलेकर और फार्म में चल रहे लेग स्पिनर रवि विश्नोई ने सातवें विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी की जिसकी बदौलत भारत ने जीत दर्ज की।

## फेड कप तीन सप्ताह के लिए टला

नई दिल्ली, 3 फरवरी (भाषा)।

कोरोना वायरस संक्रमण के फैलने के बाद चीन की जगह कजाखस्तान को फेड कप टेनिस प्रतियोगिता मेजबानी दी गई थी लेकिन मंगलवार से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट को तीन सप्ताह के लिए टाल दिया गया। इस प्रतियोगिता के एशिया-ओसियाना ग्रुप एक स्पर्धा का आयोजन पहले चीन के डोंगुआन शहर में चार से आठ फरवरी तक होना था।

## पिंडली की चोट के कारण रोहित न्यूजीलैंड दौरे से बाहर

नई दिल्ली, 3 फरवरी (भाषा)।

भारत को उस समय झटका लगा जब उसके सीमित ओवरों के उप कप्तान रोहित शर्मा माउंट मोनगानुई में पांचवें और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय के दौरान पिंडली में चोट के कारण सोमवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी एकदिवसीय और टैस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए। उनकी जगह मयंक अग्रवाल एकदिवसीय टीम में लोकेश राहुल और पृथ्वी साव के साथ तीसरे सलामी बल्लेबाज होंगे। जबकि टैस्ट टीम में रोहित की गैरमौजूदगी में राहुल और पृथ्वी साव के साथ शुभमन गिल तीसरे सलामी बल्लेबाज होंगे।

टीम में










मैच के दौरान तेजी से एक रन लेने के प्रयास में रोहित की पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और उन्हें 41 गेंद में 60 रन बनाने के बाद रिटायर्ड हर्ट होकर लौटना पड़ा था। रोहित की चोट भारत के लिए बड़ा झटका है क्योंकि 2019 में सभी प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन करने वाला यह बल्लेबाज अच्छी लय में था। बीसीसीआइ के एक सूत्र ने बताया, वह दौरे से बाहर हो गए हैं। फिलहाल उनकी स्थिति काफी अच्छी नहीं लग रही। फिजियो उनका आकलन कर रहे हैं। हमें बाद में पता चलेगा कि चोट की स्थिति क्या है लेकिन वह श्रृंखला में आगे हिस्सा नहीं लेंगे। भारत बुधवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में हिस्सा लेगा जबकि इसके बाद दो टैस्ट की श्रृंखला खेली जाएगी। पता चला है कि मयंक अग्रवाल एकदिवसीय टीम में रोहित की जगह लोकेश राहुल और पृथ्वी साव के साथ तीसरे सलामी बल्लेबाज होंगे। टैस्ट टीम में रोहित की गैरमौजूदगी में राहुल और पृथ्वी साव के साथ शुभमन गिल तीसरे सलामी बल्लेबाज होंगे। दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ भारत की पिछली दो घरेलू टैस्ट श्रृंखलाओं में गिल ने रोहित और राहुल के साथ बैकअप सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाई थी।

## टी-20 : सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग में पहुंचे राहुल

दुबई, 3 फरवरी (भाषा)।



न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारत के सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल सोमवार को जारी आइसीसी टी-20 रैंकिंग में दूसरे पायदान पर पहुंच गए।

राहुल ने इस श्रृंखला में विकेटकीपर की भूमिका निभाने के अलावा दो अर्धशतक के साथ 224 रन बनाकर टीम को 5-0 से श्रृंखला जिताने में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के बाबर आजम रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि सीमित ओवरों के भारतीय उपकप्तान रोहित शर्मा (10) भी शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहे। कप्तान विराट कोहली नौवें स्थान पर हैं। अन्य भारतीय बल्लेबाजों में श्रेयस अय्यर (63 स्थान के सुधार के साथ 55वें) और मनीष पांडे (12 स्थान के सुधार के साथ 58वें) भी नवीनतम रैंकिंग में सुधार करने में सफल रहे। गेंदबाजों की रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह 26 स्थान के सुधार के साथ 11वें पायदान पर पहुंच गए। युजवेंद्र चहल 10 स्थान ऊपर चढ़कर 30वें पायदान पर पहुंच गए। श्रृंखला में आठ विकेट लेने वाले शार्दुल ठाकुर ने 34 स्थान का सुधार किया और अब उनकी रैंकिंग 57 है। नवदीप सैनी (25 स्थान के सुधार के साथ 71वें स्थान पर) और रविंद्र जडेजा (34 स्थान के सुधार के साथ 76वें पायदान पर) की रैंकिग में भी बड़ा सुधार हुआ।

डीडीसीए चयन विवाद

## अनजान तेज गेंदबाज बेनीवाल दिल्ली की रणजी टीम में

नई दिल्ली, 3 फरवरी (भाषा)।

दिल्ली की रणजी ट्रॉफी टीम के चयन को लेकर सोमवार को विवाद की स्थिति पैदा हो गई जब मंगलार से गुजरात के खिलाफ शुरू हो रहे अहम मुकाबले के लिए 15 सदस्यीय टीम में अनजान तेज गेंदबाज अंकित बेनीवाल को शामिल किया गया।

एक वर्ग के विरोध के बावजूद बेनीवाल को बंगाल के खिलाफ मैच के लिए नेट गेंदबाज के रूप में भेजा गया था जबकि वह सिर्फ 110 से 115 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी कर सकते हैं। डीडीसीए के आला अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि बीसीसीसीआइ के पूर्व उपाध्यक्ष और उसका छोटा भाई जो अब डीडीसीए का शीर्ष पदाधिकारी है, उन्होंने बेनीवाल को चुनने के लिए चयन समिति को बाध्य किया। चयन समिति की बैठक के दौरान मौजूद डीडीसीए के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया, डीडीसीए की सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष बंटू सिंह और उनके साथी अनिल भारद्वाज इस विवादास्पद फैसले के लिए जिम्मेदार हैं। उस खिलाड़ी के बारे में कोई नहीं जानता। उसने कैसे टीम में जगह बनाई और उसने कितने विकेट लिए हैं। लेकिन हम सभी को पता है कि दो भाई उसे शामिल करने के लिए जोर लगा रहे हैं। बंटू सिंह ने हालांकि बेनीवाल के चयन के फैसले का बचाव किया है। उन्होंने कहा, सिर्फ चयनकर्ताओं ने ही बेनीवाल को नहीं चुना है। यह सामूहिक फैसला था (अधिकारियों और चयनकर्ता का)। हमेशा चयनकर्ताओं पर दोष मढ़ना सही नहीं है। हम काफी लड़कों का चयन प्रदर्शन के आधार पर करते हैं लेकिन तब कोई चयनकर्ताओं की तारीफ नहीं करता।


# सहारा इंडिया परिवार के 42 वर्ष




## आज की स्थिति

**मेरे सम्माननीय निवेशकर्ता साथीगण,**

अपने इन 42 वर्षों में इस परिवार ने अपने सेवा पक्ष से करोड़ों सम्मानित जमाकर्ताओं/ निवेशकर्ताओं का भरपूर प्यार व विश्वास अर्जित किया है और उस विश्वास के लिए मैं, सहारा इंडिया परिवार का प्रमुख होने के नाते अपने परिवार की तरफ से बड़ों को नमन, समकक्षों को बधाइयाँ एवं अनुजों को आशीर्वाद के साथ सबके प्रति दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूँ।

### भुगतान में विलम्ब :

सहारा इंडिया परिवार ने सम्मानित निवेशकर्ताओं को समयबद्ध भुगतान करने और अपने सेवा पक्ष को उत्कृष्टतम् बनाये रखने की अपनी स्थापित परम्परा का हमेशा निर्वाह किया है। किन्तु पिछले 7 वर्षों से कुछ अवांछित परिस्थितियों के कारण सहारा की स्थापित परम्परा के विपरीत कुछ जगहों पर भुगतान में विलम्ब हो रहा है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के प्रतिबंध (एम्बार्गो) के फलस्वरूप हम अपनी परिसंपत्तियों को बेचकर, गिरवी रखकर या ज्वाइंट वेंचर से धन जुटाते हैं तो माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत सारे रुपये सहारा-सेबी खाते में जमा हो जायेंगे, उसमें से एक रुपये का भी संस्थागत कार्य हेतु उपयोग नहीं कर सकते, यहाँ तक कि सम्मानित निवेशकों के भुगतान हेतु भी नहीं।

**जबकि सहारा की परिसंपत्तियाँ उसकी कुल देनदारियों की तुलना में तीन गुना ज़्यादा हैं।**

### तीन गुना परिसंपत्तियों के बावजूद परेशानी का कारण :

अब बात यह आती है कि सहारा के पास जब इतनी परिसंपत्तियाँ हैं तो वह उसे बेच कर संकट से बाहर क्यों नहीं आता। इस समय हम ऐसे मोड़ पर हैं जहाँ सब कुछ हमारी पहुँच के भीतर है लेकिन माननीय सर्वोच्च न्यायालय के प्रतिबंध की अड़चन के कारण पहुँच से बाहर भी है। यदि इस समय हमें भवन निर्माण का व्यवसाय करने की थोड़ी सी छूट मिली होती तो सब कुछ कब का ठीक हो गया होता।

दरअसल, पूरे हिंदुस्तान में हमारी हज़ारों एकड़ ज़मीन सैकड़ों भूखंडों के रूप में बिखरी पड़ी है लेकिन ये सारे भूखंड बड़े क्षेत्रफल वाले यानी 100-200-300 एकड़ के हैं। अकेली ऐम्बी वैली का क्षेत्रफल 9000 एकड़ का है। अब कठिनाई यह है कि बड़े भूखंडों के खरीदार हिंदुस्तान में नहीं हैं। क्योंकि भू-बाज़ार (Real Estate) में मंदी है। ऐसी सूरत में जो एक-दो खरीदार मिलते भी हैं तो वे एक भूखंड को उसके वास्तविक मूल्य के चौथाई या उससे भी कम दाम में लेना चाहते हैं। माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत इस तरह का कम मूल्य का सौदा करना हमारे लिए संभव नहीं है क्योंकि हमें सरकारी सर्किल रेट के 90 प्रतिशत के नीचे बेचने की इजाज़त नहीं है।

बड़े भूखंड पर यदि टाउनशिप (कॉलोनी) विकसित करने की बात सोचें तो दो परिस्थितियाँ आयेंगी। पहले कि भूखंड का आंतरिक विकास व इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे-सड़क या अन्य सुविधाएं निर्मित करने हेतु फंड का अभाव, दूसरा यदि हम आवास डेवलपमेंट करने हेतु आवंटियों से बतौर एडवांस (बुकिंग एमाउंट) लेते हैं तो इससे जो पैसा आयेगा वह इस अजीब विषम परिस्थिति में माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार सहारा-सेबी एकाउंट में जमा कराना पड़ेगा, फिर हाउसिंग डेवलपमेंट के व्यवसाय की गाड़ी आगे कैसे बढ़ेगी? ऐसे में ज़मीनें तो हैं लेकिन उनका विकास कर व्यवसाय नहीं किया जा सकता है। जो प्रोजेक्ट चल रहे थे आज वो भी रुक गये हैं, क्योंकि धन का प्रवाह बंद हो गया है।

### ख़ुशी की बात :

यह खुशी की बात है कि दो सम्मानित विदेशी निवेशक संस्थाएं, काफी बड़ी रकम लेकर हमारे साथ रियल एस्टेट एवं सिटी विकास के व्यवसाय में आ रही हैं। माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए कुछ ऐसे करारों पर दस्तखत हो चुके हैं जिससे इसी वर्ष 2020 के अंदर सहारा की परेशानियाँ सुलझेंगी।

इस पृष्ठभूमि में हमें बिना भ्रम एवं भ्रान्ति के आपका साथ चाहिए। आपने हमेशा हमारा साथ दिया है और मुझे पूरा विश्वास है कि हमें आपका यह अपनत्वपूर्ण बहुमूल्य साथ इस वर्ष यानी 2020 में भी अवश्य ही प्राप्त होगा।

### सहारा का ₹22,000 करोड़ :

अब तक सहारा-सेबी खाते में मय ब्याज हमारे लगभग **₹22,000 करोड़** जमा हो चुके हैं। जबकि सेबी 4 बार 154 अखबारों के ज़रिए देश भर में विज्ञापन देने के बावजूद केवल **₹106.10 करोड़** ही सम्मानित निवेशकों को भुगतान स्वरूप दे पायी है। चौथे विज्ञापन में सेबी ने साफ-साफ लिख दिया है कि इसके बाद वह किसी भी दावे पर विचार नहीं करेगा। यह अन्तिम विज्ञापन करीब एक साल पहले आया था, यानी कि अब कोई भी भुगतान बाकी नहीं रह गया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सत्यापन के बाद **₹22,000 करोड़** की यह रकम सहारा में ही लौट आयेगी।

### हम अडिग हैं :

यह बात बिल्कुल सही है कि विगत कुछ वर्षों से हम विपरीत परिस्थितियों के कारण कुछ जगहों पर अपने समयबद्ध भुगतान की स्थापित परम्परा को पूर्ण रूप से कायम रखने में उस स्तर पर सफल नहीं हो पाए हैं, परन्तु भुगतान की वचनबद्धता के प्रति हम आज भी अडिग हैं और यदि एक दिन भी भुगतान में विलम्ब होता है तो विलम्बित अवधि के ब्याज के साथ हम अपने निवेशकर्ताओं को पूर्ण भुगतान दे रहे हैं।

आप निवेशकर्ता साथियों का हित हमारे लिए सदैव सर्वोपरि रहा है और हमेशा रहेगा।

### भ्रामक प्रचारों से बचें :

आपसे मेरी गुज़ारिश है कि भ्रामक प्रचारित बातों से आप कतई विचलित न हों और धैर्य रखें। आपको आपका निवेशित धन पूरे ब्याज सहित प्राप्त होगा। जो विलम्ब हो रहा है उसे आप यह मानकर चलें कि आपने अपना धन थोड़े अधिक समय हेतु निवेशित कर रखा है जिस पर मूलधन के साथ अधिक ब्याज भी अर्जित हो रहा है। आगे आप देखेंगे कि हम इन विपरीत परिस्थितियों से उबरते हुए इस वर्ष के अंदर आप सभी को पूर्व की भाँति और उससे भी बेहतर लाभ एवं सेवा प्रदान करना शुरू कर देंगे।

### आप पूर्णतया सुरक्षित हैं :

मैं पुनः आपको आश्वस्त करता हूँ कि आपका धन पूरी तरह सुरक्षित है और आपको किसी भी तरह की कोई क्षति नहीं होगी। आपने हमेशा ही हमारा साथ दिया है और आज भी आपके साथ की ज़रूरत है। आपसे अनुरोध है कि आप सदैव हम पर भरोसा बनाये रखें।

सम्मान और शुभकामनाओं सहित।
आपके भावनात्मक साथ का आकांक्षी

**हमेशा आपका**

**सुब्रत रॉय सहारा**

सहारा इंडिया परिवार

CHHABI202001-11/CORP-HI


रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 37, अंक 79, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।



www.readwhere.com